## एक्सप्रेस खबरें...

### गेहूं पिसाई मशीन की बेल्टों में हाथ फंसा, दो उंगली कटी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राहिया में आटा पीसने वाली मशीन की चपेट में आने से युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शहर के ग्राम रहिया निवासी शिवम कुमार 27 वर्ष पुत्र रमेश बाथम रविवार की दोपर गांव में चल रही गेहूं की पिसाई करने वाली मशीन की बेल्टों को खींचने लगा। इसी दौरान उसकी दो उंगली बेल्टों में फंसकर कट गई। जिसके चलते वह घायल हो गया। घटना से वहां अफरातफरी मच गई और मौजूद लोगों ने उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार चल रहा है।

### कन्फेक्शनरी की दुकान में घुसे चोर सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन नगर के देवनगर चौराहे पर स्थित अमूल पार्लर व कन्फेक्शनरी की दुकान से चोर नगदी व कुछ कन्फेक्शनरी का सामना समेटकर फरार हो गए। चोरों की सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और पुलिस ने शातिर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बैठगंज निवासी देवांशु अग्रवाल का देवनगर चौराहे पर अमूल पार्लर व कन्फेक्शनरी की दुकान है। उन्होंने बताया कि शनिवार की रात करीब 10 बजे वह दुकान बंदकर घर चले गए। रात में अज्ञात चोर दुकान के पीछे एक्जास्ट लगाने के स्थान पर ईंटों को हटाकर दुकान के अंदर घुस गए। दुकान में घुसे चोरों ने दुकान की गोलक में रखे लगभग 12 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। साथ ही कन्फैक्शनरी की कुछ सामान भी चोरी कर लिया। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो गोलक खाली थी और पीछे दीवार की ईटें हटी हुई थी। जिसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरे को देखा तो चोर दुकान के अंदर दिखाई दिया। दुकानदार की सूचना पर चौकी पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गिरकर घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना के ग्राम पुर विनोरा निवासी विमल किशोर 21 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार बाइक से कांग्रेस दफ्तर के पास कुछ सामान लेकर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसके चलते वह जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। घायल ने बताया की टक्कर मारने वाला बाइक सवार मय बाइक के मौके से भाग गया।

### गरीब किसान के आशियाने में लगी आग, हजारों रुपए की ग्रहस्थी तबाह

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जैसुखपुर में गरीब के आशियाने में आग लग गई। साथ ही घर में रखा हजारों रुपए का सामान जलकर तबाह हो गया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जैसुखपुर निवासी हरि प्रकाश पुत्र डालचंद्र के कच्चे घर में अचानक आग लग गई। जिससे उसकी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। बताया जाता कि उक्त व्यक्ति की पत्नी घर पर नही थी। घर पर 16 साल की बेटी प्रियदर्शनी ने रात खाना बनाया और चूल्हे की आग को बगैर शान्त किए वह लेट गई और सो गई। चूल्हे से निकली चिंगारी ने उसके छप्पर को अपनी आगोश में लिया और देखते ही देखते वह एक कच्चे घर तक फैल गई। जब तक ग्रहस्वामी जाग पाए तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिए और उसने कच्चे घर को अपनी आगोश में ले लिया।जिससे उसके घर मे रखा 3 क्विंटल गेहूं, 50 किलो चावल, 20 किलो दाल, 10 किलो सरसो का तेल, रजाई, गद्दे सहित अन्य गृहस्थी का सारा सामान जल गया। ग्रामीण ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक किसान का सारा सामान जलकर तबाह हो गया। बताया गया कि किसान गरीब है और गृहस्थी जल जाने से करीब 50 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। वही इस विषय मे एसडीएम सुशील कुमार का कहना है कि लेखपाल को भेजकर जांच करवाई जाएगी और जो भी सरकारी मदद अनुमन्य होगी वह किसान को दिलवाई जाएगी।

# पुलिस अधिकारियों को दिया गया महाकुंभ मेले का प्रशिक्षण



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर पुलिस अधीक्षक ने महाकुंभ 2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए रविवार को जनपद में रिजर्व किये गये पुलिस अधिकारियों व कर्मचारीगण को साफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन चित्रकूट के कान्हा सभागार में जनपद में नियुक्त रिजर्व पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को महाकुंभ 2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए साफ्ट स्किल का प्रशिक्षण दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व किये गये पुलिसकर्मियों को मेला के दौरान श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों व वृद्ध श्रद्धालुओं, विदेशियों एवं अन्य भाषी तीर्थयात्रियों से आचरण व संवाद, मीडिया कर्मियों/पत्रकारों से संवाद, मेले के दौरान आए हुए साधु-संतो के संग आचरण व संवाद, तनाव प्रबन्धन, जेंडर सेन्सटाईजेशन, मेले के दौरान विषम परिस्थितियों से शान्तिपूर्ण तरीके से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया गया। अपर एसपी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को बिन्दुवार सभी बिन्दु को समझाकर बताया तथा महाकुंभ को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

इस मौके पर राजापुर क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, रिजर्व पुलिस बल के नामित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर लगने से महिला घायल, सूचना पर पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस । उरई**

विवादित जगह के विवाद में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पड़ोसी महिला घायल हो गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलती ही पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

रेढ़र थाना क्षेत्र के कुठौंदा निवासी ममता देवी शाक्यवार पड़ोसी मोहित जाटव से जगह को लेकर रविवार सुबह कहासुनी होने लगी। वाद विवाद के बाद गाली गलौज होने लगी। ममता देवी विवादित जगह पर बैठ गई, विवादित जगह से अलग न होने पर मोहित जाटव ट्रैक्टर से जोतने लगा। जिससे ममता देवी को टक्कर लग गई। जिससे वह घायल हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। पेट व सीने में गहरी चोट के चलते डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेढ़र एसएचओ नीलम सिंह का कहना है कि अभी तक तहरीर नही आई हैं। जानकारी मिल गई थी, पुलिस को मौके पर भेज दिया गया हैं।

## ग्राम चैपाल में चकबंदी सम्बन्धी समस्याओं का होगा निराकरण- राजेश प्रसाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान किसानों को होने वाली समस्याओं एवं उनकी शिकायतों को सुनने के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी राजेश प्रसाद ने राजापुर तहसील के नहरा और कौडर गांव में ग्राम चैपाल का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय किसानों की समस्याएं सुनी गईं।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश सभी विभागों को दिए गए है। खासतौर से चकबन्दी प्रक्रिया को निष्पक्षता और पारदर्शितापूर्वक गति प्रदान करने के लिए डीएम ने ग्राम चैपाल का आयोजन कराने को कहा है। जिसमें लम्बे अर्से से चकबन्दी के लिए चयनित गांवों में सुस्त पड़ी प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी राजेश प्रसाद ने राजापुर तहसील क्षेत्र के नहरा और कौडर गांव में चैपाल लगाकर चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले के 56 गांवों में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है। चकबन्दी का उद्देश्य गांव के किसानों को सुविधाएं प्रदान करना है। जिससे अलग-अलग टुकड़ों में बंटे किसानों के खेतों को उनके हक के अनुरूप एक ही स्थान पर कर दिया जाता है। इसके अलावा आवागमन के लिए चकरोड़ और नाली की व्यवस्था भी हो जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान यदि किसी किसान को कोई समस्या हो या शिकायत हो, तो वह चैपाल में बता सकते है। इसके अलावा जिला मुख्यालय में आकर भी इसकी जानकारी उन्हें दी जा सकती है। जिससे चकबन्दी प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सके।

चैपाल में चकबंदी अधिकारी धीरेन्द्र शुक्ला, श्यामलाल, सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव समेत ग्राम प्रधान व किसान आदि मौजूद रहे।

# ब्लैकमेल कर आत्महत्या को मजबूर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉलिंग से अश्लील वीडियों बनाकर ब्लैक मेल कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षण उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 14 अक्टूबर को गंगा प्रसाद पुत्र रामदास निवासी स्टेशन रोड गांधीगंज कोतवाली कर्वी ने पर सूचना दी कि बीती 11 अक्टूबर को उसके भाई राकेश केशरवानी के मोबाइल पर कई बार एक अज्ञात नंबर से फोन आया



तथा उसी नंबर से अश्लील वीडियों बनाकर मोबाइल पर भेजकर लगातार पैसे की मांग की जा रही थी। जिससे उसके भाई राकेश केशरवानी ने 61,500 रुपये ब्लैकमेलर के फोन पे पर भेजा था। इसके बावजूद भी ब्लैकमेलर ने खुद को पुलिस का अधिकारी बताकर कई बार ब्लैकमेल किया। जिससे आहत होकर उसके भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया। इस मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में एक आरोपी सरफराज खान निवासी अकाता थाना कामा जिला डींग राजस्थान को जेल भेजा जा चुका है तथा रविवार को इस मामले से सम्बन्धित दूसरे आरोपी शहजाद अहमद निवासी खिल्लुका थाना हथीन जनपद पलवल राज्य हरियाणा को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली कर्वी के अपराध निरीक्षक लाखन सिंह, उपनिरीक्षक अंशुल कुमार व मुख्य आरक्षी साकिर हुसैन शामिल रहे।

# धूमधाम से हुआ चित्रकूट चैलेंज कप का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2024 का उद्घाटन समारोह रविवार को सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय खेल प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने प्रयागराज एवं रीवा की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रीवा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पुष्पेंद्र के 35 एवं मनीष के 25 रनों के योगदान से 147 रन 8 विकेट होकर बनाए। प्रयागराज के अमन को तीन विकेट मिले। 148 रन के लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी प्रयागराज की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट होकर 124 रन ही बना सकी। इस प्रकार रीवा की टीम ने 23 रनों से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रीवा की जीत में 14 रन देकर प्रयागराज के चार खिलाड़ियों को आउट करने वाले शुभम गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर शिवाकांत द्विवेदी, रोशन सेन, कमेंटेटर सर्वेश निगम व स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय भरत मिश्रा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर चंद्र पांडेय, निदेशक सद्गुरु सेवा संघ के ट्रस्टी डॉ बी के जैन, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्र प्रकाश खरे, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा दिव्या त्रिपाठी, भाजपा नेत्री राजेश्वरी द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश गौतम, प्रशासनिक अधिकारी दीनदयाल शोध संस्थान अनिल जायसवाल, प्रभारी शैक्षिक संस्थान कालिका प्रसाद श्रीवास्तव, प्राचार्य सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय मदन तिवारी, दीनदयाल संस्थान के प्रकल्प प्रमुख अशोक पाण्डेय, आरोग्यधाम के डॉ वरुण आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के तीन मंडल अध्यक्षों ने किए नामांकन



**जन एक्सप्रेस । उरई**

भारतीय जनता पार्टी से जिले के 19 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के चुनाव के संबंध में शनिवार व रविवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें से तीन मंडल अध्यक्षों ने रविवार को नामांकन किए। जिसमें इटौरा मंडल में रविवार को हुए नामांकन प्रक्रिया में आठ नामांकन चुनाव अधिकारी आशीष मिश्रा चमारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इसी प्रकार कालपी मंडल के चुनाव अधिकारी अरविंद चौहान और कदौरा मंडल के चुनाव अधिकारी रामजी राजावत के समक्ष भी आधा दर्जन से अधिक लोगों ने नामांकन दाखिल किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने बताया कि इस बार मंडल अध्यक्ष में महिला भी शामिल रहेगी। विधानसभा बार आरक्षण को ध्यान में रखते हुए ओबीसी एवं एससी वर्ग के मंडल अध्यक्ष बनाए जाएंगे। प्रत्येक मंडल में लगभग 10 से 15 नामांकन भरे गए। मंडल अध्यक्ष पद के लिए अब इन नमो से 5 लोगों का पैनल बनाकर क्षेत्रीय कार्यालय भेज दिया जाएगा। इसके उपरांत प्रदेश स्तर से मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। सभी मंडल चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी ने मंडल में चुनाव संपन्न कराया।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए व्यापार की राह चुने: सुविधा इटोरिया

**जन एक्सप्रेस । उरई**

इनर व्हील स्वर्ण क्लब की महिला स्वावलंबन की ओर एक पहल स्वावलंबी महिला मेला का आयोजन गहोई धर्मशाला में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरोज पाठक अध्यक्ष इनर व्हील क्लब कन्नौज व विशिष्ट अतिथि बीनू दुबे ने कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। रविवार को इनर व्हील स्वर्णिम क्लब की एक पहल पर नगर की ऐसी महिलाएं जो अपने घर पर अपने स्वयं से हस्त निर्मित सामग्री बनाकर आनलाइन व्यवसाय कर रही हैं ऐसी महिलाओं को एक स्थान पर बुलाकर मेले का आयोजन किया गया। इसमें हस्त निर्मित सामग्री में ज्वैलरी शाप, क्राकरी शाप, ऊनी कपड़े, हाथ से बने घरेलू उपयोग की वस्तुएं, हर्बल ब्यूटी प्रोडक्ट, भगवान की पोशाक, गोबर से निर्मित सामान, मोबाइल स्टैंड, दीपक आदि की दुकानें लगाई गई। मुख्य अतिथि ने



सभी स्वावलंबी महिलाओं को प्रोत्साहित किया। मनपसंद खेल आदि सामग्री खरीदी व स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। महिलाओं के मनोरंजन गेम व खेलों का भी आवेदन किया गया था। साथ में महिला की सदस्यों द्वारा निश्शुल्क मेहंदी लगाने का स्टाल लगाया गया था। अध्यक्ष सुविधा इटोरिया, पुष्पा अग्रवाल, सचिव नूपुर कौशिक ने संयुक्त रूप से सभी को इस आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमेशा ही महिलाओं के स्वावलंबन के लिए कार्य किए जाते रहेंगे। महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए व्यापार की राह चुननी चाहिए। सुमन गुप्ता ने साड़ी, मीनू बंसल ने घरेलू सामान, रश्मि गोयल ने सूट, श्रद्धा गुप्ता ने हर्बल कास्मेटिक, नीलू ने पूजन सामग्री सहित कई स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान पुष्पा अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, उर्वशी गुर्जर, अनीता पाठक, निष्ठा द्विवेदी, रंजन गुर्जर, निहारिका सिंह सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

# अन्ना जानवरों से परेशान किसान ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बांदा जिले के पैलानी थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव में एक किसान ने अन्ना जानवरों द्वारा फसल बर्बाद कर दिए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। किसान की पहचान सुल्तान सिंह के रूप में हुई है, जिन्होंने अपनी मेहनत से तैयार फसल को बर्बाद होते देख फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बताया कि सुल्तान सिंह ने बेटी की शादी के लिए बैंक से लोन लिया था और उनकी फसल ही वह एकमात्र साधन थी जिससे कर्ज चुकाया जा सकता था। फसल बर्बाद होने से वे गहरे सदमे में थे।

सुल्तान सिंह की आत्महत्या ने उनके परिवार पर गहरा असर डाला है। दुखद बात यह है कि 2015 में सुल्तान सिंह के पिता की भी फसल बर्बादी के चलते सदमे से मौत हो गई थी। परिवार का आरोप है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से अन्ना जानवरों की समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सुल्तान सिंह की आत्महत्या ने सरकार के छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार छुट्टा पशुओं से निपटने के लिए गोशालाओं और अन्य उपायों का दावा करती रही है, लेकिन किसानों को अभी भी राहत नहीं मिल पा रही है। परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद अन्ना जानवरों से उन्हें कोई राहत नहीं मिली। सुल्तान सिंह की आत्महत्या ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अन्ना जानवरों की समस्या से जूझते किसान अब हताशा में अपनी जान तक गंवा रहे हैं। प्रशासन और सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है ताकि किसानों की मेहनत और जिंदगी दोनों सुरक्षित रहें।

# बूथ अध्यक्षों के सम्मान में सारथी बने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल

**जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन**

भाजपा के बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सारथी बनकर रथ को चलाया। इसके साथ ही तिलक कर व पगड़ी पहनाकर बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। भाजपा संगठन पर्व 2024 के बूथ अध्यक्ष निर्वाचन में नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष के सम्मान समारोह में कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बूथ अध्यक्षों को सबसे पहले तिलक लगाकर व पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। इसके बाद बूथ अध्यक्षों को सम्मान के साथ बग्घी में बैठाकर खुद उनके सारथी बने। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की प्राथमिक इकाई बूथ अध्यक्ष ही हैं। इन्हीं से संगठन को अपनी बात आम जन तक पहुंचाने का अवसर



मिलता है। साथ ही विभिन्न समस्याओं से ही बूथ अध्यक्ष संगठन को अवगत कराते हैं ताकि उनका निराकरण किया जा सके। इसलिए उनकी जिम्मेदारी बहुत अहम है। उनका सम्मान करना भी गर्व की बात है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा मनोज राजपूत, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, प्रदीप कुमार, आलोक भदौरिया, पवन श्रीवास्तव, अनेकांत श्रीवास्तव, संजय सेंगर, भरत भदौरिया, कमलापति कुशवाहा, नागेंद्र गुप्ता, मनोज राजपूत, मनोज पालीवाल, रामू गुप्ता, आशु चतुर्वेदी, छोटे सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# पाक कला प्रतियोगिता में नीलम और सविता ने हासिल किया अव्वल स्थान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं निदेशक मध्यान भोजन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार जनपद स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन पूर्व माध्यमिक विद्यालय कर्वी में किया गया। जिसमें रामनगर, चित्रकूट, मऊ, मानिकपुर, पहाड़ी तथा नगर क्षेत्र की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व सरस्वती वंदना कर किया गया।

प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक से पांच चयनित रसोइया सम्मिलित हुई। जिन्होंने मध्यान भोजन प्राधिकरण की ओर से निर्धारित मीनू के अनुसार ही भोजन तैयार किया। जिसका मूल्यांकन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गठित निर्णायक मंडल ने किया। निर्णायक मंडल में शामिल जिला खाद एवं सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि सनत कुमार द्विवेदी, प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलिज गरिमा सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि




अत्रि प्रकाश त्रिपाठी आदि ने प्रत्येक रसोइयों के पास जाकर खाना बनाने से लेकर, गैस के उपयोग, गुणवत्ता व साफ-सफाई आदि का मूल्यांकन किया तथा भोजन करके पांच विषयों पर गुणवत्ता परखी। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय कछार पुरवा के 20 छात्र-छात्राओं ने भी भोजन का स्वाद लेकर गुणवत्ता की परख की। इसके बाद अंतिम परिणाम दिया गया। भोजन की परख करने वाले समस्त बच्चों को पुरस्कार स्वरूप स्वेटर दिए गए। रसोईया पाक कला प्रतियोगिता के परिणाम में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा की नीलम देवी प्रथम, पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा की सविता देवी द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय करही क्षेत्र मऊ की संगीता देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली प्रतिभगियों को क्रमशः 3500, 2500 तथा 1500 रु की धनराशि उनके खाते में स्थानांतरित की जाएगी। इसके अलावा समस्त प्रतिभागी रसोइयों को 300 रुपए आवागमन व्यय तथा 300 रु सांत्वना पुरस्कार के रुप में प्रत्येक के खाते में स्थानांतरित किए जाएंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को बीमारियों से दूर रहने के तरीकों, खाने-पीने की वस्तुओं में शुद्धता एवं गुणवत्ता का परीक्षण करने व गैस सिलेंडर के उपयोग तथा अचानक आग लगने पर उससे बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सिंह ने किया। इस मौके पर ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा, दानिश, राज द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, विद्यासागर सिंह, संतोष कुमारी, इंद्रेश श्रीवास्तव, शाहिद आदि मौजूद रहे।



**नोएडा के पूर्व ओएसडी रविन्द्र सिंह यादव के...**

आय से अधिक संपत्ति के मामले में नोएडा विकास प्राधिकरण के निलंबित विशेष कार्याधिकारी रविंद्र सिंह यादव के इटावा और नोएडा स्थित आवास पर सतर्कता अधिष्ठान द्वारा जांच के लिए छापेमारी किया है। जांच के लिए मेरठ सेक्टर द्वारा कार्यवाही किया गया है। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी में ठंड का 20 साल का रिकॉर्ड टूटा

- ओडिशा में तापमान माइनस 10 डिग्री, एमपी-राजस्थान के 4 शहरों में तापमान 2 डिग्री से नीचे
- इस सीजन सबसे सर्द रात, पारा 2.5 डिग्री पहुंचा, चित्रकूट में ठंड से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ/नई दिल्ली**

उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश में 20 साल बाद दिसंबर के दूसरे ही हफ्ते में कोल्डवेव चल रही है। अमूमन यहां तीसरे या चौथे हफ्ते में शीतलहर चलती है। तेज सर्दी के कारण शनिवार को चित्रकूट के एक किसान की मौत हो गई। ओडिशा में भी ठंड और कोल्डवेव के कारण मयूरभंज में तापमान -10 डिग्री तक पहुंच गया। यहां पेड़ के पत्तों पर ओस की बूंद जमने लगी है। मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल में 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में भी रात का पारा 4 डिग्री से कम पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा- दिसंबर में 10 साल में दूसरी बार इतना कम पारा दर्ज किया गया। राजस्थान में 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। एमपी और राजस्थान के कुल 15 शहरों में शनिवार को तापमान 4 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में 2-3 दिन तक ठंड का दौर जारी रहेगा। रविवार को बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्डवेव का अलर्ट है। पंजाब और एमपी में सीवियर कोल्डवेव की चेतावनी जारी की गई है।



### जम्मू-कश्मीर के जोजिला में तापमान माइनस 22 डिग्री

जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस में बना हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि बर्फबारी के कारण यहां न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। जोजिला में टेम्परेचर माइनस 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, श्रीनगर में माइनस 3.4 डिग्री, पहलगाम में माइनस 4.0 डिग्री, गुलमर्ग में माइनस 3.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### राजस्थान में राज्य में बर्फ जमा देने वाली सर्दी बरकरार

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से राजस्थान में बर्फ जमा देने वाली सर्दी बरकरार है। सीकर के पास फतेहपुर में पारा माइनस में चला गया। फतेहपुर में आज सुबह -2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। शहर के उदयसरी रोड पर खेतों की बाड़ पर ओस की बूंदें जम गईं।

### अगले 3 दिन कैसा रहेगा मौसम

**16 दिसंबर** 4 राज्यों में कोहरा, तमिलनाडु में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश तमिलनाडु, पुडुचेरी में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी। इन राज्यों में बिजली गिरने का भी अनुमान है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिम बंगाल के तटों के आसपास 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

**17 दिसंबर** 4 राज्यों में बारिश, हरियाणा-यूपी में घना कोहरा, तमिलनाडु, पुडुचेरी में 12 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट है। इन राज्यों में विजिबिलिटी भी घट सकती है। राजस्थान में कोल्डवेव का अलर्ट है। यहां कई शहरों में तापमान 5 डिग्री के नीचे रहने की उम्मीद है।

**18 दिसंबर** 5 राज्यों में बारिश, राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के अलावा केरल में बिजली गिरने के साथ बारिश के आसार हैं। राजस्थान के कुछ इलाकों में लगातार दूसरे दिन शीतलहर चलेगी। तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भी ठंड बढ़ सकती है। यहां तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है।

### यूपी के चित्रकूट में पारा 4 डिग्री, यूपी में 15 जिलों में घना कोहरा,13 में शीतलहर का अलर्ट

यूपी में शीतलहर से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बीती रात अयोध्या में पारा 2.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन यूपी में सबसे ठंड रात है। मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में कोल्डवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी महज 160 मीटर रह गई है। 25-30 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चल रही सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। चित्रकूट के मऊ थाना क्षेत्र के अहिरी गांव में शनिवार सुबह ठंड से किसान छेदीलाल (48) की मौत हो गई। वह सिंचाई करने खेत गए थे। मौसम विभाग के शनिवार शाम के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 में चित्रकूट का पारा 4 डिग्री और लखनऊ का 6.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। गोरखपुर चिड़ियाघर में जानवरों का डाइट चार्ट बदल दिया गया। जानवरों के लिए गर्म पानी, ब्लोअर और बिस्तर का इंतजाम किया गया है। शेरों को जहां अधिक खाना दिया जा रहा है। वहीं, सांपों को कम दिया जा रहा है। कानपुर के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि दिसंबर में आमतौर पर शीतलहर तीसरे या चौथे सप्ताह में आती है। लेकिन, इस सीजन में इसकी शुरुआत दूसरे सप्ताह से ही हो गई है। ऐसा करीब 20 साल बाद हुआ है। ऐसे में सर्दी के दिनों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल, लगातार पश्चिमी विक्षोभ लगे हुए हैं, जिससे सर्दी बढ़ेगी।

### मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने के 3 कारण

पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर 278 किमी प्रतिघंटा की गति से तेज ठंडी हवाएं चल रही हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से बर्फ पिघल रही है। जिससे उत्तर और मध्य भारत के इलाकों में ठंड बढ़ रही है। पाकिस्तान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी हो रही है।

### भोपाल-इंदौर समेत 36 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। 17-18 दिसंबर से ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। इससे पहले पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। शनिवार को प्रदेश के आधे हिस्से में सर्द हवाएं चलीं। वहीं, रविवार को भोपाल, इंदौर समेत 36 जिलों में शीतलहर, कोल्ड डे का अलर्ट है।

## सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का होता है समाधान: सीएम योगी

**प्रदेश में सोमवार से शीतकालीन सत्र की शुरू होगी कार्यवाही, सीएम ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों से मांगा सहयोग**



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- विधानसभा अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में सीएम योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा।

### सदन के संचालन में न हो कोई बाधा, सभी रखें इसका ध्यान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए।

### यह रहे सर्वदलीय बैठक में उपस्थित

इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा मोना, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## महराजगंज और बहराइच ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में मारी बाजी

**सीएम डैश बोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज ने पहला तो बहराइच ने प्राप्त किया दूसरा स्थान**

- सीएम डैशबोर्ड की ओर से सरकार के विकास कार्यों, राजस्व मामलों के निस्तारण और सरकार की योजनाओं का लाभ देने की रिपोर्ट हर माह की जाती है जारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने एवं राजस्व के मामलों के निपटारे को लेकर हमेशा गंभीर रहती है। यही वजह है कि प्रदेश में विकास कार्यों के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ ससमय पूरे हो रहे हैं। इसके अलावा राजस्व के मामलों को भी तेजी से निस्तारित किया जा रहा है। इसकी मॉनीटरिंग सीएम डैशबोर्ड द्वारा की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निपटारे में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बहराइच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को तेज रफ्तार से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके साथ सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर राजस्व के मामलों का खास कर 5 साल पुराने मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि महराजगंज ने योगी सरकार के विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में नवंबर माह में पूरे प्रदेश में 89.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने बताया कि पिछले पांच माह से महराजगंज सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपना स्थान बनाए हुए है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच ने 89.10 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि बहराइच लगातार प्रशासनिक सुधारों और योगी सरकार की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने के लिए तेजी से काम कर रहा है। राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण, किसानों और छोटे व्यापारियों को सहूलियत देने के प्रयासों ने बहराइच को यह स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

### हमीरपुर ने तीसरा तो अम्बेडकर नगर ने प्राप्त किया चौथा स्थान

इसी तरह हमीरपुर ने 88.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा, अम्बेडकर नगर ने 88.30 प्रतिशत अंक और बुलंदशहर ने 88.30 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। वहीं कुशीनगर ने 88.20 प्रतिशत अंक हासिल कर छठा, संभल ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवां, शामली ने 87.80 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां, बस्ती ने 87.70 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवा और बांदा ने 87.10 प्रतिशत अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के विकास कार्यों, सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने एवं राजस्व के मामलों के निस्तारण की मॉनीटरिंग करने के लिए सीएम डैशबोर्ड की स्थापना की थी। इसी के तहत सीएम डैशबोर्ड की ओर से हर माह प्रदेश के सभी 75 जिलों की रिपोर्ट जारी की जाती है। इस रिपोर्ट को आंकलन योगी सरकार द्वारा तय किये गये 10 पूर्णांक और प्रतिशत के अनुसार जारी किया जाता है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राजस्व विभाग की कई योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू की जा रही हैं। इसमें खासकर किसानों की भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण और गरीबों को सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना आदि शामिल है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### किसानो की मांग जायज, सरकार को मान लेनी चाहिए: रालोद

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रालोद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह के विचारों ओ रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान करते हुए कहा है कि से चौधरी साहब के जन्मदिवस 23 दिसम्बर तक उनके अनुयायियों को रालोद से जोड़ने का अभियान शुरू किया गया है इस अभियान में बड़ी संख्या में से चौधरी साहब के अनुयाई रालोद से जुड़ेंगे ।श्री दुबे आज लखनऊ उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज में रालोद के सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सत्य प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में सैकड़ों साथियों अधिवक्ताओं महिलाओं को रालोद की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने आंदोलन कर रहे किसानों की मांगो को जायज ठहराते हुए कहा है कि सरकार किसानो से बातचीत करके उनकी मांगो का समाधान निकाले। प्रजातंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, किसान अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं और सरकार को उनकी जायज सभी मांगें मान लेनी चाहिए। किसान आंदोलन के समय किसानो से हुई वार्ता में किसानो की मांगे मानने का आश्वाशन दिया गया था जिसे अब पूरा करने का वक़्त आ गया है।

### बकाया बिजली बिल रिकवरी पर एजेंट पायेंगे 10 फीसदी प्रोत्साहन राशि

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** केंद्र सरकार के साथ ही उत्तर प्रदेश समेत तमाम राज्य अपने नागरिकों के लिए समय-समय पर नई-नई योनजाएं लेकर आती है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल बिजली बिल वसूली के लिए एक अनोखा प्लान लेकर आया है ।योगी सरकार की इस योजना के तहत बिजली बिल बकायदारों से वसूली पर विद्युत सखी, मीटर रीडर, जनसेवा केंद्र अधिकृत एजेंटों को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है। यह राशि बिजली बिल बकायदारों द्वारा मिलने वाली छूट से काटकर डायरेक्ट एजेंटों के अकाउंट में भेज दी जाएगी ।मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड यानी एमवीवीएनएल के 19 जिलों में 9,235 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है, जिस पर लेट फीस सरचार्ज 6,500 करोड़ रुपए से ज्यादा बन रहा है ।बिजली विभाग इस योजना के माध्यम से बकाया वसूली के साथ ही एजेंटों को प्रोत्साहन देकर ज्यादा एक्टिव बनाने का प्रयास कर रही है। इस योजना के तहत बिजली विभाग ने बकाया बिल वसूली प्रक्रिया को ज्यादा सरल प्रभावी बनाने का टारगेट रखा है। एजेंटों को दस प्रतिशत तक की प्रोत्साहन राशि कमाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। विभाग की तरफ से यह प्रोत्साहन राशि बिजली बिल बकायदारों को बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने के एवज में दी जाएगी।

### सरदार पटेल ने रखी रियासतों का विलय कर मजबूत भारत की नींव-अजय

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी ।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों का एकीकरण कर देश के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी।

## गौशाला में भूख और ठंड से तड़प-तड़प रहीं गाय, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले बीकेटी ब्लॉक, मलिहाबाद ब्लाक,माल व मलिहाबाद ब्लाक, मोहनलालगंज ब्लाक, काकोरी, ब्लाक, चिनहट ब्लाक इन क्षेत्रों में पड़ने वाली गौशालाओं में गाय बछड़े परेशान है, इलाज का अभाव एवं बढ़ रही सर्दी ठंड के कारण गौवंश परेशान हैं। वहीं जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला आश्रय केंद्र बने हुए हैं कभी कभार खबरें भी आती है कि गौशालाओं में गायों गौवंश की मौत हो गई है, लेकिन ब्लॉक अधिकारी से लेकर सचिव व प्रधान मामले में लीपा पोती कर दबा दिया जाता है। वहीं गौशालाओं में बेजुबान गायों के मरने का सिलसिला जारी है। बीकेटी ब्लाक क्षेत्र के पालपुर, सूरजपुर गढ़ा, चक्र पृथ्वीपुर, किशुनपुर, ग्रामीणों ने बताया कि भूख प्यास और कंपकपाती सर्दी ठंड से गौशालाओं में परेशानी झेल रही है। वहीं माल ब्लाक के मडवाना अन्य गौशालाओं में कोई सही व्यवस्था नहीं है और भीषण सर्दी ठंड में गौवंश खुले में रहते हैं, एक टीन सेट के नीचे सभी गाय नहीं आ पाती हैं, जिसके कारण पड़ रहीं ओस और सर्दी ठंड में गोवंश खुले आसमान के नीचे भी रहते दिखाई पड़ते हैं। वहीं गौशालाओं में सर्दी से बचने के लिए अभी तक गायों के लिए काऊ कोट की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन सुन नहीं रहा है। जिसकी वजह से लगातार बढ़ रही सर्दी ठंड में गायों की मौत गौशालाओं में हो रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लोग गौशालाओं की एक-एक कर सच बतातें है, ग्रामीण बताते हैं कि आये दिन गायों की मौत गौशाला में होती है और यहां पशु चिकित्सक, प्रशासन व प्रधानों और सचिवों लापरवाही के चलते भूख और प्यास से तड़प- तड़पकर बेजुबान गाय दम तोड़ रही है।

## भारत के शिल्पी थे लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने लौहपुरुष की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में की शिरकत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था, 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ,उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने न केवल देश के एकीकरण के अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया, यह जो भारत आप देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि उन्हीं की सोच, प्रयास व परिश्रम है। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया, गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई, इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए. सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया, उनके नेतृत्व में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ, उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है,वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा। वहीं सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी. सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है. उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक शशांक वर्मा, अमरेश कुमार, आशीष सिंह %आशु%, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, इंजी. अवनीश कुमार सिंह, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, आयोजन समिति की अध्यक्ष राजेश्वरी देवी वर्मा, डीएम कटियार, दिनेश सचान, डॉ. इंद्रेश्वर वर्मा आदि मौजूद रहें।

## महाकुंभ 2025: योगी सरकार के दिव्य, भव्य, स्वच्छ और नव्य कुम्भ के मुरीद हुए विदेश से आए संत

- जापान, स्पेन और नेपाल से आए विदेशी संतों को रास आ रहा है सनातन संस्कृति का महापर्व महाकुम्भ
- सरकार के अतिथि देवो भव- के संस्कार से भाव विभोर है आगंतुक, व्यवस्थित आयोजन पर हर्षित है मेहमान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन के पहले महाकुम्भ नगर में देश के कोने कोने से आए साधुओं के अलावा विदेश से भी साधु संतों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुम्भ छावनी प्रवेश यात्रा की परंपरा में महाकुंभ पहुंचे इन विदेशी साधु संतों को भी महाकुम्भ की नव्य व्यवस्था रास आ रही है। प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन की तिथि जैसे जैसे निकट आ रही है महाकुंभ क्षेत्र के अखाड़ा सेक्टर में साधु संतों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। देश विदेश से साधु संतो की आवक होने लगी है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में शामिल होने आए विदेशी संतों को महाकुम्भ रास आ रहा है। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरी उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता एवं महामंडलेश्वर केको कई जापानी साध्वी के साथ छावनी प्रवेश में शामिल हुईं। उनका कहना है कि जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा से आगामी महाकुंभ के आयोजन का अंदाजा लगने लगा है। एयर कनेक्टिविटी से लेकर ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था अच्छी है। नेपाल से आई महिला संत और जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमा नन्द गिरी का कहना है कि संतों का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। योगी जी की तरफ से जिस तरह भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन का संकल्प लेकर आयोजना की तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार नेपाल सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।

### स्वच्छ और डिजिटल महाकुम्भ से विदेशी संत भी खुश

प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के साथ स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया जा रहा है। विदेशी संत भी इससे खुश हैं। स्पेन से अखाड़ों के विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेने आई जूना अखाड़े की अवधूत अंजना गिरी जिनका पहले नाम एंजिला था का कहना है कि पिछले 30 बरस से वह लगातार महाकुम्भ अपने गुरु के साथ आती रही हैं। लेकिन इस बार महाकुम्भ की अनुभूति अलग है। सैनिटेशन पर फोकस किया गया है जिससे सभी जगह स्वच्छता है । इनफॉर्मेशन भी डिजिटल प्लेटफार्म पर मिल रही हैं जिससे बाहर के देशों से आने वाले श्रद्धालुओं और टूरिस्ट के लिए आसानी हो गई है। फ्रांस से महाकुम्भ में जूना अखाड़े के आयोजन में शामिल होने आए ब्रूनो गिरी कहना है कि महाकुम्भ के आयोजन में वह पहले भी दो बार आए चुके हैं लेकिन इस बार शहर बदला बदला सा लगता है , उत्सव की अनुभूति होती है ।ः

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,65,780 वाद हुए निस्तारित

## जिला जज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय रायबरेली में माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें कुल 1,65,780 वाद निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 5821 वाद निस्तारित हुए।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के सचिव अपर जिला जज अनुपम शौर्य के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार सिंह के द्वारा कुल 1 वाद का निस्तारण किया गया, जिसमें समझौता धनराशि 5,557, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनुपमा गोपाल निगम के द्वारा 23 वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के प्रभारी पीठासीन अधिकारी ध्रुव कुमार तिवारी के द्वारा 60 वाद एवं प्रतिकर धनराशि 3,92,17,000, विशेष न्यायाधीश(एस0सी0ध्एस0टी0एक्ट) श्रीमती प्रतिमा द्वारा 96 वाद व 600 रु का अर्थदण्ड, चतुर्थ अपर जिला जजध्विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट के द्वारा 77 वाद तथा प्रतिकर धनराशि रु0 2,53,11,010 विशेष न्यायाधीश पाक्सो आलोक कुमार सिंह द्वारा 7 वाद एवं रु0 3500 का अर्थदण्ड, अपर जिला जज एफ0टी0सी0-प्रथम विद्याभूषण पाण्डेय के द्वारा 02 वाद एवं रु0 1000 का अर्थदण्ड, अपर जिला जजध्एफ0टी0सी0-द्वितीय सुशील कुमार वर्मा के द्वारा 4 वाद एवं रु0 2500 का अर्थदण्ड, अपर जिला जजध्एफ0टी0सी0-तृतीय विमल त्रिपाठी के द्वारा 4 वाद एवं रु0 2000 का अर्थदण्ड, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह के द्वारा 1562 वाद एवं रु0 2,14,730 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अमोद कंठ के द्वारा 704 वाद एवं रु0 2,10,110 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय प्रभाष कुमार त्रिपाठी के द्वारा 1327 वाद एवं रु0 3,56,500 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय सिद्दीकी साईमा जर्रार आलम के द्वारा 601 वाद एवं रु0 10,660 का अर्थदण्ड,चतुर्थ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा0 विवेक कुमार-द्वितीय के द्वारा 144 वाद एवं रु0 36,100 का अर्थदण्ड, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम चन्द्रमणि मिश्रा के द्वारा 20 वाद, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय रचना सिंह के द्वारा 8 वाद, अपर सिविल जज(वरिष्ठ संवर्ग) नीरज सिंह द्वारा 471 वाद एवं रु0 1,13,920 का अर्थदण्ड, सिविल जज(वरिष्ठ संवर्ग) अनिशा के द्वारा 12 वाद निस्तारित किये गये जिसमें उत्तराधिकार मामलों में समझौता धनराशि रु 1,11,37,403, सिविल जज(कनिष्ठ संवर्ग) खैरुननिशाँ के द्वारा 16 वाद निस्तारित किये गये तथा उत्तराधिकार मामलों में समझौता धनराशि 23,561,54 न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री ज्योति प्रकाश सिंह के द्वारा 175 वाद व अर्थदण्ड रु0 2500, ग्राम न्यायालय तहसील-लालगंज देवेश कुमार यादव के द्वारा 22 वाद, ग्राम न्यायालय तहसील-सलोन अंकित कुमार सिन्हा के द्वारा 54 वाद व अर्थदण्ड रु0 540, ग्राम न्यायालय तहसील-ऊँचाहार मनु गुप्ता के द्वारा 55 वाद व अर्थदण्ड रु0 550, अपर सिविल जज कनिष्ठ संवर्ग प्रथम सुश्री श्रेया सोलंकी के द्वारा 102 वाद व अर्थदण्ड रु0 1620, अपर सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) तृतीय शमवील रिजवान के द्वारा 126 वाद व अर्थदण्ड रु0 1875, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (लघु वाद) एच0एन0 मिश्रा के द्वारा 11 वाद व अर्थदण्ड रु0 3000 निस्तारित कर जमा कराये गये इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मदन लाल निगम द्वारा 14 वाद निस्तारित करते हुए रु0 7,96,273 समझौता धनराशि तय की गयी। जनपद रायबरेली के समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से कुल 1,63,448 वादों का निस्तारण करते हुए कुल समझौता धनराशि रु0 8,77,33,416 (आठ करोड़ सत्तर लाख तेतिस हजार चार सौ सोलह रुपये) तय की गयी इस प्रकार जनपद रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी विभागों द्वारा कुल 1,65,780 मामले तय किये गये, जिसमें अर्थदण्ड रु0 11,60,255 (ग्यारह लाख साठ हजार दो सौ पचपन) अधिरोपित किया गया इस लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ई-चालान के मामले, चेक बाउंस(एन0आई0एक्ट) के मामले तथा वैवाहिक।

# भाजपा के मण्डल अध्यक्ष पद हेतु सात प्रत्याशियों ने किया नामांकन



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

छतोह शनिवार को छतोह विकास खण्ड के सभागार में भारतीय जनता पार्टी छतोह के मण्डल अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हुई। निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार साहू ने संगठन द्वारा जारी निर्देश से सब को अवगत कराया। नियमावली के अंतर्गत कार्यकर्ताओं से नामांकन करने का आह्वान किया
इस नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद हेतु सात प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया। जिला प्रतिनिधि पद के लिए गिरजा शंकर शर्मा ने एकमात्र नामांकन किया। निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष चौतन्य सिंह भदोरिया, प्रदीप कुमार अग्रहरी, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राहुल तिवारी, विष्णु कुमार, राजमणि, वरुण द्विवेदी, गिरजा शंकर शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार साहू के समक्ष प्रस्तुत किया। निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार साहू ने बताया कि निर्धारित अवधि में प्राप्त सभी सात नामांकन पत्र वैध पाए गए जिन्हें पार्टी के जनपदीय कार्यालय में जमा किया जाएगा, वहीं पर निर्णय होगा। इस अवसर पर राम प्रसाद अग्रहरी, उमा शंकर चौरसिया, प्रिंस अग्रहरी, अभय प्रताप सिंह, मदन तिवारी, गिरजेश सिंह उमेश प्रताप, राम कुमार अग्रहरी, राजा राम यादव प्रधान सहित बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# 91वीं सीनियर पुरुष कबड्डी ओपन स्टेट चौंपियनशिप 2024 का फाइनल मैच संपन्न हुआ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




91वीं सीनियर पुरुष कबड्डी ओपन स्टेट चौंपियनशिप 2024 का फाइनल मैच आज मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में संपन्न हुआ उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला कबड्डी एसोसिएशन रायबरेली के सचिव एमएल साहू ने बताया आज फाइनल मैच खेला गया जिसमें विनर के रूप में बनारस रनर गाजीपुर की टीम में रही इस प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया सभी ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाए आज इस फाइनल मैच की मुख्य अतिथि के रूप में जनपद की समाज सेविका व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती सुधा द्विवेदी रही उन्होंने अपने संबोधन में कहा यह कबड्डी प्रतियोगिता इंसान के शरीर को चुस्त दुरुस्त और फिट रखने की प्रतियोगिता है हर इंसान स्वस्थ रहता है अंत में उन्होंने खिलाड़ियों को अपना शुभ स्नेह आशीर्वाद स्वरुप उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर जिला कबड्डी एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष शिव सुंदर शुक्ला जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता विजय शंकर अग्निहोत्री राजकुमार दीक्षित आकर्षन द्विवेदी गौरव अवस्थी समाज सेवक शैलेंद्र अग्निहोत्री हिमांशु तिवारी पिंटू कुमार राजेश श्रीवास्तव वी एन झा शरद शुक्ला गीतिका दिवेदी शाहिद सैकड़ो खेल प्रेमी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल एवं बैजनाथ कुरीलकी पुण्यतिथि तिलक भवन में मनाई गई

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



रायबरेली जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तिलक भवन में भारत रत्न देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री गृहमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि एवं भूतपूर्व मंत्री भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी जनपद के गौरव बैजनाथ कुरील जी की जयंती के अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने तिलक भवन में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बस स्टेशन चौराहा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर एवं सुपरमार्केट स्थित बैजनाथ कुरील की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया इस अवसर पर महान विभूतियां सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में कहा कि 585 रियासतों को एक नए स्वतंत्र भारत में जोड़ने वाले सरदार पटेल का राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाकर गांधी विचारधारा को मजबूत किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष वी के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री निर्मल शुक्ला राजकुमार दीक्षित अनिल कुमार मिश्रा सूर्य कुमार बाजपेई मनोज मिश्रा अंकुर चौधरी बबलू अंसारी नितिन कुमार हाजी उस्मान सर्वोत्तम मिश्रा मेहताब आलम सहित जिला व शहर के कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# नहर की पटरी कटने से गांव में हुआ जल भराव, सैकड़ो बीघे फसल हुई बर्बाद

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के गुन्नौर उमामिश्र गांव के पास नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई।कई घरों तक भी पानी पहुंच गया।नहर विभाग की लापरववाही से देर रात नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई।इसके साथ ही गांव में भी पानी घुसने से कई घर प्रभावित हो गए।ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी नहर विभाग को दी गई।जिसके बाद रविवार दोपहर मौके पर पहुंची नहर विभाग की टीम ने कटान को ठीक किया।तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।अभी भी गांव के मुख्य मार्ग पर पानी बह रहा है।जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।नहर कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई।सुबह ग्रामीणों को जब नहर कटने की जानकारी मिली तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।
ग्रामीणों ने मदद के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को फोन किया।लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा फोन नहीं उठाया गया।जन एक्सप्रेस संवाददाता और ग्राम प्रधान व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयास के बाद नहर विभाग के अधिकारी अपनी कुंभकर्णी नींद से जागेद्यफिर जाकर कही फोन उठाया।जिसके बाद नहर विभाग की टीम आनंन फानन जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची।नहर की कटी हुई पटरी पर काम शुरू हुआ।नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई।गांव की मुख्य सड़क भी पानी में डूब गई।घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद कटान को ठीक किया गया।जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।ग्रामीणों ने पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।वहीं गांव की क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवलाली ने कहा कि देर रात करीब दो बजे नहर कटी थी।जिससे कई बीघा फसल जलमग्न हो गई।और कई घरों में पानी घुस गया।काफी प्रयास के बाद रविवार दोपहर नहर विभाग की टीम आई।और नहर की पटरी को ठीक किया।

# पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने दिया बड़ा बयान, बोले- बार-बार चुनाव से विकास कार्य बाधित होते हैं

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि यह देश के लिए अच्छा है। हर साल चुनाव होने से देश में विकास कार्य बाधित होते हैं।
भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक देश एक चुनाव को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश का विकास बाधित होता है।
आजादी के बाद से देश में एक साथ चुनाव होते रहे हैं लेकिन बाद में इस व्यवस्था को हटा दिया गया।
कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया और चुनी हुई सरकारों को गिराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने देश हित में यह फैसला लिया है। बार-बार चुनाव कराने से विकास कार्य बाधित होते हैं।

## भाजपा के मंडल चुनाव होंगे आज

# समर्पित एवं अनुभवी कार्यकर्ता चुना जाएगा मण्डल अध्यक्ष : अवधेश पाण्डेय

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



जनपद के सभी मंडलों में सोमवार को मंडल चुनाव होंगे।पार्टी की पूरी कोशिश है,कि मंडल अध्यक्ष चुनाव में सभी जाति व वर्गों समेत महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित हो।रविवार को जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में मंडल चुनाव अधिकारियों के साथ गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक की।इस दौरान उन्होंने संगठन चुनाव की बारीकियां समझाई।एवं बताया कि 35 से 45 वर्ष की उम्र के लोग ही मंडल अध्यक्ष पद के दावेदार हो सकते हैं।उन्होंने कहा मंडल सर्वव्यापी व सर्वसमावेशी होना चाहिए।जितनी मजबूत बूथ और मंडल की इकाइयां होगी उतनी ही मजबूत भाजपा होगी।मंडल अध्यक्ष पद पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ही अध्यक्ष बन पाएंगे?।इसके लिए अर्हता थोड़ी सख्त की गई है?।मंडल अध्यक्ष के लिए पिछले दो बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है।जिन्हें भी मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा, उन्हें पूर्व में मंडल के पदाधिकारी जरूर होना चाहिए।
भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि मंडल अध्यक्ष के पद पर आम सहमति बनाते हुए चुनाव कराए जाएंगे।जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने भी मंडल चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।कहा चुनाव में सुचिता व पारदर्शिता जरूरी है।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी,उमाशंकर पाण्डेय,काशी प्रसाद तिवारी,भवानीदत्त दीक्षित उपमा सरोज,आशा बाजपेई, भागीरथी मौर्य, अशोक मौर्य,राकेश त्रिपाठी,प्रभात शुक्ला,उमारमण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हनुमानगढ़ी में किया पूजन, बोले- मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत तय

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत तय है।
यूपी के अयोध्या में रविवार को एक होटल के उद्घाटन पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। प्रदेश के कल्याण और विकास के साथ लोगों के हित के लिए प्रभु हनुमंतलला के श्री चरणों में कामना की है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में जब भी उपचुनाव घोषित होंगे। भाजपा की विजय सुनिश्चित है।
यहां उन्हें सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक करनी थी। लेकिन, अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा। अयोध्या एयरपोर्ट पर ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को महाकुंभ से लौटने वाले दर्शनार्थियों के साथ मकर संक्रांति और बसंत पंचमी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# उपचुनाव से पहले मिल्कीपुर के युवाओं को रोजगार की सौगात, 1164 युवाओं को मिली नौकरी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या के मिल्कीपुर में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के पहले 1164 युवाओं को नौकरी की सौगात मिली है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री ने कहा कि योगी सरकार युवाओं के भविष्य के लिए हमेशा ही चिंतित रही है।
अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के पहले योगी सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया करा रही है। मिल्कीपुर क्षेत्र के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित वृहद रोजगार मेले में 1164 लोगों को विभिन्न कंपनियों ने रोजगार दिया है। 2682 युवाओं ने रोजगार के लिए आवेदन किया था।
रोजगार मेले का उद्घाटन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व श्रम मंत्री अनिल राजभर ने किया। दोनों मंत्रियों ने बताया कि योगी सरकार युवाओं के भविष्य के लिए हमेशा चिंतित रही है और उन्हें रोजगार दे रही है। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।
रोजगार देने वाली कंपनियों में जीएस फोर सिक्योरिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, यशश्वी स्किल लिमिटेड, सन स्टाफिंग सॉल्यूशन, डिजिटल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी एसपीएन बिजनेस फ्रंट फ्यूचर, शिव शक्ति एग्री लिमिटेड सहित कई दर्जन कंपनियां मौजूद रहीं। रोजगार मेले में श्रम विभाग से संबंधित 61 लाभार्थियों को 1.5 करोड़ से अधिक के स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया। रोजगार मेले में श्रम विभाग से संबंधित 61 लाभार्थियों को 1.5 करोड़ से अधिक के स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया।

## बच्चों में सर्वांगीण विकास के लिए खेल प्रतियोगिताएँ जरूरी -डॉ. यशवीर सिंह

# वार्षिक खेल प्रतियोगताओं में राइजिंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने दिखाया दम

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। दो चरणों में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण का उदघाटन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह एवं सहायक क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा गुब्बारे छोड़कर संयुक्त रूप से किया गया तथा दूसरे चरण का उदघाटन पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने खेल में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बच्चों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने और प्रतिस्पर्धा के दौरान प्रेम और सद्भाव बनाए रखने पर बल दियाइस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर लॉन टेनिस में अपना नाम रोशन करने वाली विद्यालय की पूर्व छात्रा सौंदर्या जायसवाल का मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान भी किया गया कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, प्रियंका सिंह, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय सबरवाल, वरिष्ठ समाजसेवी एस. एल. चंदवानी, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. संजीव जायसवाल ने उपस्थित रहकर बच्चों को पुरुस्कार प्रदान किए प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के बीच हुई हर्डल दौड़, जँपिंग दौड़, बैलेंसिंग दौड़, स्पून रेस, रिले रेस में जहाँ आदित्यवीर, शिवांग, आरव, तहसीन ने बाजी मारी वहीं प्राइमरी तथा जूनियर कक्षाओं के बच्चों के बीच शतरंज, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटिन, बॉलीवॉल, टग ऑफ वार आदि प्रतियोगिताओं में अंबावीर, अर्यतिका, यथार्थ, प्रारब्ध, ईजान, सुमिरन आयशा स्वस्तिक अंश शिवन्या, अग्रज वरदान आविशी कनिका आराध्या तबीबा मानस अजान अंजलिअरशदअग्रज काव्यांशी हार्दिक आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा जूनियर कक्षाओं के छात्रों ने मार्चपास्ट कर सलामी दी खेल प्रतियोगिताओं का संचालन हरप्रीत कौर, ईशा सिंह और स्वालेहा आसिफ के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए सभी बच्चों को अवसर प्रदान कर मुख्य पटल पर लाने के लिए विद्यालय कृत संकल्पित हैखेल प्रतियोगिताओं केसंचालन में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्रनाथ हरी कोआर्डिनेटर स्मृति सिंह अर्चना वर्मा एनिमा सिन्हा रत्नेश सिंह, आशफिया, रुचि पूजा, शिफा, जेबा, रमशा, आरती, कृतिका, नेहा, अदिति, जीनिया, ज्योति, स्नेहलता, पूर्णिमा, शालिनी एनी निहारिका प्रेरणा, प्रज्ञा, एकता, सुष्मिता, रीना, मन्तशा, श्वेता, प्रिया, शिखा, पूजा, रेनू प्रेमलता स्मिता दुबे शोएब अशोक कुमार अश्विनी कुमार तौफीक का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।



**हमारा एक ही मकसद हैं जनता...**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी सरकार में पंचायती राज व अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्त के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर रविवार... शेष पेज 07 पर...

# शिवराजपुर 12वीं की छात्रा के रेप और हत्या के मामले में पुलिस खुलासे के करीब



कानपुर नगर एक्सप्रेस

घर के अंदर मिला किशोरी का अर्धनग्न शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर में 12वीं की छात्रा के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में पुलिस खुलासे के करीब है। पुलिस द्वारा अब तक की गई जांच व दो युवकों को हिरासत में लेकर की गई पूछताछ में पुलिस के हाथ अहम सबूत लगे हैं। जिसके आधार पर पुलिस जल्दी ही मामले का खुलासा कर देगी। मामले में एडिशनल सीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि छात्र का डॉक्टर के पैनल और वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया। उसी के आधार पर अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटनाक्रम के मुताबिक छात्रा के पिता शुक्रवार शाम बेटी को घर में अकेला छोड़कर करीब 4.00 बजे वह पत्नी के साथ कानपुर देहात के असालतगंज स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। घर पर अकेला होने की वजह से बेटी देर शाम पड़ोस में ही दूसरे घर में रहने वाले अपने बड़े भाई की 4 साल की बेटी को अपने पास घर ले आई थी। शनिवार की सुबह जब मासूम की मां उसे लेने पहुंची तो रोते हुए बेटी ने बुआ के ना उठने की बात कहीं। मृतका की भाभी जब कमरे में पहुंची तो छात्रा का शव अवस्था में कमरे में चारपाई पर पड़ा था। मासूम भतीजी ने पुलिस को बताया कि वह बुआ का फोन लेकर बिस्तर पर देख रही थी। बुआ दूसरे कमरे में थी। यहां एक युवक काले कपड़े में आया था। उसके चेहरे पर कपड़ा बंधा हुआ था।

### पहले साथ में पी चाय फिर संबंध बनाने के बाद की हत्या

पुलिस ने घर में चाय बनाने और पीने के मिले बर्तन को देखकर यह आशंका जताई है कि घर पर पहुंचा युवक छात्रा का परिचित का लग रहा है। उसने पहले उसके लिए चाय बनाई और दोनों ने एक साथ चाय पी थी। पुलिस यह मानकर चल रही है कि हत्यारा छात्र का परिचित का था। चारपाई पर शव के पास दो तकिया भी मिले हैं। पुलिस को तकिया से मुंह दबाकर हत्या किए जाने की आशंका लग रही है। जाट में पुलिस को छात्रा के घर के बाहरी हिस्से में गिरे पड़े कमरे में शराब की कई खाली प्लास्टिक के गिलास और नमकीन के पाउच पड़े मिले हैं। इसके अलावा कुछ खाली शराब की बोतले भी पड़ी हुई मिली है। इससे पुलिस घटना में एक से अधिक लोगों के शामिल होने और गैंगरेप के बाद हत्या के बिंदु पर भी गहराई से जांच कर रही है।

### कॉल डिटेल के आधार पर युवक को पकड़ा

छात्रा के मोबाइल की कॉल डिटेल में शुक्रवार रात जिस नंबर पर घटना से पहले बात हुई थी। उसी के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेते हुए एक और युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। पुलिस अधिकारियों के माने तो पूछताछ के बाद पुलिस के हाथ कुछ अहम सबूत लगे हैं जिसके आधार पर पुलिस जल्दी ही मामले का खुलासा करने की स्थिति में लग रही है। वही एसीपी सुमित रामटेके ने बताया कि घटना के सफल कुलसी को लेकर तीन टीमों को लगाया गया है। रेप हत्या आदि बिंदुओं पर लगातार जांच चल रही है।

### परिवार के करीबी ने दिया घटना को अंजाम पुलिस

छात्र के मोबाइल की कॉल डिटेल्स में यह जानकारी खुलकर सामने आई है कि शुक्रवार की रात जिस नंबर पर घटना से पहले छात्रा ने बाकी है। उसी के आधार पर पुलिस ने एक सजाती पारिवारिक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने हत्या की बात से इनकार करते हुए छात्रा से दुष्कर्म के बाद उसकी अपने आप मौत हो जाने की बात को स्वीकार किया है।

### पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंच छात्रा का शव आज होगा अंतिम संस्कार

पुलिस अधिकारियों ने बताया की डॉक्टर के पैनल व वीडियो ग्राफी के माध्यम से छात्रा का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार देर शाम छात्रा का शव उसके पैतृक गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही चारों तरफ चीख- पुकार मच गई। सोमवार की सुबह पुलिस के आला अधिकारियों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में छात्रा का अंतिम संस्कार किया जाएगा। यह जानकारी शिवराजपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने दी है।

## सुवेरा फ्रेश प्राइवेट कंपनी ऐप की लॉन्चिंग विजय कापूर कोऑपरेटिव चैयर मैन द्वारा की गई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रविवार को सुवेरा फ्रेश प्राईवेट लिमिटेड द्वारा ऐप की ग्रैंड लॉन्चिंग की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विजय कपूर (कोऑपरेटिव स्टेट चेयरमैन दादा नगर कानपुर) तथा वरिष्ठ अतिथि विजय कुमार (आई पी एस पूर्व डीजीपी) , नज़्म हमराज( चैयर मैन हमराज कॉम्प्लेक्स) रहे और सवेरा फ्रेश प्राइवेट लिमिटेड से मो. समाऊन* (डायरेक्टर) , विकास पांडे (डायरेक्टर), मो. सालिम खान (डायरेक्टर) मौजूद रहे । जिसमें सवेरा फ्रेश प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ने बताया की हमारी कम्पनी इस ऐप द्वारा आपको सब को ताज़ा मीट, सीफ़ूड और अंडे सिर्फ़ 45 मिनट में आपके घर तक पहुँचने काम करेगी तथा हम उच्च गुणवत्ता वाले, ताज़ा चिकन, मटन, सीफ़ूड और अंडे उपलब्ध कराने में माहिर हैं। ताज़गी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ, हम गारंटी देते हैं कि आपको मिलने वाला हर उत्पाद उच्चतम मानक का होगा,

हमारी टैगलाइन, फ्रेश एवरीडे, प्रतिदिन ताज़गी प्रदान करने के हमारे वादे को दर्शाती है, जिससे आपके लिए पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेना आसान हो जाता है। चाहे आप पारिवारिक डिनर की योजना बना रहे हों या किसी विशेष समारोह की, सुवेरा फ्रेश आपकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए यहाँ है।

आज ही सुवेरा फ्रेश ऐप डाउनलोड करें और अपनी उंगलियों पर ताजा, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की सुविधा का अनुभव करें

सुवेरा फ्रेश - आपका ऑनलाइन मीट ऑर्डरिंग ऐप। सुवेरा फ्रेश में आपका स्वागत है, जहाँ गुणवत्ता और सुविधा का मेल है। गुणवत्ता आश्वासन~ हमारा वादा है कि हम आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रीमियम और हलाल मांस उपलब्ध कराएंगे।

हम निम्नलिखित में सौदा करते हैं~ चिकन, मटन, मछलियाँ, अंडे,

सुविधाजनक ऑर्डरिंग - बस कुछ ही टैप से अपने पसंदीदा को ब्राउज़ करें, चुनें और ऑर्डर करें।

तेजी से डिलीवरी अपने ताजे मांस को केवल 45 मिनट में अपने घर तक जल्दी और सुरक्षित रूप से पहुंचाएं,

व्यंजन विधि और सुझाव~ अपने भोजन को बेहतर बनाने के लिए स्वादिष्ट व्यंजन विधि और खाना पकाने की युक्तियां खोजें। डायरेक्टर मो.समुऊं ने कहा की हमारी सेवाएँ हमारी डिलीवरी सेवा 24/7 संचालित होती है, जो वर्ष के हर दिन आपकी सेवा के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर 2024 को दिल्ली में स्थापित, तथा 15 दिसंबर 2024 से कानपुर शहर से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसका संचालन शुरू होगा और हम बाजार से सीखने के लिए तैयार हैं, तथा बाजार की आवश्यकता के अनुसार अपने सेटअप को सुधारने के लिए तैयार हैं। अपनी खामियों को दूर करने के बाद हम दूसरे शहर में प्रवेश करेंगे, हमारा लक्ष्य अगले 3 महीनों में लखनऊ को लॉन्च करना है, और लखनऊ के बाद हम 2 महीनों में 3 और शहरों को जोड़ेंगे और हमारे प्लान के अनुसार विस्तार होगा। 12 महीनों के भीतर हम पूरे उत्तर प्रदेश को कवर कर लेंगे और बिहार और झारखंड में प्रवेश करेंगे, 36-40 महीनों के अंतराल में हम पूरे भारत में उपस्थिति की ओर अग्रसर हैं

हमारा मिशन इस बाजार में कड़ी मेहनत करना और इस विशेष क्षेत्र को एक संगठित क्षेत्र में परिवर्तित करना है, और यही इस बाजार परिदृश्य में बाजार की मांग है। हम अगले 40 महीनों में बाजार में कम से कम 25 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। हम केवल ताजा मांस बेचते हैं, कोई जमे हुए मांस नहीं, कोई मैरिनेड नहीं, और कोई संरक्षक नहीं, पूरी तरह से ताजा, हम आपका ऑर्डर प्राप्त करने के बाद तैयार करेंगे।

## घाटमपुर में चोरों ने लाखों की ज्वेलरी सहित नकदी को किया पार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

घाटमपुर थाना क्षेत्र के राहा गांव में कच्ची दीवार में सेंध लगाकर घर में घुसे चोरों ने अलमारी से नकदी समेत लाखों के कीमती जेवरात को चोरी कर लिया। घटना के वक्त दंपति सोते रह गए। लेकिन उनको चोरों के घर में होने की भनक तक नहीं लग सकी। पीड़ित ने घाटमपुर थाने में पहुंचकर घटना की जानकारी दी है। घटना की सूचना मिलती ही मौके पर पहुंचे पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घाटमपुर थाना क्षेत्र के राहा गांव के रहने वाले अवधेश सिंह ने घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर के माध्यम से बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर के पीछे बनी कच्ची दीवार में सेंध लगाकर घर के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 90 हजार रुपए की नगदी समेत लाखों के कीमती जेवर को चोरी कर ले गए। जब घटना हुई तब मैं और मेरी पत्नी दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब उठे तो हमें घटना के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद घाटमपुर थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी है। सूचना मिलती ही मौके पर पहुंचें घाटमपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने परिजनों और पड़ोसियों से घटना की जानकारी जुटाई है। साथ ही साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने साक्ष्यो को इकट्ठा किया है।

## विशाल एवं भव्य श्री गंगा महोत्सव का आयोजन सिद्धनाथ धाम द्वितीय काशी में होगा


जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



रविवार को कृष्णा नगर स्थित कृष्णा वाटिका में अखिल भारतीय मठ मंदिर समन्वय समिति व मां गंगा सेवा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। सिद्धनाथ मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी अरुण चैतन्य पुरी महराज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी गंगा महोत्सव को भव्य बनाया जायेगा। 21 हजार निमंत्रण पत्र वितरण करके पूरे कानपुर से समाज सेवी, सांसद, विधायकों सभी संतो को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है, श्री गंगा को 1100 लीटर दूध, सवा कुंतल दही, शहद, शक्कर, चंदन आदि अर्पित किया जायेगा, 1100 मीटर लम्बी चुनरी साड़ी से अभिषेक किया जायेगा। अनंत श्री विभूषित परम पूज्य संत श्री नेपाली बाबा के 48 में पुण्य स्मृति पर्व पर विशाल एवं भव्य श्री गंगा महोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें 1 लाख गंगा भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया जायेगा। शाम को भजन संध्या व महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस गंगा महोत्सव को होल्डिंग व बैनरों से सजा देना चाहिए पूरे शहर को ऐसा लगे हर इलाके से जनता सिद्ध नाथ मंदिर द्वितीयकाशी को जा रही है।

बैठक में विशेष रूप से विनोद गुप्ता, विजय चौरसिया, मनोज शुक्ला काली, राजेश शुक्ला, डा के के शुक्ला, अशोक भाटिया, ओम द्विवेदी, बलराम सिंह, डाक्टर के के शुक्ला, राजीव मिश्रा, भूपेश अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## शिवराजपुर शिवली रोड पर बना सामुदायिक शौचालय चढ़ा अव्यवस्थाओं की भेंट





जन एक्सप्रेस

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर शिवली रोड वार्ड नंबर 8 दर्शनी कोल्ड स्टोरेज के पास बना सामुदायिक शौचालय अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़कर रह गया है। इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण वर्ष 2018-19 के बीच लाखों रुपए का लागत से कराया गया था। इस शौचालय का निर्माण वार्ड की जनता को राहत पहुंचाने के लिए कराया गया था। क्षेत्र की जनता को राहत देना तो दूर उल्टा इस शौचालय में अक्सर ताला लटका हुआ देखा जाता है। जहां एक




और प्रदेश सरकार की ओर से सामुदायिक शौचालय को खोले जाने और बंद किए जाने के लिए एक समय निर्धारित किया गया है। वही यह शौचालय 24 घंटे में एक बार भी नहीं खुलता है। शौचालय के चारों ओर अच्छे-अच्छे स्लोगन तो लिखे हैं लेकिन नगर पंचायत में कार्यरत अधिकारी इन लोगों के विपरीत कार्य कर रहे हैं। क्षेत्रीय जनता ने कई बार शौचालय के खोले जाने को लेकर नगर पंचायत शिवराजपुर को पत्र भी लिखा लेकिन नगर पंचायत अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। हालत यह है कि यह सामुदायिक शौचालय बंद ही रहता है।

समझने वाली बात यह है कि जब इस शौचालय को बंद ही रखना था तो फिर नगर पंचायत के अधिकारियों ने सरकारी पैसे का दुरुपयोग क्यों किया।

### करोड़ों की जीएसटी चोरी में तीन कारोबारी भेजे गए जेल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** अक्सर बड़े कारोबारी फर्जी वाला कर जीएसटी बिलों में चोरी की घटना को अंजाम दे देते हैं। ऐसा एक मामला बीते दिन सामने आया जब फर्जी वाला कर 27 करोड रुपए की जीएसटी चोरी के मामले में शनिवार को बड़ी कार्रवाई हुई है। डीजीजीआई ने फर्जीवाड़ा का खुलासा करते हुए तीन कारोबारी को गिरफ्तार किया है। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 23 दिसंबर तक तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक स्क्रैप कारोबारी यशोदा नगर के रहने वाले संजीव दीक्षित शास्त्री नगर के रोहित मिश्रा दिल्ली सुजानपुर के विपरेंद्र उपाध्याय को डीजीजीआई फर्जी बिलिंग दस्तावेज के अलावा गलत तरीके से आईटीसी का लाभ समेत कई तरह के फर्जीवाड़ा करने पर गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों पर आरोप है कि तीनों ने मिलकर 15 करोड़ का सालाना टर्नओवर दिखाते हुए फर्जीवाड़ा से 27 करोड़ की जीएसटी चोरी की घटना को अंजाम दिया। तीनों माल की आपूर्ति पंजाब के अलग-अलग क्षेत्र में कर रहे थे।

## व्यापारी समाज के हितों की रक्षा के लिए उतरेंगे मैदान में अशोक कुमार माहेश्वरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर नगर में व्यापारी समाज के हितों की रक्षा के लिए वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार महेश्वरी पर जनता इस बार भरोसा जता रही है। उनका समाज सेवा के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना, धर्म के कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना एवं जरूरतमंद के लिये जरूरत पर काम आना उनके व्यक्तित्व में शामिल है। वह सरल स्वाभाव एवं मृदु भाषी के धनी है। पिछले 25 वर्षों से वह तन-मन-धन से समाज सेवा के कार्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। वर्तमान में वह कानपुर कपड़ा कमेटी के सेवा विभाग में संयोजक के रूप में अपनी सेवा दे रहें हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में व्यापारी



समाज, सामाजिक संस्था, गैर सामाजिक संगठनों के लोग एवं शहर की जनता अशोक कुमार महेश्वरी के ऊपर अपना भरोसा जाता रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में वह भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से टिकट के लिये प्रस्ताव भेजेंगे।

## बिठूर में सिपाही के घर का ताला तोड नकदी सहित ज्वेलरी पर चोरों ने किया हादसा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस चोरों के मंसूबों को रोक पाने में नाकाबिल साबित हो रही है। बिठूर थाना क्षेत्र के होरा बांगर नई बस्ती में सिपाही के बंद घर में अलमारी का ताला तोड़कर शनिवार की रात दो लाख की ज्वेलरी व नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पड़ोसी ने रविवार की सुबह गेट का ताला टूटा हुआ देख सिपाही को घटना के बारे में सूचना दी। सिपाही भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए मैनपुरी बेबर परिवार के साथ गया हुआ था। उसने 112 पर सूचना दी।

सिपाही जितेंद्र कुमार कानपुर मेट्रो ट्रेन और स्टेशनों की सुरक्षा में तैनात है।



सिपाही ने बताया वह बुधवार को पत्नी अनीता दो बेटियों गोलू और श्रेया के साथ भतीजी की शादी में शामिल होने जनपद मैनपुरी के बेवर गए थे। रविवार सुबह पड़ोसी सुधीर ने उनके घर के गेट का ताला और सेंट्रल लॉक टूटा देखा तो सिपाही जितेंद्र को घटना के बारे में सूचना दी। सिपाही ने मौके पर पहुंचकर देखा तो अलमारी का लॉक टूटा था जिसमें मंगल सूत्र, डेढ़ तोला की जंजीर, बेटियो की ज्वेलरी कीमत करीब 2 लाख चोर चुरा ले गए। थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## नाले में गिरकर इकलौते बेटे की हुई मौत, 3 साल पहले हुई थी शादी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नाले में गिरने से इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। जिस वक्त यह घटना हुई उसे वक्त युवक अपने साथी के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था कि तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सेन पश्चिम पारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि युवक की 3 साल पहले ही शादी हुई थी। सूत्रों के मुताबिक घाटमपुर बरनाव गांव का रहने वाले महेश कुमार गुप्ता के इकलौते बेटे आशीष



गुप्ता उम्र 21 वर्ष की शादी 3 वर्ष पहले हुई थी। परिवार बहु करिश्मा व डेढ़ साल की पोती है। मृतक आशीष हवाई का काम किया करता था। शनिवार को वह एक शादी समारोह में अपने दोस्त पप्पू के साथ खाना बनाने के लिए गया हुआ था। देर रात लौट के दौरान वह गल्ला मंडी पहाड़पुर के पास पहुंच ही था कि तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद आशीष मोटरसाइकिल के साथ नाले में गिर गया। हादसे में आशीष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही साथ घटना में मृत हुए आशीष के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेन पश्चिम पारा के थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व परिवार द्वारा तैयारी दिए जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हार्ट अटैक के मामले बढ़ें

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि यह मौसम हार्ट के वाल्व, धमनियों में रक्त बहाव में रुकावट, नसों के चिपके होने, हृदय और फेफड़ों आदि रोगों के रोगियों के लिए खतरनाक है। उन्होंने बताया कि कार्डियोलॉजी में हार्ट अटैक के लक्षण लेकर आने वाले रोगियों की संख्या 30 फीसदी बढ़ गई है। हालत बिगड़ने पर रोगी इधर-उधर दिखाने के बजाए सीधे अस्पताल आएं।

## नौ साल में सबसे सर्द 15 दिसंबर की रात, पारा 4.5 डिग्री

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नौ साल के बाद 15 दिसंबर की रात सबसे सर्द रही। 24 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा। इसके पहले इतना कम न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री 15 दिसंबर, वर्ष 2015 में रहा है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य औसत से कम रहे हैं। सूखी सर्द पछुवा ने माहौल में गलन बढ़ा दी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि हवा में निरंतरता बनी हुई है। इससे तापमान नीचे गिर रहा है और ठंड बढ़ रही है। आने वाले दिनों में भी यही स्थिति रहेगी।



हवा के बराबर चलते रहने से धुंध भी कम है। रविवार सुबह दृश्यता दो किमी की तुलना में 1200 मीटर रही है। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य औसत से 1.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। पछुवा का रुख न बदलने की वजह से पारा और नीचे आने का अनुमान है। इसके साथ ही गलन में इजाफा होता जाएगा। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना रहा है। इससे चक्रवाती घेरा भी बनेगा। इसका प्रभाव दक्षिण भारत के राज्यों में अधिक रहेगा। लेकिन इसके प्रभाव से कानपुर परिक्षेत्र में बादल आ सकते हैं और नमी बढ़ेगी। बादल आने से दिन का पारा और नीचे आ सकता है। धूप कम होने से ठंडक बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि बादल के साथ बूंदाबांदी के भी आसार है। जेट स्ट्रीम के नीचे होने की वजह से हवाओं की दिशा में निरंतरता बनी हुई है। इसके साथ ही जेट स्ट्रीम अपने साथ नमी भी ला रही हैं। वहीं सीएसए के मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि इस वक्त सूखी सर्द पछुवा चल रही है। इसके साथ ही माहौल में नमी बढ़ी है। 24 घंटे के अंदर नमी में 33 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि अभी आसमान साफ है, बादला नहीं हैं। इससे रात का तापमान गिर रहा है। बादल आने के बाद दिन का तापमान गिरेगा और रात के तापमान में इजाफा होगा।

## सूखी ठंड से सिकुड़ रहीं धमनियां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सूखी ठंड से रोगियों की धमनियां सिकुड़ रही हैं। इससे रोगियों को हार्ट अटैक पड़ रहा है। इसके साथ ही अस्थमा और सीओपीडी के रोगियों की हालत गंभीर हो रही है। रविवार को पांच रोगियों की मौत हो गई। रोगियों को जब तक अस्पताल लाया गया तो उनकी सांसें थम चुकी थीं। इसके साथ ही रोगियों का ब्लड प्रेशर बेलगाम होने से नसों में थक्का बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ब्लड प्रेशर के रोगी अपने चिकित्सक से मिल कर दवा की खुराक दुरुस्त करा लें। इसके साथ ही इस मौसम में एहतियात बरतें। रविवार को रोशननगर की रहने वाली हृदय रोगी तरन्नुम परबीन (40) की हालत बिगड़ गई। परिजन जब तक उन्हें लेकर कार्डियोलॉजी पहुंचे। उनका निधन हो चुका था।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझिए

**स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते है।**

*दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं। आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए। वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे।यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है। महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया।**

## दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?



ललित गर्ग

**वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।**

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक



**कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है?**

रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

### एक्सप्रेस कविता

*हे प्रभु जमीं न दी,आसमान तो दे,*
*जरा जीने का अदद सामान तो दे।*
*बहुत चाहत लिप्सा,आकांक्षा नहीं,*
*जीने का कोई तरीका आसान तो दे ।*
*रोज खाली हाथ लौटते हैं घर जब*
*बच्चों को खिलाने कुछ समान तो देदे।*
*गीली ठंडी जमीं पर सोता हूं मैं रोज,*
*आसमानो को भेदने तीर कमान तो दे।*
*फ़क़ीरी में फैलाने की हाथ आदत नही*
*कुछ न मांगू कभी ये वरदान तो दे।*
*नन्हे हाथ मेरे पहुंचते नहीं तुझ तक,*
*तुझ तक आने की राह आसान दे दे।*
*किसी के कभी काम आ सकूँ संजीव,*
*हाथो में इतना सच्चा ईमान तो दे दे।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**दुनिया में विपत्ति से बढ़ कर अनुभव सिखाने वाला एक भी विद्यालय आज तक नहीं खुला है**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | प्रतिपदा 12:30 तक |
| नक्षत्र: | आर्द्रा 25:14 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | शुक्ला, 23:18 |
| सूर्योदय: | 07:10 |
| सूर्यास्त: | 17:22 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 08:27-09:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:56-12:36 |

### जन एक्सप्रेस

**है प्रदर्शन काल !**

*रस्साकस्सी चल रही ।*
*किसको दें कमान ?*
*सबकी है प्रतिष्ठा ।*
*और सबका सम्मान ।।*
*अपनी-अपनी शक्ति का ।*
*है प्रदर्शन काल ।।*
*कौन कौन है एकजुट ।*
*है बड़ा सवाल ।।*
*खुल रही है कलई ।*
*छिड़ा घमासान ।।*
*सबकी इच्छा बलवती ।*
*छू लें आसमान ।।*
*है भविष्य के गर्भ में ।*
*होगा कब कमाल ?*
*है बड़ा दिलचस्प ।*
*गलनी किसकी दाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन को बैलेंस करने के लिए खाएं फूड्स, कई बीमारियां भी होंगी दूर

**हमारे** शरीर में कई तरह के हार्मोन्स होते हैं। इन्हीं हार्मोन्स में एस्ट्रोजन भी शामिल है। महिलाओं के शरीर में यह सबसे जरूरी हार्मोन होता है। यह पीरियड्स साइकिल को रेगुलेट करने, रिप्रोडक्टिव हेल्थ को बनाए रखने के लिए जरूरी है। अगर बॉडी में एस्ट्रोजन लेवल कम होता है, तो इससे पीरियड्स साइकिल इंबैलेंस हो सकती है। लेकिन वहीं इसका स्तर बढ़ने पर एस्ट्रोजन डोमिनेंस की समस्या हो सकती है। एस्ट्रोजन डोमिनेंस होने से वजन तेजी से बढ़ने लगता है, पीरियड्स इर्रेगुलर रहते हैं, मूड स्विंग्स रहते हैं। इसे कंट्रोल रखने के लिए डाइट में सही चीजें शामिल करना जरूरी है। एस्ट्रोजन डोमिनेंस कंट्रोल रखने के लिए आपको कौन-सी चीजें खानी चाहिए।



**क्रूसिफेरस वेजिटेबल:** क्रूसिफेरस वेजिटेबल एस्ट्रोजन को नैचुरली बैलेंस करने में मदद करती हैं। इनके सेवन से लिवर को एक्स्ट्रा एस्ट्रोजन बॉडी से निकालने में मदद मिलती है। इन्हें डाइट में शामिल करने से बॉडी इंफ्लेमेशन भी कंट्रोल रहती है। इनमें आप ब्रोकली, केल और स्प्राउट खा सकते हैं। आप रोज अपने किसी भी मील में क्रूसिफेरस वेजिटेबल को शामिल कर सकते हैं।

**हल्दी:** हल्दी में मौजूद एक्टिव कंपाउंड एस्ट्रोजन कम करने में मदद करता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो बॉडी इंफ्लेमेशन कम करने में मदद करते हैं। फर्टिलिटी बूस्ट करने के लिए भी हल्दी जरूरी होती है। आप हल्दी का पानी, चाय या खाने में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**खट्टे फल:** खट्टे फलों में फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं। ये बॉडी में एस्ट्रोजन लेवल कम करने में मदद करते हैं। खट्टे फलों में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र में एस्ट्रोजन की मात्रा बढ़ने से रोकता है। साथ ही, एक्स्ट्रा एस्ट्रोजन को बॉडी से निकालने में मदद करता है।

**मशरूम:** मशरूम बॉडी में एस्ट्रोजन बढ़ने से रोक सकते हैं। यह बॉडी को एस्ट्रोजन बैलेंस करने और एक्स्ट्रा एस्ट्रोजन बाहर निकालने में भी मदद करता है। आप मशरूम की अलग-अलग वेराइटी को डाइट में शामिल कर सकते हैं। मशरूम की सब्जी, सूप और कटलेट हेल्दी ऑप्शन हो सकता है।

**अलसी के बीज:** अलसी महिलाओं के लिए सुपरफूड माना जाता है। पीरियड्स रेगुलर करने से लेकर वेट लॉस करने तक, अलसी बहुत फायदेमंद है। अलसी में फाइटोएस्ट्रोजन मौजूद होते हैं, जो बॉडी में एस्ट्रोजन लेवल मेंटेन करने में मदद करते हैं। यह मेटाबॉलिज्म बनाए रखने और शरीर की कमजोरी दूर करने में भी मददगार है। आप किसी स्मूदी, सलाद या फलों पर अलसी के बीज डालकर खा सकते हैं। कब्ज रहता है, तो अलसी पाउडर दही में मिलाकर खाएं।इन फूड्स को डेली डाइट में शामिल करने से एस्ट्रोजन डोमिनेंस बैलेंस करने में मदद मिलेगी। इस बारे में ज्यादा जानने के लिए किसी डाइट एक्सपर्ट से संपर्क करें।

### एक्सप्रेस विशेष

## जलवायु परिवर्तन और भारत का दृष्टिकोण



डॉ. सत्यवान सौरभ

**राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देना है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास अभी भी पिछड़ा हुआ है।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु कार्रवाई को विकास के साथ प्रभावी ढंग से संतुलित करता है।**

**कोयला आधारित बिजली संयंत्रों का विस्तार शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में चुनौतियाँ पेश करता है। राज्य कार्ययोजनाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत जलवायु कार्रवाई यह सुनिश्चित करती है कि क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों को पर्याप्त रूप से सम्बोधित किया जाए। अहमदाबाद जैसे शहरों में हीट एक्शन प्लान ने अत्यधिक गर्मी के प्रभावों को कम करने में मदद की है, जिससे कमजोर आबादी की रक्षा हुई है।**

**जलवायु** परिवर्तन के प्रति भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है। साथ ही जलवायु चुनौतियों का समाधान करते हुए सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को एकीकृत करके, इस रणनीति का उद्देश्य उत्सर्जन को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना जैसी पहल इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम पाते हैं कि सामाजिक लक्ष्यों का पीछा करना, आमतौर पर, उच्च पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ा होता है। हालांकि, देशों के बीच बातचीत बहुत भिन्न होती है और विशिष्ट लक्ष्यों पर निर्भर करती है। दोनों ही बातचीत में, कार्बन भूमि और पानी की तुलना में छोटे बदलावों का अनुभव करता है। हालांकि उच्च और निम्न आय समूहों द्वारा प्रयासों की आवश्यकता है, लेकिन अमीरों के पास मानवता के पदचिह्नों को कम करने का अधिक लाभ है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों के महत्व को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि एसडीजी के बीच मात्रात्मक बातचीत को अच्छी तरह से समझा जाए ताकि जहां जरूरत हो, एकीकृत नीतियां विकसित की जा सकें।भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण, जो कई मोर्चों पर एक साथ प्रगति के लिए विकास लक्ष्यों को पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। भारत का सह-लाभ दृष्टिकोण सामाजिक और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए जलवायु परिवर्तन को सम्बोधित करता है। जलवायु क्रियाओं को गरीबी में कमी और ऊर्जा पहुंच जैसे लक्ष्यों के साथ जोड़ता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देती है बल्कि कम आय वाले परिवारों को सस्ती बिजली भी प्रदान करती है। जलवायु क्रियाओं को विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर, सह-लाभ दृष्टिकोण पर्यावरणीय पहलों में सार्वजनिक समर्थन और भागीदारी को बढ़ाता है। पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे शहरी वायु प्रदूषण को सम्बोधित करते हुए उन्हें सुलभ बनाया जा सके और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो सके। जलवायु और विकास लक्ष्यों को एकीकृत करके, संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जाता है, जिससे नीति कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण लागत बचत होती है। प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना उद्योगों को ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, लागत कम करने और उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है। यह दृष्टिकोण कृषि, जल संसाधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लचीलापन बढ़ाने पर जोर देता है, जो कमजोर आबादी के लिए महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्ययोजनाएं क्षेत्र-विशिष्ट कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ग्रामीण और तटीय क्षेत्रों के लिए लक्षित अनुकूलन रणनीतियों को सुनिश्चित करती हैं। सह-लाभ दृष्टिकोण जलवायु और विकासात्मक चुनौतियों दोनों को सम्बोधित करने वाली नवीन तकनीकों के विकास और तैनाती को प्रोत्साहित करता है। सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों का विकास टिकाऊ कृषि का समर्थन करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है।इन प्राथमिकताओं को संतुलित करने में इस रणनीति की प्रभावशीलता उत्सर्जन में कमी और आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर है। भारत ने आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए अपनी उत्सर्जन तीव्रता को कम करने में प्रगति की है, जो सह-लाभ दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। भारत ने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की प्रति इकाई कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लगातार कम किया है। यह रणनीति नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को गति देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की खाई को सफलतापूर्वक पाटती है। छतों पर सौर ऊर्जा पहलों ने दूरदराज के गांवों में बिजली पहुंचाई है, जिससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम हुई है। भारत की रणनीति जलवायु क्रियाओं को निधि देने के लिए घरेलू पहलों पर केंद्रित है। इस आत्मनिर्भरता ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। भारतीय कार्बन बाजार उद्योगों में उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू संसाधनों को जुटाता है। जबकि यह दृष्टिकोण संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देता है।

# हमारा एक ही मकसद हैं जनता की समस्याएं हम तक पहुंचे

**जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी**



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी सरकार में पंचायती राज व अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्त के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर रविवार निघासन नगर के जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रांगण में सुभासपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्वाभिमान सम्मान रैली में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया।निघासन नगर के जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रांगण में आज सुभासपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्वाभिमान सम्मान रैली में यूपी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण व मुस्लिम वक्त बोर्ड के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर एक जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश राजभर कैबिनेट मंत्री के द्वारा कहा गया कि हमारा एक ही मकसद हैं जनता की समस्याएं हम तक पहुंचे और उनका निस्तारण हो पाए आपके द्वारा जो समस्याएं हमारे तक पहुंचेंगी उन समस्याओं का इलाज अगर टैबलेट से हो पाएगा तो टैबलेट से किया जाएगा अगर इंजेक्शन लगाने की जरूरत होगी तब भी हम पीछे नहीं हटेंगे आपकी जिम्मेदारी बनती है की आप की जो भी समस्याओं हो उन समस्याओं को हमारे तक लिखित रूप में पहुंचाएं, देश के मुखिया मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी सभी को 5 लाख का मुक्त इलाज दे रहे हैं इसमें किसी जात धर्म को देखकर ईलाज नहीं किया जा रहा है सभी धर्मों के लोगों का मुफ्त में 5 लाख रुपए का इलाज हो रहा है, इससे पहले देश व उत्तर प्रदेश में सपा बसपा की चार बार व देश? में कांग्रेस की 50 साल सरकार रही लेकिन उन्होंने सिर्फ नफरत की बात की कब्रिस्तान की बाउंड्री तो बनवा दी लेकिन आपको शिक्षा से नहीं जोड़ा पहली बार मुस्लिम समाज के बच्चे द्रूस की परीक्षा में पास हुए हैं अगर मौजूदा सरकार आपसे भेदभाव करती तो ये बच्चे पास नहीं हो पाते मुस्लिम समाज के लोग मोहम्मद साहब को तो मानते हैं लेकिन मोहम्मद साहब के विचारों को नहीं मानते मोहम्मद साहब के द्वारा कहा गया है कि आप हमेशा मजलूमों की सहायता करे लेकिन आपकी नजर में सिर्फ अखिलेश और मायावती राहुल गांधी हीं मजलूम है लेकिन मौजूदा सरकार मदरसों की शिक्षा के लिए हर साल ?800 करोड रुपए खर्च कर रही हैं हमारे द्वारा जमीन की तलाश की जा रही है एक बड़ी यूनिवर्सिटी बनाने की तैयारी है जिससे सभी मद्रासो को जोड़ा जा सके और मुस्लिम समाज के लोगों को भी बेहतर शिक्षा दी जा सकें।

# करोड़ों की लागत से बनी चैन लिंक फेंसिंग भी जंगली जानवरों को ग्रामीण इलाकों में निकलने से रोकने में नाकाम





**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

> कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से निकालकर ग्रामीण इलाके में आए एक हाथी ने विगत दिनों उस समय एक किसान को पटक पटक कर मार डाला था। जब वह खेत में काम करने के लिए जा रहा था। हाथियों के झुंड ग्रामीण इलाकों में निकलने से ग्रामीण परेशान है। लेकिन वन विभाग इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन्य जीवों से ग्रामीण और उनकी फसलों को बचाने के लिए करोड़ों की लागत से चेन लिंक फेंसिंग बनाई गई है। लेकिन मानक विहीन कार्य से वन्य जीव बेधड़क जंगल से बाहर निकाल कर ग्रामीण इलाकों में तेंदुए हमले कर रहे हैं तो जंगली हाथी किसानों की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर रहे हैं। बाघ भी इस बीच में कई बार ग्रामीण इलाकों में देखे गए।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में चेन लिंक फेंसिंग विभाग की ओर से लगाई गई थी। जिस पर लाखों रुपए खर्च हुए थे। विभाग का मकसद था कि वन्य जीव ग्रामीण इलाकों में न जाने पाए लेकिन विभाग की ओर से किए गए इस प्रयास पर पानी फिर गया इसका कारण था कि चैन लिंक फेंसिंग के दौरान गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण बाघ, तेंदुए और हाथी ग्रामीण इलाकों में लगातार निकल रहे हैं। बीते दिनों में तेंदुए के हमले में कुछ जान गई थी तो कई लोग घायल हुए थे। वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर कुछ तेंदुए पकड़े थे। बाघ भी इस क्षेत्र में लगातार देखे जा रहे हैं अभी कुछ दिन पहले एक बाघ यात्री बस के आगे दौड़ता हुआ देखा गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बाघ भी लगातार ग्रामीण इलाकों में निकल रहे हैं। वन क्षेत्र के आसपास गाने की फसल लगी हुई है जिसको लेकर हाथी भी बाहर निकाल कर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नौतोड़ गांव में हाथी ने गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत नौतोड़ गांव में सुबह चार बजे वन विभाग द्वारा लगाये गये चैन लिंक फेंसिंग को तोड़कर एक जंगली हाथी घुस गया और किसान नंदलाल, सूबेदार, इंद्रदेव की गेंहू की लगभग दो बीघा गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों की शोर शराबा सुनकर गजमित्रों ने हांका लगाकर किसी तरह हाथी को भगाया। इस दौरान हाथी ने तीन बांस के पेड़ को भी गिराया। गजमित्रों की सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकरी सुरेन्द्र श्रीवास्तव, वन दारोगा इसरार अहमद, व वाचर बंशी ने नुकसान हुए फसल का आंकलन किया।

गजमित्र नंदलाल ने बताया कि सुबह चार बजे सभी सो रहे थे। घना कोहरा छाया हुआ था। जिसका फायदा उठाकर हाथी खेतों में घुस गया और फसल को नुकसान पहुंचाया। हाथी विशेषज्ञ अभिषेक ने बताया कि गजमित्रो की टीम अलर्ट है। लगातार पेट्रोलिंग जारी है।

सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ रहा है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। गांव के लोगों का कहना है कि मानक विहीन तार फेंसिंग वन्य जीवों को गांव में जाने से रोक नहीं पा रहा है।

# महाराजगंज हिंसा के आरोपियों के लाइसेंसी असलहों का हुआ जप्तीकरण

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

- एक नाली और दुनाली बंदूक के साथ अन्य हथियारों का भी हुआ जप्तीकरण, 13 अक्टूबर को मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान महाराजगंज में हुई थी हिंसा

कस्बा महाराजगंज थाना हरदी में विगत 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान घटित घटना के दौरान प्रयुक्त आलाकत्ल आदि शस्त्रों का सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के दृष्टिगत रखते हुए बाद लाइसेंस निरस्तीकरण थाना हरदी पुलिस द्वारा शस्त्रों के जब्तीकरण की कार्यवाही की गई।

कस्बा महाराजगंज थाना हरदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान घटित घटना में अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद नि0 महाराजगंज कस्बा दा0 जोत चाँदपारा थाना हरदी जनपद बहराइच द्वारा अपने तीनों पुत्र सरफराज उर्फ रिंकू, तालिब उर्फ सबलू व फहीम आदि के द्वारा अपने लाईसेंसी शस्त्र से फायर कर राम गोपाल मिश्रा को गोली मारकर बर्बरतापूर्वक निर्मम हत्या कर दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना हरदी जनपद बहराइच पर मु0अ0सं0 369/24 धारा 191(2)/191(3)/190/103(2)/249 भारतीय न्याय संहिता व 3/25/30 आर्म्स एक्ट बनाम अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद आदि के नाम पंजीकृत किया गया था । विवेचना के दौरान कुछ अन्य अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये जिनके परिजनों जिनमें हाजी मसउद अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद इब्राहिम निवासी महराजगंज कस्बा दा0 जोतचांदपारा थाना हरदी बहराइच, हाजी मोहम्मद अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद इब्राहिम निवासी महराजगंज कस्बा दा0 जोतचांदपारा थाना हरदी बहराइच व मुकदमा उपरोक्त में प्रयुक्त आलाकत्ल के शस्त्र धारक व अभियुक्त,अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी महराजगंज कस्बा दा0 जोतचांदपारा थाना हरदी बहराइच का शस्त्र लाइसेंस जनहित में व भविष्य में सामाजिक सौहार्द खराब होने की संभावना के दृष्टिगत रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष हरदी कमल शंकर चतुर्वेदी की आख्या 25 अक्टूबर 2024 जिस पर क्षेत्राधिकारी महसी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की संस्तुति के आधार पर रिपोर्ट वास्ते निरस्तीकरण लाइसेंस आग्नेयास्त्र डीबीबीएल गन 12 बोर संख्या 9911/ए/7 के ला0सं0 256/द्वद्व/94, एसबीबीएल गन 12 बोर संख्या 7389/ए/2 के ला0सं0 259/द्वद्व/94, एसबीबीएल गन 12 बोर संख्या 8054/डी/4 के ला0सं0 261/द्वद्व/95 पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित की गयी

जिसपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बाद विधिक कार्यवाही हाजी मसउद अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद इब्राहिम निवासी महराजगंज कस्बा दा0 जोतचांदपारा थाना हरदी बहराइच का डीबीबीएल गन 12 बोर संख्या 9911/ए/7 के ला0सं0 256/द्वद्व/94, हाजी मोहम्मद अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद इब्राहिम निवासी महराजगंज कस्बा दा0 जोतचांदपारा थाना हरदी बहराइच का एसबीबीएल गन 12 बोर संख्या 7389/ ए/2 के ला0सं0 259/ द्वद्व/94 व मुकदमा उपरोक्त में प्रयुक्त आलाकत्ल के शस्त्र धारक अभियुक्त, अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी महराजगंज कस्बा दा0 जोतचांदपारा थाना हरदी बहराइच का एसबीबीएल गन 12 बोर संख्या 8054/ डी/4 के ला0सं0 261द्वद्व/95 के निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी जिसके क्रम

में शनिवार को थाना हरदी द्वारा उक्त आग्नेयास्त्रों के जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

# धूमधाम से मनाया गया रतहरी विद्यालय मे वार्षिकोत्सव

**जन एक्सप्रेस | मितौली-खीरी**

आज पी एम श्री विद्यालय रतहरी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।वार्षिकोत्सव में ग्राम प्रधान मितौली दिनेश मास्टर एवं खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया विद्यालय के बच्चों द्वारा कबड्डी, खो खो,लंबी कूद, ऊंची कूद ,दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मितौली दिनेश मास्टर द्वारा बच्चों को पुरस्कृत करते हुए खेल के प्रति जागरूक करने के लिए संबोधित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मितौली ने नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की एवं बच्चों को खेल से होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान अध्यापक बृजेंद्र प्रताप सिंह ए आर पी राजेश पाण्डेय ,अनुपम अवस्थी, प्रशांत पांडेय खेल शिक्षक मुनेश कुमार,अमित कुमार शर्मा, कृष्णपाल यादव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले वहां की सरकार व संयुक्त राष्ट्र संघ की नाकामी

- पंचनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर ने गाजी की दरगाह को सूर्य मंदिर बताया, भारत सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**




श्री पंचनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि शनिवार को बहराइच पहुंचे। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले पर वहां की सरकार और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष के लोगों ने बांग्लादेश में सिर्फ मंदिरों को नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान जिले में स्थित गाजी की दरगाह पर भी उन्होंने सवाल उठाया, उन्होंने कहा कि यहां भी मंदिर है और इस जगह पर सूर्य मंदिर बनना चाहिए। इस दौरान सरकार से बांग्लादेश पर सैन्य कार्रवाई की मांग की।

बहराइच जिले के सिसई हैदर गांव में गोंडा जाते समय शनिवार शाम को जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान जिले में स्थित प्रसिद्ध सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सवाल उठाया। बोले इस जगह पर सूर्य मंदिर था, इसलिए यहां पर एक भव्य दिव्य सूर्य मंदिर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने तमाम दुनिया की संस्कृति को विध्वंस करने का काम किया है, भारत मे जितनी मस्जिदें बनी हैं अगर उनको खोदा जाएगा तो वो मंदिरों की नींव पर बनी हुई ही मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में सरेआम मानवता का गला घोंटा जा रहा है।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर भी सवाल उठाए, कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, उस पर संयुक्त राष्ट्र बोलने के बजाए देख रहा है। उन्होंने मोहम्मद यूनुस के बारे में कहा कि ऐसे व्यक्ति को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना बिल्कुल गलत है उससे ये पुरस्कार वापस लिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने भारत की ओर से बांग्लादेश पर सैन्य कार्रवाई की भी मांग की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बहराइच में तैयार हो रही एक और अतुल सुभाष प्रकरण की भूमिका

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**। जिस प्रकार बंगलुरु में तैनात अतुल सुभाष ने जौनपुर निवासी अपने ससुराली जनों से ऊबकर आत्महत्या कर ली उसी प्रकार जिले में एक और व्यक्ति ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को प्रार्थना पत्र सौंपा है। यह मामला हरदी थाना क्षेत्र का है। पीड़ित इस्लाम पुत्र मुश्ताक निवासी ग्राम दहवा थाना हरदी ने बताया कि उसका निकाह करीब 9 वर्ष पूर्व नरगिस नाम की महिला से हुआ था और उनके तीन बच्चे हैं। पीड़ित के अनुसार, कुछ पारिवारिक विवादों के कारण उसकी पत्नी नरगिस 10 दिन पहले अपने माता-पिता के घर चली गई और जब उसे वापस लाने की कोशिश की गई, तो उसकी सास सकीला ने उस पर झूठे आरोप लगाते हुए थाना हरदी में मुकदमा दर्ज करा दिया। प्राथी के खिलाफ धारा 351(3), 352, 115(2) समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इसके बाद पीड़ित का आरोप है कि पुलिस की मदद से ससुराल पक्ष ने उसे झूठे मुकदमों में फंसाया और जबरन घर छोड़ने का दबाव बनाया। पीड़ित ने बताया कि उसकी सास के प्रभाव के कारण स्थानीय पुलिस भी उसका उत्पीड़न कर रही है। इस मामले में उसके भाई असलम और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि वह और उसका परिवार इन झूठे मुकदमों और उत्पीड़न से काफी परेशान हैं। उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है ताकि उसे न्याय मिल सके। पीड़ित का नाम इस्लाम पुत्र मुश्ताक है और वह हरदी थाना क्षेत्र के दहवा गांव का निवासी है। पीड़ित ने जल्द से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।

### राज्य पोषित पूर्वदशम छात्रवृत्ति की संशोधित समय सारणी जारी

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक वर्ग हेतु राज्य पोषित पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शासन द्वारा संशोधित समय-सारणी निर्गत करते हुए ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण तक का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने दी। संशोधित समय सारणी की जानकारी देते हुए श्री मिश्र ने बताया कि विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार किये जाने की तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन करने की तिथि 10 जनवरी 2025 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया करने की तिथि 13 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथ 20 जनवरी 2025 तक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन करने की तिथि 21 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक, एन.आई.सी. द्वारा स्क्रूटनी करने की कार्यवाही 21 से 28 जनवरी 2025 तक पूर्ण की जायेगी। जबकि त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करने की तिथि 29 जनवरी से 03 फरवरी 2025 तक, छात्रों द्वारा सही आवेदन को विद्यालय में जमा करने की तिथि 03 फरवरी 2025 तक तथा संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने हेतु 07 फरवरी 2025 की तिथि निर्धारित की गयी है। श्री मिश्र ने समस्त शिक्षण संस्थान/विद्यालयों से अपेक्षा की है कि संशोधित समय-सारणी के अनुसार क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें।

### थाना गोला पुलिस ने किया किसान का अपहरण करने की घटना खुलासा

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**। थाना गोला पुलिस द्वारा, किसान का अपहरण करने सम्बन्धित घटना के सम्बन्ध में थाना गोला अपहृत विपिन पुत्र प्रभूदयाल निवासी द्वारिकागंज थाना गोला जिला खीरी के अभियुक्त की तलाश थाना गोला पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी । जिसमे सीसीटीवी फोटेज की मदद व मुखबिर की सूचना पर रविवार को समय प्रातः 08.40 बजे अलीगंज रोड पर नहर पुल के आगे जमुनाबाद फार्म कृषि महाविद्यालय के पास से थाना गोला पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त विशाल वाजपेई पुत्र अखिलेश वाजपेई निवासी मोहल्ला बाजार सिंधौली कस्बा व थाना सिंधौली जिला सीतापुर को अपहरण मे प्रयोग की गई कार क् क32स्न5216 बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना का सफल खुलासा किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317(2)/309(6) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है।गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध थाना विधिक कार्यवाही की गई।

### कृषकों के लिए वरदान साबित होगी फार्मर रजिस्ट्री व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह जानकारी उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने दी। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना पूरी तरह से कृषकों हित लाभ के लिए संचालित की जा रही है। योजना से आच्छादित होने वाले कृषकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सब्सिडी व अनुदानों का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। उप निदेशक कृषि ने फार्मर रजिस्ट्री योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे कृषकों सटीक पहचान के साथ-साथ उनकी भूमि और फसल का सही रिकार्ड दर्ज होगा जिससे कृषक कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ्ज्ञ प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर सकेंगे। फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण रूप से डिजिटल होने के कारण किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगा तथा सब्सिडी, बीमा व अन्य लाभ सीधे कृषकों के बैंक खाते में पहुंचेंगे। श्री शाही ने किसानों को सुझाव दिया है कि आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन व नम्बर तथा भूमि रिकॉर्ड (खसरा-खतौनी की प्रति) के साथ कृषक स्वयं अथवा अपने नज़दीकी कॉम्न सर्विस सेन्टर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। श्री शाही ने कृषकों से अपील की है कि जल्द से जल्द आधुनिक कृषि के लिए डिजिटल रजिस्ट्री का लाभ उठाकर अपनी फसल व भविष्य को सुरक्षित बनाएं। किसी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग अथवा राजस्व विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज रूपईडीहा में बाल मेला आयोजित

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

रूपईडीहा। प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज रूपईडीहा परिसर में रविवार को बाल मेले का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रबंधक ए एस स्टैनली ने बाल मेले का शुभारंभ फीता काट कर किया। विद्यालय के प्राचार्य अनुग्रह स्टैनली ने कहा कि बाल मेला बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उनमें कौशल की वृद्धि का माध्यम होता है। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बनाए गए खाने पीने के व्यंजन अभिभावक रुचि के साथ खाते हैं। बच्चों को सामान की बिक्री से होने वाली आय से वह उत्साहित होते है। इस प्रकार बाल मेला शारीरिक - मानसिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। व्यक्तित्व विकास होने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के द्वार भी खोलता है। मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री जैसे पिज्जा, बर्गर, मोमोज, चाट, पानी पूरी, क्रीम रोल, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक आदि स्टाल लगाए तथा गेम जोन में हूपला, बटरिंग दा ब्रिंजल, बैलून ब्लास्टिंग, हिट दा पिरामिड, हिट दा टार्गेट , केन इन बकेट जैसे खेल का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूलों का भी बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया।

# लिफ्ट के बहाने हुई लूट कांड में 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने खुलासा

**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**



लखीमपुर खीरी। लिफ्ट के बहाने लूटपाट करने वाले शातिर गैंग का लखीमपुर खीरी पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों ने थाना खीरी क्षेत्र में एक युवक से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किया है। कैसे दिया घटना को अंजाम?शुक्रवार देर शाम सीतापुर के हरगांव निवासी नीरज कुमार लखीमपुर खीरी से अपने गांव लौट रहे थे। ओयल कस्बे के पास मरघट के पास एक व्यक्ति ने उनकी मोटरसाइकिल को लिफ्ट के बहाने रुकवा लिया। जैसे ही नीरज ने बाइक रोकी, उस व्यक्ति ने मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली। इसके बाद दो और आरोपी वहां पहुंच गए और नीरज को गन्ने के खेत में खींचकर ले गए।अभियुक्तों ने मारपीट और लूटपाट की घटना को दिया अंजाम अपराधियों ने नीरज की शर्ट फाड़ दी, हाथ-पैर बांधकर तलाशी ली।

जब उन्हें पैसे नहीं मिले तो उन्होंने मारपीट कर नीरज का पर्स, बैग और मोबाइल लूट लिया।पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी सूचना मिलते ही थाना खीरी के उपनिरीक्षक नदीम अहमद और कांस्टेबल प्रमेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख आरोपी अपनी मोटरसाइकिल (क्78 ष्क्क8189) छोड़कर भाग निकले। पुलिस की सतर्कता और गहन जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जिले की विभिन्न थानों की पुलिस ने आठ वारंटी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

जिले के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा कुल आठ वारंटी गिरफ्तार किए गए हैं। इन वारंटियों के मुकदमे न्यायालय में लंबित हैं और नियत तिथि पर कोर्ट में शामिल न होने पर उनके विरुद्ध वारंट जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि पूर्व में वांछित चल रहे वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी थाना के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त नौशाद पुत्र इब्राहिम सा0 ग्राम बेड़नापुर उत्तमनगर थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच के घर दबिश दी गई।?वहां वह मौजूद मिले और पुलिस ने उन्हें हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त का चालान कर विधिक कार्यवाही हेतु कोर्ट रवाना किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सक्रिय पुलिस टीम में वरि0उ0नि0 मनोज कुमार राव, कांस्टेबल राहुल गुप्ता तथा अश्वनी विश्वकर्मा शामिल रहे। थानाध्यक्ष रामगांव आलोक सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उप निरीक्षक अजयकान्त द्विवेदी, म0उ0नि0 रचना सिंह, का0 सौहार्द पाण्डेय, जसविन्दर यादव, म0का0 ममता कुमारी द्वारा रविवार को मुकदमों मे वांछित चल रहे 4वांछित अभियुक्तग वशंराज खटिक पुत्र मोहनलाल, लालजी खटिक पुत्र मोहनलाल, शान्ति देवी पत्नी इन्द्रपाल, जगराना पत्नी लालजी खटिक निवासीगण तिवारीपुरवा दा0 रेहुवा मंसूर थाना रामगांव जनपद बहराइच को रामगांव पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। भियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अजय कान्त द्विवेदी म0उ0नि0 रचना सिंह,का0 सौहार्द पाण्डेय, का0 जसविन्दर यादव म0आ0 ममता कुमारी शामिल रहे में थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा रविवार को वांछित अभियुक्त को थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश करने के लिए रवाना किया गया। गिरफ्तारी की सूचना वारण्टी के परिजन को दी गयी। वारंटी की पहचान जोखन पुत्र बुद्धा निवासी दीपापुर थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के रूप में की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 चन्द्रेश्वर मिश्रा, हे0का0 चन्द्रशेखर चौहान शामिल रहे। इसी क्रम में थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा रविवार को 02 वारण्टी अभियुक्तों को थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

वारण्टी की पहचान सीताराम पुत्र श्रीराम मथुरा पुत्र ननकऊ, निवासी नवाब वंगला दा0 अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के रूप में हुई। फायर ब्रिगेड को मिला बुलेट फायर वाहन गली कूचों मेंआग बुझाने के लिए होगा उपयोगी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुंभ मेले में करेंगे उद्घाटन

बहराइच। अग्निशमन विभाग को शासन द्वारा बुलेट फायर वाहन उपलब्ध कराया गया है। इसका उपयोग उन स्थानों पर आग बुझाने में किया जाएगा जहां रास

ता संकरा होता है । बुलेट वाहन एकबार में 15 लीटर पानी ले जा सकता है।

जिले में तमाम जगहों पर तंग व संकरी गलियां हैं। ऐसे स्थानों पर आग लगने की स्थित में दमकल वाहन रास्ता ठीक न होने के कारण मौके तक नहीं पहुंच पाते । जिससे पीडित परिवार काफी नुकसान होता है। इसको देखते हुए अग्निशमन विभाग की ओर से शासन को पत्र भेजकर छोटे वाहन की मांग की गई थी। शासन ने हल्ले में लगने वाली आग को बुझाने के लिए बुलेट फायर वाहन भेजा है। जिस पर पांच लाख से अधिक का खर्च आया है।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि शासन की ओर से बुलेट फायर वाहन भेजा गया है। इस वाहन का उपयोग गली और मोहल्ले में लगने वाली आग को बुझाने में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बड़े वाहन गली में नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में यह बुलेट फायर वाहन नुकसान को कम करने में काफी मदद करेगी। एक बार में वाहन में 15 लीटर पानी जाएगा।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि शासन की ओर से पूरे प्रदेश में ऐसे वाहन दिए गए हैं। इन सभी वाहनों का उद्घाटन कुंभ मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

इसके लिए प्रयागराज बुलेट फायर वाहन ले जाया जाएगा।




# अब बड़े आवासीय प्लाटों की नीलामी करेगा जीडीए

## अब तक लॉटरी के जरिए होता था आवंटन, अब बोली लगाकर पा सकेंगे प्लाट

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

आवासीय प्लाटों के आवंटन को लेकर गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बड़ा बदलाव किया है। प्राधिकरण अब आवासीय प्लाटों की भी नीलामी करेगा। यह नियम 150 वर्ग मीटर यानी 1614 वर्ग फीट से बड़े प्लाटों पर लागू होगा। इससे छोटे प्लाट ई लाटरी के जरिए ही आवंटित किए जाएंगे। इस बदलाव का असर यह होगा कि उच्च आय वर्ग वाले लोगों को अब भाग्य से ज्यादा अपनी आय पर भरोसा करना होगा। अधिक बोली लगाकर वे मनचाहा प्लाट पा सकेंगे। जीडीए में अब तक कामर्शियल प्लाटों व संपत्तियों की ही नीलामी होती थी। ई नीलामी के जरिए बोली लगाकर कोई भी संपत्ति अपने नाम करा सकता था। आवासीय भूखंडों को लाटरी के जरिए आवंटित किया जाता था। यानी जिसकी किस्मत साथ देती थी, उसे प्लाट मिल पाते थे। लेकिन अब उच्च आय वर्ग के लोग चाहें तो अधिक कीमत देकर प्लाट पा सकेंगे।बोली वाले दिन ही जान सकेंगे कि उन्हें कौन सा प्लाट मिला है। प्राधिकरण यह बदलाव राप्तीनगर विस्तार टाउनशिप एवं स्पोर्ट्स सिटी योजना से शुरू करने जा रहा है।

### ऐसे होती है नीलामी

इस समय ई नीलामी कराई जा रही है। इसमें प्राधिकरण हर प्लाट का आधार मूल्य निर्धारित करेगा। इसके बाद इसे ई नीलामी के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इच्छुक लोग आनलाइन आवेदन करेंगे। फिर ई नीलामी वाले दिन आनलाइन बोली लगाई जाएगी। बोली आधार मूल्य से शुरू होकर आगे बढ़ती रहेगी। जो अंतिम बोली होगी, उसी पर प्लाट आवंटित कर दिया जाएगा।

### नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर, तुरंत वापस मिलेगी पंजीकरण धनराशि

जीडीए ऐसी व्यवस्था करने जा रहा है कि जिन्हें ई लाटरी के जरिए प्लाट नहीं मिलेगा, उनकी पंजीकरण धनराशि मामूली कटौती के साथ तुरंत खाते में वापस आ जाएगी। निजी बैंक के साथ मिलकर इसके लिए पोर्टल तैयार किया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इससे काफी सहूलियत होगी।

### राप्तीनगर विस्तार आवासीय योजना के लिए 17 दिसंबर से शुरू हो सकता है पंजीकरण

राप्तीनगर विस्तार आवासीय एवं स्पोर्ट्स सिटी योजना के लिए रेरा से पंजीकरण नंबर मिल चुका है। 17 दिसंबर से इसके लिए पंजीकरण शुरू किया जा सकता है। पंजीकरण शुरू करने को लेकर सभी तैयारियां पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। मकरसंक्राति के बाद आवंटन भी शुरू हो जाएगा। इस योजना में 1800 प्लाट निकाले जा रहे हैं।

### जानिए प्राधिकरण की बात



जीडीए के उपाध्यक्ष आनन्द वर्धन ने बताया कि राप्तीनगर विस्तार आवासीय एवं स्पोर्ट्स सिटी योजना के लिए रेरा से पंजीकरण नंबर मिल चुका है। जल्द ही आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इस बार 150 वर्ग मीटर से बड़े आवासीय प्लाटों के लिए ई नीलामी कराने की तैयारी है।

---

### कोतवाली पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए की कार्रवाई

# इमामबाड़ा परिसर में लग रहे असामाजिक तत्वों के जमावड़े को नखास पुलिस चौकी ने खदेड़ा

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



कोतवाली थाना क्षेत्र के मियां बाजार स्थित इमामबाड़ा स्टेट में पिछले कई दिनों से लावारिस वाहन खड़ी करने और असामाजिक तत्वों के जमावड़े होने की सूचना नखास चौकी इंचार्ज राकेश सिंह को मिली। रविवार दोपहर अपने हमराह सिपाही अवनीश यादव के साथ मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने इमामबाड़ा परिसर में खड़ी लावारिस वाहनो का चालान किया। गौरतलब है कि मौके पर खड़ी गाड़ियों, बाइक वाहन मालिकों को पुलिस ने हटाने की सूचना दिया और हिदायत दी कि अगर यहां से गाड़ी नहीं हटाते है तो उसे टोचन कर इन्हें पुलिस यार्ड में भेजवाया जाएगा। इस सूचना के बाद कुछ वाहन मालिकों ने अपनी वाहन को इमामबाड़ा स्टेट से फौरन हटा दिया। पिछले दिनों एक ब्लैक कलर की गाड़ी जिस पर पुलिस पी कैप रखा है वह काफी दिनों से खड़ी थी। हालांकि पुलिस द्वारा वाहन मालिक के फोन नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। पुलिस ने गाड़ी को टोचन करने के लिए यातायात पुलिस को सूचना दे दी है। रविवार को इमामबाड़ा परिसर में रखे वाहन को टोचन कर हटाने का काम किया । कुछ लड़के इमामबाड़ा परिसर में खेलते हुए पाए गए, जिन्हें सख्त हिदायत दी गई कि वह दोबारा परिसर में बिना इमामबाड़ा मुतवल्ली के परमिशन के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे, अगर ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

# नेपाल के पूर्व मेयर द्वारा जायसवाल समाज के नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस। नौतनवां)महराजगंज**




नौतनवां नगर पालिका क्षेत्र स्थित जायसवाल सभा अतिथि भवन में रविवार अपराह्न समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में सभी नये पदाधिकारियों को समाज के उत्थान हेतु शपथ दिलाई गई7 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पड़ोसी देश नेपाल के नवल परासी के पूर्व मेयर नरेंद्र गुप्ता रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में घुघली ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश जायसवाल व फरेन्दा चेयरमैन राजेश जायसवाल, बृजमनगंज चेयरमैन राकेश जायसवाल, भैरहवा अध्यक्ष अमित गुप्ता ने राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज के चित्र पर माला पहनाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया 7 इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमाशंकर जायसवाल, महामंत्री रिंकू जायसवाल, कोषाध्यक्ष विन्ध्याचल जायसवाल, तथा कार्यकारिणी के तमाम अन्य सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई 7 कार्यक्रम के दौरान नन्दलाल जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल, कृष्ण मुरारी जायसवाल, रमेश चन्द्र जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल, रामरुप जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, अयोध्या प्रसाद जायसवाल, दीपक जायसवाल, ऋषि जायसवाल सहित समाज से जुड़े सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

---

## आईपीएल चीनी मिल में आयोजित हुई कृषक संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** कस्बा खड्डा स्थित आईपीएल चीनी मिल के गेस्ट हाउस परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक एन पी सिंह ने बताया की आईपीएल समूह अमृत इंटर्नर के साथ कृषक वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन समय समय पर करता रहता है। जिसके माध्यम से किसानों को जागरुक किया जाता है। गोष्ठी में आईं कृषि वैज्ञानिक डाक्टर अर्चना, राइज फाउंडेशन के अभय त्रिपाठी ने अपने विचार रखे। केन हेड सुधीर कुमार ने बताया कि युवा इंटर्न एवं महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य को खेती सम्बंधित आधुनिक तकनीक की जानकारी कृषि वैज्ञानिको ने दी है।जिससे हमारे इंटर्न इसका लाभ एरिया के किसानों को देंगे साथ ही कृषि क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। गोष्ठी में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने सहभाग किया। गोष्ठी के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएं अन्य महिला कृषक को जागरूक करने का काम करेंगी जिससे ग्रामीण अंचल में महिला शशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

---

# माध्यमिक शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक हुई संपन्न

- लखनऊ में 18 दिसंबर को आयोजित धरना प्रदर्शन सफल बनाने की बनाई गई रणनीति

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की आवश्यक बैठक बीआरडी इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि 18 दिसंबर को शिविर कार्यालय शिक्षा निदेशक पार्क रोड लखनऊ में होने वाला विशाल धरना, प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर उक्त धरने पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी नेता शिक्षक दल और गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड के यशस्वी और लोकप्रिय विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी सहित प्रदेश नेतृत्व का मार्ग दर्शन मिलेगा धरना 11:00 बजे प्रातः से प्रारंभ होगा शिक्षकों की जो समस्याएं जैसे पुरानी पेंशन बहाली निःशुल्क चिकित्सा सुविधा समान काम के लिए समान वेतन चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12 18 और 21 को पुन स्थापित किया जाए तदर्थ शिक्षकों की बहाली विनियमितीकरण एवं पूर्ण वेतन भुगतान, एनपीएस के रखरखाव में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को समाप्त किया जाए। ,व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्ण कालिक शिक्षक का दर्जा एवं वेतन भुगतान किया जाए ,शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति को और सरल बनाया जाए तथा ,आमेलित विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन का लाभ जैसे विषयों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौपा जाएगा ।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उक्त धरने में देवरिया जनपद से सैकड़ो शिक्षक भाग लेंगे प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने जो उपलब्धियां हासिल की आज वह क्रमशः छीनी जा रही है । उन्होंने कहा कि अब संघर्ष के अतिरिक्त कोई मार्ग शेष नहीं है। शिक्षकों को करो या मरो की नीति पर काम करना होगा ।

जिला मंत्री विजय भारत सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय इकाई से कम से कम दो शिक्षक जाएंगे तो लगभग 300 शिक्षक आंदोलन में भाग लेने के लिए, लखनऊ जाएंगे संघर्ष के तीसरे चरण में प्रदेश का यह धरना ऐतिहासिक होने जा रहा है जिला मंत्री ने जनपदीय शिक्षकों से अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील किया कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे ने स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षक संगठन के दबाव में अब जिला स्तर पर सुधार हुआ है किंतु संघर्ष के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने रैली में अधिकाधिक संख्या में शिक्षकों से भाग लेने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से गोरख गुप्ता मुस्ताक ,अहमद अशोक शुक्ला, राजेश पांडे ,रवि प्रताप सिंह, राजेश गुप्ता, धनंजय उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, विमलेंद्र दीक्षित, नीरजा सिंह, धर्मेंद्र मौर्य, भारत ,आशीष सरोज, महेंद्र प्रताप ,ओमप्रकाश तिवारी, सर्वेश दीक्षित, अविनेश कुमार सिंह, प्रभाकर मणि, करुणेश सिंह, विनोद शाही, राम प्रताप यादव , रामाश्रय कुशवाहा आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

---

# स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव–पप्पू पांडेय

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को पडरौना विकास खंड के भरपटिया ग्राम सभा में स्वच्छ रहो पुरस्कार पाओ कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा नेता पप्पू पांडेय के नेतृत्व मे स्वच्छ रखने के लिए सर्फ साबून ,कीटनाशक और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक दीप नारायन अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू पांडेय ने कहा कि हम सभी का नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने घर और अगल बगल स्व्च्छता का ध्यान दे

आगे कहा की ये मेरा मानना हैं कि स्वच्छ समाज से ही स्वक्ष राष्ट्र का निर्माण होता हैं आज गंदगी, अग्यानता और महामारी के चलते ही समाज मे इंसेफ्लाइटिस, जलजलित रोग,बुखार समाज मे अपना पाँव पसार चुका हैं जिससे असमय मृत्यु हो रहा हैं।

हम अगर थोड़ी ही सावधानी और स्वक्षता पर ध्यान देना शुरु करे तो असमय मृत्यु और बहुत सारी बीमारियों का समूल नाश कर सकते हैं आज अगर समाज मे बीमारी व्याप्त हैं तो उसका 90 प्रतिशत कारण साफ़ सफ़ाई का ना होना हैं

संगठन द्वारा समय समय पर स्वक्षता का कार्यक्रम चला कर समाज को स्वच्छ करने का कार्य किया जाएगा और समाज को स्वस्थ बना कर राष्ट्र के मूल धारा से जोड़ना हैं। इसी क्रम में प्रतियोगिता चलाया जा रहा हैं कि जो परिवार अपने घरों को और शरीर को स्वच्छ रखेगा उसको प्रथम पुरस्कार के रूप में 501रु, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 300रु और तृतीय पुरस्कार के रूप में 201रु संगठन के तरफ से दिया जाएगा,और उन परिवारों को चिन्हित कर संगठन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

इस इस अवसर पर प्रमुख रूप से बबिता, बसंती, चांदनी, विंदा ,सविता ,मंजू ,रीता ,फूलमती, आशा, गीता आदि सहित सैकड़ों परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

---

## मंडल अध्यक्ष के लिए 6 कार्यकर्ताओं ने की दावेदारी

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के द्वारा मंडल चुनाव को लेकर रविवार को तुर्कपट्टी मंडल के सूर्य मंदिर प्रांगण में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र सिंह के के समक्ष 6 भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया गया। चुनाव अधिकारी रमेश चंद सिंह ने कहा कि अब इन नामांकन पत्रों को क्षेत्रीय कार्यालय भेजा जाएगा। जिसके बाद मंडल अध्यक्षों का चयन होगा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया पार्टी की आंतरिक और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने के लिए की जा रही है। जिसमें 6 भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है । नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में वर्तमान मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सुधीर मिश्रा ,ललन कुशवाहा, गिरीश पांडे, अजय ओझा ,राजेश चौहान सहित 6 लोगों का नामांकन दाखिल किया है। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विद्याधर ओझा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, तीर्थराज, उग्रसेन सिंह, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# निशुल्क नेत्र शिविर में 150 मरीजों की जांच कर दी गई दवा

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



रामकोला नगर क्षेत्र के वार्ड नम्बर 16 अहिरौली कुस्मही मे रविवार को भारतीय युवा मोर्चा के जिला मंत्री आदित्य मिश्रा व भाजपा नेता शेष मणि के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया जहां गांव के अगल-बगल के लोगों ने अपनी आंखों का जांच कराने पहुचे जहा एक सौ पचास मरीजों की आंख की जांच की गयी।

चिकित्सकों ने निशुल्क दवाई दी तथा चस्मा वितरण किया गया। इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर सर्जन आई केयर के पहुंचे डॉक्टर शकील अहमद, अफरोज अंसारी, आर एन कुशवाहा ने आए मरीज को बारी बारी से से उनकी आंखों की जांच की तथा पास रखी दवाई का वितरण किया। तथा जो व्यक्ति की आंख की रोशनी बिना ऑपरेशन की ठीक ना हो उसके लिए ऑपरेशन कराने की सलाह दी। इस मौके पर भारतीय युवा मोर्चा के जिला मंत्री आदित्य मिश्रा ने कहा कि गांव में गरीब व्यक्तियों का सहारा बनने की जरूरत है। आज पैसे के अभाव में शहर में इलाज कराने बुजुर्ग व्यक्ति तथा महिलाएं नहीं जा पा रहे। निशुल्क नेत्र शिविर से लोगों को लाभ मिलता है जो ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे कैंप लगाकर इलाज कराने की आवश्यकता है। इस मौके पर 150 मरीजों की आंख की जांच हुई इस मौके पर ओम प्रकाश कुशवाहा, सुदर्शन कुशवाहा, आशीष मिश्रा, अखिलेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

---

# पत्रकार रमेश शुक्ला की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत, पत्रकारों में शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस। रुद्रपुर देवरिया**



रुद्रपुर के एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु देवरिया भेज दिया। उपनगर के पूर्वी तिवारी टोला निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार रमेश शुक्ला पुत्र श्रीकांत शुक्ला 60 वर्ष रविवार को वह किसी काम से अपने लड़के के साथ स्कूटी से देवरिया जा रहे थे। वह अभी मंगरु चौराहा पहुंचे थे कि दोपहर के 1:30 के करीब पीछे से आ रही टेंपो ने स्कूटी में ठोकर मार दिया जहां स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरे और वह टेंपो के चपेट में आ गए जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टेंपो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया ।सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु देवरिया भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रमेश शुक्ला अपना पूरा जीवन पत्रकारिता में ही समर्पण कर दिया वह अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों में अपनी पहचान बनाए थे। वह निडर और निर्भीक पत्रकार थे। इस घटना से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके केवल तीन लड़के थे। देर रात सो घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। उनका दाह संस्कार सोमवार को नगर स्थित बैकुंठ धाम पर किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद, रतन पाल सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि छठेलाल निगम, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा, समाजसेवी मन्मथ त्रिपाठी, दिलीप जायसवाल, प्रधानाध्यापक राणा प्रताप सिंह, विनोद गुप्ता,शशांक शेखर गुप्ता,लल्लन गुप्ता, सहित जनपद के सभी पत्रकारों ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

---

## हॉली फ्लेम एकेडमी कुरी बाजार में कार्यक्रम प्रेरक का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** बेलघाट क्षेत्र के कुरी बाजार में स्थित हॉली फ्लेम के एकेडमी में प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर दृष्टि आईएएस के मेंटर दुर्ग प्रताप नारायण सिंह मौजुद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर चौकी प्रभारी कुरी बाजार गोपाल यादव, बेलघाट भाजपा मण्डल अध्यक्ष तारकेश्वर मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह संयुक्त रूप से मौजुद रहे। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के विश्वजीत चंद ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक शिवेन्द्र सिंह उर्फ विक्की सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने डिपीएन सर से कई सवाल पूछे और उनकी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए।

---

# डॉक्टर अच्युतानंद तिवारी की स्मृति में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर**



तहसील स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता रविवार को उपनगर गोला के रामलीला मैदान में सरयू अमृत महोत्सव 2024 के तहत धुरियापार के पूर्व विधायक स्व डॉ अच्युतानंद तिवारी के स्मृति में आयोजित हुई।रंगोली प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक भाजपा ज़िला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने बताया कि धुरियापार के पूर्व विधायक रहे स्व. डॉ अच्युतानंद तिवारी की स्मृति में तहसील स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में गोला तहसील के 11 विद्यालय के प्रतिभागी बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। श्री कसौधन व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रवीण तिवारी ने बताया कि सरयू अमृत महोत्सव के मुख्य संयोजक चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी द्वारा इस बार महोत्सव को अलग और ऐतिहासिक रूप से मनाया जा रहा है।जिसमें सभी तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को खोजा जा रहा है और उन्हें मंच दिया जा रहा है,जिससे वो अपने क्षेत्र में आगे बढ़ सके।इस प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को नगद 3 हजार रुपए और प्रमाण पत्र दूसरे विजेता को 2 हजार रूपए प्रमाण पत्र और तीसरे विजेता को 1 हजार रुपए नगद और प्रमाण पत्र दे कर 21 दिसंबर को सरयू अमृत महोत्सव के मंच से सम्मानित किया जाएगा।इस दौरान चिल्लूपार विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रशांत शाही ,राकेश कुमार यादव, उमेश कुमार यादव, मनोज मिश्रा ,आलोक पाण्डेय ,विद्याधर पाण्डेय, देवेश निषाद, सचितानंद राय, रमाशंकर, डॉक्टर सीके निगम ,रिंकू चौधरी, प्रवीण दूबे, जय शंकर तिवारी ,सुरेंद्र यादव, उदय शंकर गुप्ता, एडवोकेट विनय पाण्डेय ,शैलेष दास ऊर्फ मंटू बाबा ,पवन त्रिपाठी ,मनोज तिवारी ,अर्जुन सोनकर, ठाकुर मुनील सिंह, सुमित सिंह ,बबलू सोनकर ,इमरान अंसारी ,सुदर्शन आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण गन्ना वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**




जनपद के जिला गन्ना अधिकारी द्वारा चीनी मिल अकबरपुर में औचक निरीक्षण किया गया जिसके दौरान चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) रविन्द्र सिंह, सहा0 महाप्रबन्धक (गन्ना) अरविन्द सिंह उपस्थित रहें। औचक निरीक्षण के दौरान चीनी मिल में गन्ना खरीद व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन एंव चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले वाहनों पर रात्रि रिफ्लेक्टर लगायें जाने सम्बन्धी कार्यों की प्रगति की सम्बन्धी जांच की गयी जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में चीनी मिल के अधीन गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रकों/कृषकों की ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रात्रि रिफलेक्टर लगाये गये है तथा उपस्थित गन्ना कृषको एव वाहन चालकों को स्वंय अपनी एवं जनहित की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये यातायात नियमों का पालन करने सम्बन्धी सलाह दी गयी।

रविन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों की गन्ना लदी ट्राली के पीछे रात्रि रिफलेक्टर लगाने का अभियान चलाया जा रहा है एवं गन्ना लेकर चीनी मिल आने वाले कृषकों की ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रात्रि रिफलेक्टर लगाये जा रहे है।

उन्होंने ने कृषकों से अपील करते हुये कहा कि किसान भाई चीनी मिल को जड़-पत्ती-अगौला रहित, साफ-सुथरा एंव ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। गन्ना आपूर्ति हेतु एस0एम0एस0 पर्ची मिलने पर ही गन्ना कटाई करें, गन्ना बंधन हेतु सूखी पत्तियां अथवा धान के पुआल का प्रयोग करें तथा गन्ने की कटाई व छिलाई करते समय गन्ने को बीच से न काटें व वजन में कमी से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचे। इसके अतिरिक्त उन्होने बताया कि किसान भाई गन्ने की पेड़ी कटाने के बाद गेहूं की फसल पैदा करते है तथा गेहूं की कटाई के बाद देर से गन्ने की बुआई करने के कारण फसल की बढ़वार को पूरा समय न मिलने के कारण कम उपज प्राप्त होती है।

इसलिये किसान भाई गेहूँ की छिटवा विधि से बुवाई करने के बाद उन खेतों में गन्ना बुवाई यंत्र (रेजर) से नाली बना दें तथा फरवरी माह में इन नालियों में सिंचाई करके गन्ने के दो-दो आँख के टुकडे दबा दें। इससे खेत में फरवरी माह में ही गन्ने की बुवाई हो जायेगी तथा अप्रेल माह में गेहूँ की कटाई होने के उपरान्त सिचाई करके गन्ना फसल में खाद /उर्वरकों का प्रयोग कर दें। इससे गन्ने की पैदावार अच्छी होगी तथा गेहूँ की पैदावार पर भी पर कोई कुप्रभाव नही पड़ेगा। अरविन्द सिंह, सहा0 महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि चीनी मिल द्वारा अभी तक क्षेत्र का 20.35 लाख कु0 गन्ने की पेराई कर ली गयी है तथा चीनी मिल द्वारा त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान के अन्तर्गत दिनांक 07 दिसम्बर तक खरीद किये गये गन्ने का भुगतान बैंको के माध्यम से कृषकों के खातों में कर दिया गया है तथा चीनी मिल आगे भी त्वरित भुगतान के लिये प्रतिबद्ध है अतः कृषक भाई अपना गन्ना औने-पौने दाम पर कोल्हू/क्रेशरों पर न बेंचे, चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति कर अपने गन्ने का उचित दाम प्राप्त कर लाभ अर्जित करें।

## कैंपस में पढ़ाई की तैयारी शुरू, मार्च में लग सकती हैं कक्षाएं

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

सवा सौ एकड़ में विवि का निर्माण किया गया है। इसकी घोषणा सितंबर 2019 में हुई थी। दो वर्ष बाद सितंबर 2021 में पीएम नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया था। तीन वर्ष से यहां निर्माण कार्य हो रहा है।

अलीगढ़-पलवल हाईवे पर लोधा में बन रहे राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि में मार्च 2025 से पठन-पाठन शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। कैंपस में मार्च से पढ़ाई शुरू हो सकती है। विवि के कुलसचिव विजय सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था से हाल ही बात हुई थी। इस वार्ता में कुलपति भी थे। कार्यदायी संस्था को मार्च 2025 तक विवि का भवन पूरा करने का निर्देश दे दिए गए हैं। मार्च 2025 से यहां पठन पाठन शुरू होने की उम्मीद है।

# रास्ता भटका मासूम दिल्ली में ऑटो चालक को मिला

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**




अतरौली के गांव मूड़ा खेड़ा का एक चार वर्षीय बालक हर्ष रास्ता भटककर दिल्ली पहुंच गया। शीलमपुर दिल्ली में ऑटो टेंपो चालक जहीर खां को यह बालक मिल गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी सूचना दी। एक बालक रास्ता भूल गया। बालक एक ऑटो चालक को मिल गया। उसने बालक के साथ वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो में बालक को पहचान कर परिजन उसे लेकर आए।

अतरौली के गांव मूड़ा खेड़ा का एक चार वर्षीय बालक हर्ष रास्ता भटककर दिल्ली पहुंच गया। शीलमपुर दिल्ली में ऑटो टेंपो चालक जहीर खां को यह बालक मिल गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी सूचना दी। हर्ष के परिजन भी दिल्ली में शीलमपुर इलाके में रहते है। सोमवार को गायब हुए बालक को परिजन खोज रहे थे। ऑटो चालक ने द्वारा वायरल की गई वीडियो के आधार पर परिजन उसके पास पहुंच गए और बालक उन्हें सकुशल मिल गया।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनायी गयी पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर,**



भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में कई महान व्यक्तित्व ने भाग लेकर अभूतपूर्व योगदान दिया उन्ही महान व्यक्तित्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भी है उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान ने कही। उन्होंने कहा सरदार पटेल महान नेता कुशल प्रशासक और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। वे हमारे आदर्श है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रांजल तिवारी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने कहा आगामी 18 दिसम्बर को लखनऊ विधानसभा घेराव में जनपद के कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनायेंगे। कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र ÷बब्लू÷ ने बताया आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर 18 दिसम्बर को होने वाले विधानसभा घेराव के तैयारी की समीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान और युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रांजल तिवारी आये।बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र और संचालन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यालय से पदमार्च करके पटेलनगर तिराहे स्थिति भारतरत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अमित जायसवाल, मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र ÷बब्लू÷, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ÷छोटू÷, सुखीलाल वर्मा, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, श्रीकांत वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, आदित्य नारायण तिवारी, नायाब कुमार, राहुल पाण्डेय, कदीर खान, सहदवन अली छोटू, प्रतीक चौधरी, अतुल दूबे, सोहन गुप्ता, अंशू मौर्य, शैलेन्द्र यादव, शशिकांत वर्मा, मो हबीब आदि उपस्थित रहे।

# इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में छात्राओं को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमडीके बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में शैक्षिक भ्रमण कराया गया । भ्रमण में छात्राओं ने सीमावर्ती क्षेत्र के धार्मिक, ऐतिहासिक तथा प्राकृतिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया ।

जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को एमडीके बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा शैक्षिक भ्रमण किया गया । भ्रमण के दौरान उन्हें धार्मिक स्थल विभूति नाथ, सिरसिया के जंगल, सोनपथरी, भारत नेपाल बॉर्डर का भ्रमण कराया गया । धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के विषय में बच्चों को जानकारी दी गई । बड़े उत्साह के साथ भ्रमण कार्य सफल रहा । शैक्षिक भ्रमण से लौटने के बाद छात्राओं ने खुशी जहिर की । भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य साधना पांडे, वरिष्ठ अध्यापिका नीलम भारती, स्मिता पाठक, शशि बाला शुक्ला, पूर्णिमा पांडे, स्वाति श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, वंदना एवं रमेश शुक्ला, अनिल सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस-आरटीओ अंजान: हर ऑटो में चालक संग तीन सवारी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

आरटीओ में पंजीकृत ऑटो की संख्या की अगर बात करेंगे तो 819 है लेकिन सड़कों पर 5000 से भी ज्यादा हैं। इतना ही नहीं जिनका परमिट गांव का है वह भी महानगर में चल रहे हैं। लेकिन फिर भी कोई देखने वाला नहीं है।

आप किसी भी ऑटो में देख लीजिए। चालक सवारियों के बीच फंसा-फंसा सा ही नजर आएगा। उसकी वजह भी वह खुद ही बनते हैं। नियमानुसार चालक अपने साथ किसी सवारी को नहीं बैठा सकता लेकिन वह मुनाफे के फेर में तीन लोग अपने साथ आगे बैठा लेता है। क्षमता भले ही पांच सवारियों की होगी लेकिन बारह लोग बैठाए जा रहे हैं। हैरानी इस बात की है कि न तो कभी ट्रैफिक पुलिस इस पर ध्यान देती और न ही आरटीओ। जिम्मेदारों की यही अनदेखी भारी पड़ सकती है।

शहर में दौड़ रहे ऑटो के लिए रूट निर्धारण की योजना तैयार की जा रही है, जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जाएगा। जहां भी क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जाएंगी वहां भी कार्रवाई होगी।- मुकेश चंद्र उत्तम, एसपी यातायात

जो ऑटो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ समय -समय पर कार्रवाई की जाती है। बिना रूट परमिट चलने वाले ऑटो के खिलाफ कार्रवाई को अभियान चलाया जाएगा।- दीपक शाह, आरटीओ प्रशासन

इस समय ऑटो से ज्यादा ई-रिक्शा की भीड़ है। शहर के किसी भी चौराहे या सड़क पर देख लीजिए ई-रिक्शा की लाइन नजर आ जाएगी।

## कंपकंपाने लगीं रातें, ठंड से बढ़ा मानसिक तनाव, महिलाएं सर्वाधिक प्रभावित

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

सर्दी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कामकाज पर भी इसका असर दिख रहा है। लोग शाम से ही अलाव तापते दिख रहे हैं। एएमयू के भूगोल विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी।

इन दिनों हिमालय, हिमाचल और उत्तराखंड में जबरदस्त बर्फबारी हो रही है। इसका असर मैदानों तक दिख रहा है। शीतलहर से लोग कंपकंपा रहे हैं। आज पूरे दिन ठंडी हवाओं से लोग परेशान रहे। दिन का अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 4 डिग्री दर्ज हुआ। बीते पांच दिनों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

सर्दी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कामकाज पर भी इसका असर दिख रहा है। लोग शाम से ही अलाव तापते दिख रहे हैं। एएमयू के भूगोल विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। इधर, फसलों पर मौसम का असर हो रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार किसान आलू, गेहूं, सब्जी और फलों के लिए विभाग से जानकारी कर लें। फसलों को सिंचाई की जरूरत हो सकती है।

अलनीना के असर से इस बार ठंड दिसंबर के पहले पखवाड़े में ही शुरू हो गई है। इन दिनों हिमालय, हिमाचल और उत्तराखंड में जबरदस्त बर्फबारी हो रही है। इसका असर दिख रहा है। शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया है। भारतीय मौसम विभाग भी शीतलहर की चेतावनी दे रहा है। माना जा रहा है कि इस बार सर्दी ज्यादा दिनों तक रहेगी।-अहमद मुज्तबा सिद्दीकी, भूगोल विभाग एएमयू।

वर्तमान में किसानों को फसलों की जरूरत का ध्यान रखना चाहिए। अगर सिंचाई की जरूरत है तो पानी दें। फसल के आसपास आग जलाएं धुआं दें, लेकिन इसके लिए पहले फसल के अनुसार विभाग से जानकारी कर लें।-यशराज सिंह, उप कृषि निदेशक।

# एकतरफा प्रेम के कारण प्रेमी ने की छात्रा की हत्या सनकी प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई सनसनीखेज कक्षा 8 की छात्रा हत्या मामले में पुलिस ने हत्या अभियुक्त सनकी प्रेमी को गिरफ्तार कर रविवार को मामले का खुलासा कया है । पुलिस के अनुसार अभियुक्त द्वारा एकतरफा प्रेम के कारण घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 15 दिसंबर को बताया कि 14 दिसंबर को 112 की पी0आर0वी0 को सूचना मिली कि समदा लोनियनपुरवा में लड़की की गांव का ही धर्मपाल चौहान उम्र 19 वर्ष ने चाकू मारकर हत्या कर दिया है। इस सूचना पर तत्काल पी0आर0वी0 व थाना स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँचकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मृतका के शव का पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही नियमानुसार करायी गई। इस संबंध में मृतका के भाई हरीश चौहान पुत्र रामदीन नि0 समदा लोनियनपुरवा की तहरीरी सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर नामजद धर्मपाल चौहान पुत्र अनन्तराम चौहान नि0 समदा लोनियनपुरवा थाना को0 देहात बलरामपुर के नाम मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना को0 देहात अन्तर्गत हुयी हत्या की घटना का अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर दिए गए सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृज नन्दन राय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह थाना को0 देहात बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित अभियुक्त धर्मपाल चौहान नि0 समदा लोनियनपुरवा थाना को0 देहात बलरामपुर को समदा लोनियनपुरवा से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर कत्ल में प्रयुक्त चाकू व घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहना खून से सना स्वेटर बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई । अभियुक्त धर्मपाल चौहान पुत्र अनन्तराम चौहान नि0 समदा लोनियनपुरवा ने पूंछताछ में बताया कि मेरा और मृतका का प्रेम प्रसंग चल रहा था । मै उससे शादी करना चाहता था, किन्तु मृतका ने अब मुझसे बातचीत करना बंद कर दिया था, उसके घर वाले भी मुझसे चिढ़ते थे । बस इसी बात से गुस्सा होकर मैने उसकी हत्या कर दी है । सनकी प्रेमी ने स्कूल जाते समय गांव के बाहर रास्ते में रोककर छात्रा के ऊपर चाकू से हमला किया । घायल अवस्था में छात्रा को घसीट कर गन्ना के खेत में ले गया और मेढ़ पर उसके गले पर चाकू से प्रहार किया । मृत जानकर छात्रा के शव को अपने कंधे पर लेकर गांव की ओर जा रहा था, तभी गांव के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी । परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को अस्पताल पहुंचवाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया । इसी बीच गांव वाले ने सन कीपमी की लात घूसों से जमकर धुनाई की । पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गांव वालों से छुड़ाकर गिरफ्तार कर लिया । एसपी नहीं बताया कि आरोपी प्रेमी कुछ ही दिन पहले जालंधर से कमाई करके लौटा था और वहीं से अपने साथ चाकू भी खरीद कर लाया था। इससे प्रतीत होता है उसने हत्या के लिए ही चाकू खरीदी थी और गांव पहुंचते ही मौका पाकर घटना को अंजाम दिया । गिफ्तारी कर्ता टीम में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उ0नि0 किसलय मिश्रा, उ0नि0 राजेश चन्द्र, हे0का0 श्याम सुन्दर, हे0का0 आलोक शुक्ला, का0 पंकज यादव, का0 देवेन्द्र यादव तथा का0 धन्नू प्रसाद शामिल थे।

## घर से बुलाकर मोनू को ले गए साथ, रास्ते में ईंटों से कुचलकर मार डाला

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा के मलपुरा थाना क्षेत्र में युवक की हत्या कर दी गई। परिजनों ने युवक के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के धनौली में एक युवक को उसी के साथियों ने शुक्रवार की देर शाम पीट-पीटकर मार डाला। जानकारी मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनौली के लक्ष्मणपुरी निवासी 25 वर्षीय मोनू पुत्र बनवारीलाल मजदूर था। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि शुक्रवार की दोपहर बस्ती के ही कुछ युवक मोनू के अपने साथ लेकर गए थे। रास्ते में मोनू से उन्होंने रुपये की मांग की। रुपये न देने पर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि कौशल्या गार्डन के समीप साथियों ने ईंट से मोनू पर हमला कर दिया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मोनू को तिरपाल से ढंककर फरार हो गए। इसकी सूचना मोनू के परिवार को देर शाम मिली।

## भाजपा संगठन चुनाव की प्रक्रिया के दौरान बवाल, जमकर चले लाठी-डंडे; दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया के दौरान आगरा में बवाल हो गया। मंडल अध्यक्ष पद के दावेदार आमने सामने आ गए। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। इस दौरान एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

आगरा में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया के दौरान शनिवार दोपहर को नुनिहाई में बवाल हो गया। सीता नगर मंडल अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने आए युवा मोर्चा के पदाधिकारियों में एक-दूसरे पर टिप्पणी करने पर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष महिला मोर्चा और सीता नगर मंडल प्रभारी की मौजूदगी में दावेदारों और उनके समर्थकों ने एक दूसरे को दौड़ाकर डंडों से पीटा। आधा घंटे तक हंगामा होता रहा। इस दौरान लोगों की भीड़ भी लग गई। नुनिहाई रोड पर जाम की स्थिति भी बन गई। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। केस दर्ज कराए गए हैं।

शनिवार को नुनिहाई में शिव मंदिर में सीता नगर मंडल अध्यक्ष पद के दावेदारों के आवेदन की प्रक्रिया चल रही थी। मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष महिला मोर्चा रंजना पवार और सीता नगर मंडल की प्रभारी मौजूद थीं। ट्रांस यमुना कॉलोनी के भाजयुमो नेता पिंटू गुप्ता भी आए थे। आरोप है कि मंदिर के मुख्य गेट पर उन्हें सचिन भदौरिया, सौरभ ठाकुर, गौरव शर्मा, धीरज तोमर, अंकित वर्मा, मिलन ठाकुर ने टिप्पणी की। इसके बाद हमला बोल दिया। उन्हें और उनके साथ आए लोगों को डंडों से पीटा। हमलावरों ने जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पिटाई लगाई। इस पर लोग जुट गए। उन्हें किसी तरह बचाया गया। वह थाने आ गए। उधर, सचिन भदौरिया पक्ष के गौरव शर्मा ने पिंटू गुप्ता और उनके समर्थकों पर हमले का आरोप लगाया है।

# वार्षिकोत्सव समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह शनिवार शाम आयोजित किया गया।जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर की शाम बीएचकेएस बाल भारती इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम, एवं विशिष्ट अतिथि एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके समारोह का शुभारंभ किया। कालेज के प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि 1972 मे विद्यालय की स्थापना के बाद कालेज उत्तरोत्तर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है । यहां से शिक्षा प्राप्त अनेकों छात्र छात्राएं उच्च पदो पर सेवा कार्य कर रहे है। मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान मे इंटरमीडिएट परीक्षा मे पांचो विषयो मे 75 प्रतिशत आनर्स अंक प्राप्त छात्र छात्राओं मे मो0 आरिश खान, अंशिका सरोज, अंशिका पाठक एवं हाईस्कूल परीक्षा मे 93 प्रतिशत अंक प्राप्त मानवी चौहान को 5000 रुपए का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अपने संबोधन मे विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जेपी पांडेय ने कहा कि कालेज के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान वास्तव मे उज्जवल भविष्य के लिए एवं उच्च स्तरीय शिक्षा को प्रोत्साहित करने का सार्थक सहयोग होगा। मै बच्चो के उच्च स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण की भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं । अपने सारगर्भित सम्बोधन मे मुख्य अतिथि पलटू राम ने कहा कि बाबू हरी कांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज उच्च स्तर की शिक्षा का केंद्र तो है ही, साथ साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास एवं उनकी प्रतिभा को निखारने का विशेष कार्य कर रहा है। बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक एवं समाज के लिए प्रेरक रहे है। विशिष्ट जनों मे अनिल कुमार सिंह, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डा0 राकेश चन्द्रा, एमएलके पीजी कलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा0 राजीव रंजन, डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, केपी यादव प्रधानाचार्य सीएमएस इंटर कॉलेज डा0 एमपी तिवारी, डायरेक्टर पायनियर पब्लिक स्कूल तथा डीपी सिंह ने समारोह को संबोधित किया। बच्चो द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अर्चिता व नूर फातिमा द्वारा सरस्वती वंदना, अंजन चौहान द्वारा शिव तांडव, अनोखी, प्राची, खुशी, नैना, अलीशा द्वारा देशभक्ति नृत्य, नारी शक्ति, एकल नृत्य तनिशा आनंद, काजल मिश्रा, चंदन चौहान, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, मुस्कान पंकज द्वारा, पंजाबी नृत्य, गरबा नृत्य, हनुमान चालीसा पर आकर्षक समूह एक्शन नृत्य, सोशल नेटवर्क वेबसाइट के दुष्प्रभाव पर सामूहिक जाग्रत कार्यक्रम महक, खुशी, मरियम, संजना, मानवी, नोशीन द्वारा आकर्षक प्रस्तुतीकरण सहित अनेकों ज्ञानवर्धक एवं मनभावन कार्यक्रमो की प्रस्तुती छात्र छात्राओं द्वारा की गई। समारोह मे प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी, मोनिका श्रीवास्तव, अनीता चौहान, सौरभ श्रीवास्तव, वंदना सिंह, उमा पांडेय, मनीष कुमार, नूतन श्रीवास्तव, अंशुल सिंह, डाल मणि पाठक, संचित राम वर्मा, बृजेश त्रिपाठी, साक्षी पांडेय, उप सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव का आयोजन मे महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह मे डा0 प्रांजल त्रिपाठी, डा0 विमल त्रिपाठी, डा0 अब्दुल कयूम, डा0 केके राना, रघुनाथ अग्रवाल, हारिश बिन खालिद एवं बड़ी संख्या मे अभिभावक, अतिथि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जन कल्याण सुरक्षा संघ का तृतीय स्थापना दिवस समान समारोह कार्यक्रम मनाया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद पीलीभीत के शहर एक बैंकट हॉल में सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ जेकेएसएस के तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने कार्यक्रम में पहुंचकर सरस्वती माता एवं गणेश भगवान की तस्वीर के सामने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों ने फूल मलाए डालकर जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम पदाधिकारीयों एवं उन सभी लोगों का फूल माला डालकर स्वागत किया गयाङ्बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने अपने संबोधन में कहां की जन कल्याण सुरक्षा संघ सामाजिक में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है लोगों को सहयोग करना चाहिए जिससे की और ज्यादा हर वर्ग के लोगों की मदद हो सके अगर संगठन इसी तरह से कार्य करता रहेगा तो हम सदैव संगठन के साथ खड़े रहेंगे और कहां कि संगठन के किसी व्यक्ति को कोई समस्या परेशानी होती है तो मुझसे संपर्क करें में उसकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने कहा कि संगठन हमेशा समाज के तबीयत कुछ नहीं शोषित वंचित गरीब किसान मजदूर एवं कमजोर वर्ग के लोग भी मदद करता है किसी तरह से दबाए हुए सताए हुए लोग सीधे हमारे पदाधिकारी से संपर्क करें उनकी मदद होगी संगठन प्रशासन की भी मदद करता है कभी-कभी कई तरह की घटनाएं घटित होती हैं व्यस्त होने के कारण प्रशासन के लोग समय पर नहीं पहुंच पाते हैं लेकिन हमारे पदाधिकारीगण उनकी मदद करने के लिए तैयार रहते और प्रशासन को तत्काल अवगत कराते हैं घटना से संबंधित अधिकारियों को चाहते हैं कि हर वर्ग के लोगों को संगठन से जुड़ना चाहिए और जुड़कर समाज हित में कार्य करना चाहिए संगठन जितना मजबूत होगा ज्यादा से ज्यादा हर वर्ग के लोगों की मदद की जाएगी कार्यक्रम के अंत में गरीब बुजुर्ग महिलाएं पुरुषों को गर्म साल एवं विभिन्न तरह के उपहार देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम को संघ के राष्ट्रीय महासचिव श्रीपाल सिंह प्रदेश सचिव संतोष सिंह राठौर जिला प्रभारी मूलचंद पाण्डेय जिला अध्यक्ष युवा अमित कुमार गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष महिला विमला शर्मा जिला अध्यक्ष महिला लक्ष्मी सक्सेना नगर अध्यक्ष महिला चन्द्र कान्ता जिला उपाध्यक्ष महिला कविता वंसबाल उमा मिश्रा ने संबोधित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष बरेली प्रेमचंद गुप्ता मंडल प्रभारी यशपाल मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट जागीर सिंह यादव अमरिया तहसील अध्यक्ष सोमप्रकाश पाल ललौरीखेड़ा ब्लॉक उपाध्यक्ष नंदराम वर्मा ब्लॉक सचिव ललौरीखेड़ा रामपाल गंगवार युवा जिला उपाध्यक्ष सजल मिश्रा लक्ष्मीपुर ग्राम अध्यक्ष माखनलाल राजपूत रफियापुर ग्राम अध्यक्ष अरविंद कुमार जमुनिया खास ग्राम अध्यक्ष हरिशंकर यादव सुहास ग्राम अध्यक्ष जयवीर सिंह कश्यप जिला अध्यक्ष बदायूं मदनेस गुप्ता जिला महासचिव बदायूं शुभम गुप्ता मंडल प्रभारी महिला सपना जिला प्रभारी शारदा देवी बदायूं जिला संगठन मंत्री महिला रामगुनी पाल पीलीभीत ब्लाक महासचिव महिला ललौरीखेड़ा रेशमावती तहसील उपाध्यक्ष महिला आशा वर्मा अमरिया नगर सचिव महिला आशा श्रीवास्तव पीलीभीत तहसील अध्यक्ष महिला कलविंदर कौर अमरिया ब्लॉक अध्यक्ष महिला बिंदर कौर अमरिया राममूर्ति लाल यादव सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता में मैजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट दिनेश यादव ने किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समता प्रतियोगिता का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि और निर्णायक के रूप में मुनीश कुमार प्रांत शारीरिक प्रमुख, भद्रपाल सहविभाग कार्यवाह, धर्मपाल प्रांत योग प्रमुख, जिला प्रचारक गोविंद बिहारी, महेंद्र पाल रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्णायक मंडल एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों में सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर, सरस्वती विद्या मंदिर मझोला, संतराम सरस्वती शिशु मंदिर पीलीभीत, आर एस आर डी पूरनपुर, सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर, सरस्वती विद्या मंदिर बिलसंडा, चिरौंजीलाल सरस्वती विद्या मंदिर पीलीभीत, सरस्वती शिशु मंदिर बीसलपुर, अंगूरी देवी बालिका विद्यालय पीलीभीत, बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज बीसलपुर सहित 14 विद्यालयों के 700 छात्र छात्राओं, आचार्य एवं आचार्यों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर प्रथम, आर एस आर डी पूरनपुर द्वितीय, संतराम सरस्वती शिशु मंदिर पीलीभीत तृतीय एवं बालिका वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम, अंगूरी देवी बालिका विद्यालय द्वितीय, बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर में बीसलपुर प्रथम, चिरौंजी लाल सरस्वती विद्या मंदिर पीलीभीत द्वितीय, आर एस आर डी पूरनपुर तृतीय तथा बालिका वर्ग में अंगूरी देवी बालिका विद्यालय प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर द्वितीय एवं बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज बीसलपुर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार आचार्य की टीम में सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर द्वितीय, चिरौंजी लाल वीरेंद्रपाल इंटर कॉलेज पीलीभीत तृतीय स्थान पर रहे तथा शिक्षिकाओं में बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज बीसलपुर प्रथम एवं अंगूरी देवी बालिका गर्ल्स इंटर कॉलेज पीलीभीत द्वितीय स्थान पर रहे। ओवरऑल चौंपियन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बीसलपुर रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ छात्र छात्राओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विद्यालय की प्रबंध समिति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल तथा शील्ड देकर सम्मानित किया। संकुल प्रमुख चंद्रभान शर्मा ने परिणाम घोषित किया एवं मंच का संचालन श्रीधर शर्मा ने किया। इस अवसर पर बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अर्चना चौहान, अंगूरी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर के प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा सहित समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने बिहारीपुर कुंवरखा एवं इमलिया गौशाला का किया औचक निरीक्षण





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील बीसलपुर क्षेत्र अन्तर्गत बिहारीपुर कुंवरखा एवं इमलिया गौशाला गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बिहारीपुर गौशाला में 70 एवं इमलिया गौशाला में 35 गौवंशों को संरक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौ वंशों को नियमित हरा चारा देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए की इमलिया गौशाला में एक और टिन शेड का निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कस्बा पट्टी में गौशाला हेतु भूमि को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशालाओं की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर मौके पर उपस्थित पाए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गन्ना बेचने जा रहे हैं ट्रैक्टर चालक को ट्रक ने मारी टक्कर दो लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । गजरौला**

पीलीभीत के नेशनल हाईवे थाना गजरौला कला क्षेत्र के बिनौर गढ़ा जंगल के पास हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने गन्ना भरे ट्रैक्टर चालक को टक्कर मार दी ट्रैक्टर चालक दो भाई गंभीर रूप से घायल। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। बताया जा रहा है ट्रैक्टर चालक सुनील कुमार भाई अनिल

कुमार पुत्र लालाराम निवासी बांग्ला थाना माधौटाडा से पीलीभीत के लिए गन्ना बेचने जा रहे थे गड़ा जंगल के पास पहुंचते ही पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए ट्रैक्टर चालक सहित दो लोग हो गए।

# किसानों की उन्नति से ही होगी देश की प्रगति- गिरीश चन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन किया गया। शनिवार को चौथे दिन समापन समारोह में उ0प्र0 मीलेट्स पुनरोद्धार योजना के तहत मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि हमारे देश की संस्कृति एवं किसान हमारे राष्ट्र की आत्मा है, आज भी देश की एक बहुत बड़ी आवादी कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों पर निर्भर है,इसलिए देश के सम्पूर्ण विकास के लिए किसानों की आमदनी बढ़ाना जरूरी है किसानों की समृद्धि के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है, किसानों को वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करने के लिए किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी लगाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है ताकि किसान कम लागत में अधिक लाभ ले सके, उन्होंने कहा कि किसानों की उन्नति से ही देश की प्रगति सम्भव है। श्री अन्न (मिलेट्स) रेसिपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर कहा कि कभी गरीबों का अन्न कहा जाने वाला मीलेट्स आज उसकी उपयोगिता एवं गुणों से आहार विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक इतने प्रभावित है कि अब इन्हें सुपर फुड्स की संज्ञा दे रहे है उन्होने कहा कि हमारे पूर्वजों की सेहत के राज यही मोटे अनाज हुआ करते थे किंतु हरित क्रांति के बाद बाजारीकरण होने पर एक पहल धान, गेहूँ पर केंद्रित हो गयी किन्तु अब मिलेट्स के गुणों को देखते हुए सरकार इसे श्री अन्न योजना नाम दिया है। मोटे अनाज जो पोषण का खजाना है उन्हें भोजन में पुनः सम्मलित करने के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि कृषि की आधुनिक तकनीकीयो से खेती करके किसान अपनी समृद्धि कर सकते है, खेती को लाभकारी बनाने के लिए सरकार किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, फसलबीमा, यंत्रीकरण आदि योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहयोग कर रही है, उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि की अगली किस्त पाने के लिए किसान गोल्डेन कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) अनिवार्य कर दिया है किसानों को एक यूनिक नम्बर दिया जा रहा है, जिसके माध्यम से कृषि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ किसान प्राप्त कर कृषि का सतत विकास कर सकते है, उन्होंने किसानो से अपील किया कि गाँवो में शिविर लग रहे है वहां से अथवा अपने नजदीकी सीएससी से हर किसान अपना गोल्डेन कार्ड बनवा ले अन्यथा सम्मान निधि रुक जाएगी। उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मीलेट्स पुनरुद्धार योजना पर विस्तार से जानकारी दिया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कन्नौजिया, डा. सुरेन्द्र प्रताप सोनकर, डा. राजीव सिंह,डा. रत्नाकर पांडेय द्वारा रबी फसलों की बेहतर उत्पादन वाली तकनीकियों एवं श्री अन्न के उत्पादन, मूल्य सम्बर्धन, विपड़न की जानकारी दिया। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने फीता काटकर मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा विभागीय एवं मीलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता के लगे स्टालों का निरीक्षण कर किसानों से श्री अन्न के बारे में जानकारी लिया। रेसिपी प्रतियोगिता के प्रथम विजेता मानवी, अर्शिता, अल्का टीडी पीजी कालेज, द्वितीय विजेता श्वेता मौर्या, तृतीय विजेता एफपीओ की दुर्गा मौर्या, चतुर्थ स्थान के लिए सिमरन को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर तथा शेष दश प्रतिभागियों को सान्त्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी श्रीवास्तव,भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम शशिकेश सिंह,कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेश यादव,एसएमएस डा. शिवानंद मौर्य, गायक दीपक पाठक, अभिषेक मयंक, प्रगतिशील कृषक विनय मिश्र, दुर्गा मौर्या, संध्या सिंह, कमला सिंह,प्रमोद उपाध्याय सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# लौह पुरुष सरदार पटेल जी का पुण्यतिथि शेखूपुर में मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



नेवढ़िया।शेखूपुर में अपना दल (एस) पार्टी के पदाधिकारीगण सरदार पटेल जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर लौह पुरुष सरदार पटेल का पुण्यतिथि मनाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव (महिला मंच) एवं जिला पंचायत सदस्य डा.सुनीता वर्मा रही व विशिष्ठ अतिथि प्रदेश सचिव उदय प्रताप पटेल रहे अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल ने किया संचालन जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर पटेल ने किया सुनीता वर्मा ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे। उन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात में हुआ था।उदय प्रताप पटेल ने कहा पटेल राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार थे सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद 562 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कर देश को एकीकृत किया। उनकी अद्भुत कूटनीति और दृढ़ इच्छाशक्ति ने उन्हें भारत का राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार बना दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा सरदार पटेल 1928 में बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व करके उन्होंने ब्रिटिश सरकार को झुकने पर मजबूर किया। इसी आंदोलन के बाद उन्हें सरदार की उपाधि मिली। चन्द्रशेखर पटेल ने कहा सरदार पटेल की याद में गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थापित की गई है, जो विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

उनकी जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। और सरदार पटेल का जीवन समर्पण, सेवा और साहस का प्रतीक है। उनके आदर्श और देश के प्रति योगदान हमें सदा प्रेरणा देते रहेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुरेश पटेल, सुनील पाल, राहुल पटेल, लल्लन पटेल, रवि गुप्ता, लालजी पटेल, मंगेश यादव, राहुल पटेल, रोहित गुप्ता, कौशिक पटेल संतोष पटेल, संजय पटेल, डा.अरुण पटेल, सुनील पटेल, राहुल पाल, हारून शेख, सिंटू पटेल, शेषनारायण पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित होकर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किये!

# थानाध्यक्ष ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज ब्लाक के सोंधी स्थित कार्यालय सभागार में वार्ड संख्या आठ के जिला पंचायत सदस्यों की होने वाली पुनर्मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गई है। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने रविवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल का भौगोलिक निरीक्षण किया गया। इसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेज दी जाएगी। पुनर्मतगणना की सुरक्षा के लिए कहां कितनी फोर्स लगेगी। यह जिला मुख्यालय से तय होगा। मतगणना के दिन जरूरत पड़ने पर संभावित जगहों पर बैरिकेडिंग की जाएगी।

बता दें कि वर्ष 2021 के जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में वार्ड संख्या आठ से शोले राजभर निर्वाचित घोषित हुए थे। मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए पाराकमाल गांव निवासी प्रत्याशी मौलाना मतिउद्दीन ने न्यायालय में याचिका दाखिल किया था। इस मामले में अपर जिला जज चतुर्थ न्यायालय से निष्पक्ष और पारदर्शिता पूर्ण तरीके से पुनः न्याय पंचायत पाराकमाल के 25 बूथों की मतगणना का आदेश पारित किया है। वार्ड संख्या 8 के प्रत्याशियों की 20 दिसंबर को पुनर्मतगणना होगी। इसकी सूचना सभी 13 प्रत्याशियों को पत्र के माध्यम भेजी जा चुकी है।

# महानिदेशक के द्वारा सम्मानित हुए खण्ड शिक्षा अधिकार



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**सुइथाकला।** सत्र 2023-24में एन ए टी और शैक्षणिक प्रगति को लेकर महानिदेशक बेसिक शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह सम्मानित किए गए। जिसे लेकर एआरपी, प्रधानाध्यापक व शिक्षकों में हर्ष का माहौल देखा गया। शनिवार को उक्त क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों उत्तर प्रदेश शासन तथा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित करने का कार्य किया गया।इसी कड़ी में शिक्षा क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह को महानिदेशक द्वारा अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसकी सूचना मिलते ही शिक्षा क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल छा गया। लोग खण्ड शिक्षा अधिकारी को बधाई देते नजर आए।इस दौरान एआरपी पंकज सिंह, त्रिवेणी प्रसाद विन्द, मनोज सिंह, संजय सिंह और एजाज़ समेत सतीश सिंह, सुधाकर सिंह, रणंजय सिंह, अरविंद यादव,, दुष्यंत मिश्र, देवेन्द्र कुमार सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह समेत अन्य लोगों ने बधाई दी।

# स्वास्थ्य क्लिनिक पर लगाया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

रोटरी क्लब ऑफ़ पीलीभीत ग्रेटर के तत्वाधान मे स्वास्थम क्लिनिक पर लगाया फ्री मेडिकल चेकअप एवं ब्लड टेस्टिंग कैंप, साथ ही निशुल्क औषधि वितरण किया जिसमे लगभग 150 मरीजों का परीक्षण हुआ, कैंप मे ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन की निशुल्क जाँच की गई।

रोटरी क्लब ग्रेटर की पीलीभीत इकाई के सहयोग से स्वास्थम क्लिनिक पर कैंप का आयोजन किया गया जिसमे डॉ पावन कटियार एवं डॉ प्रभाँश कटियार ने रोगियों का परीक्षण किया औषधियों का वितरण किया साथ ही स्वस्थ रहने के टिप्स दिये, इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, सचिव नीरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रिंस अग्रवाल, रो अभिनव गुप्ता, रो विनय गुप्ता, रो संजय बंसल, रो सुमित गुप्ता, रो श्रवण अग्रवाल सहित अनेक क्लब सदस्य उपस्थित रहें।

# बेन हर किड्स वर्ल्ड में समूह गान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

बेन हर किड्स वर्ल्ड में समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस अवसर पर केजी तथा नर्सरी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम बेन हर पब्लिक स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्या रंजीत कौर सैहमी तथा नर्सरी इंचार्ज रीना सक्सेना ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कक्षा केजी के तीन वर्गों में क्रमशः गुलाबी आंखें जो तेरी देखी, वंदे मातरम, ए मेरे वतन के लोगों तथा कक्षा नर्सरी में बच्चों ने बच्चे मन के सच्चे, पापा मेरे पापा, नन्हा मुन्ना राही हूं आदि गीतो से समां बांध दिया। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनम सलमानी ने किया, संस्थापक प्रधानाचार्या रंजीत कौर सैहमी ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा परिणाम भी घोषित किया कक्षा केजी रेड को प्रथम केजी ऑरेंज को द्वितीय तथा केजी पर्पल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा नर्सरी पर्पल को प्रथम नर्सरी रेड को द्वितीय तथा नर्सरी ऑरेंज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के संस्थापक गुरदित सिंह सैहमी ने सभी विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर जमशीदा खान, आयुषी अग्रवाल, सलोनी गंगवार, अंशु सक्सेना, चिंतन झा, उजमा अहमद तथा अनीता शर्मा आदि मौजूद रही।

## दो बदमाशों को गोली लगते ही बोले- सरेंडर

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** गंगानगर पुलिस और दो सप्ताह पूर्व उल्देपुर में डकैती डालने वाले बदमाशों के बीच सिखेड़ा गांव के रजबहे पर मुठभेड़ हो गई। बाइक सवार दो बदमाशों को गोली लगी है। वही, कार सवार पांच बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। गंगानगर थाना क्षेत्र के उल्देपुर गांव में निर्माणधीन कॉलोनी में बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया था। दो गार्डों को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर से लाखों के कॉपर वायर सहित अन्य सामान ले गए थे। पुलिस ने छह-सात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे स्वाट टीम की इंचौली थाना क्षेत्र के सिखेड़ा गांव के रजबहे पर बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। वहीं उसी दौरान कार में सवार उन दोनों बदमाशों के 5 साथी भी पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। टीम ने कार सवार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से दो तमंचे, कॉपर वायर, टूल किट बरामद की है। मुठभेड़ में साजिद उर्फ भूरा पुत्र रियासत निवासी जेवरी और शेर खान पुत्र फकीरा जेवरी थाना कंकरखेड़ा घायल गए। वहीं गिरफ्तार बदमाश नईम पुत्र मुस्तफा निवासी हुमायूं नगर, जाहिद पुत्र जहांगीर निवासी लिसाड़ीगेट, फारुख निवासी मदीना कॉलोनी, सादिक व जुल्फिकार निवासी नरेड़ा शामिल हैं।

# जिले में एक और सड़क घोटाले का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



एक के बाद एक सड़कों का भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। इस बार 8 दिन पहले बनाई गई 7 किलोमीटर लंबी सड़क हाथ से उखड़ने लग गई। इसका वीडियो बनाकर ग्रामीणों ने शिकायत की है। लोक निर्माण विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई। मामला छिबरामऊ क्षेत्र के भाउलपुर और नकटपुर गांव के बीच का है। यहां पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से 8 दिन पहले ही 7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया। ठेकेदार ने मिट्टी के ऊपर ही डामर लगी गिट्टी बिछवा दी। इस कारण हाथ लगाते ही सड़क उखड़ने लग गई। ग्रामीणों ने हाथ और पैर लगाने से सड़क उखड़ने का वीडियो बना लिया जोकि सामने आया है। ग्रामीण रणविजय, रामकिशन, फूल सिंह, रामशरण, रामानंद, सूर्यबली, सहदेव, रामनिवास, फौजी, रोहितास ने आरोप लगाते हुए बताया कि सड़क निर्माण में ठेकेदार ने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया है। ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन जिले के अफसरों ने कोई दिलचस्पी नहीं ली।

### पहले भी घटिया सड़कों के वीडियो आ चुके

जिले में लोक निर्माण विभाग का मामला हो या डूडा का। हर जगह सड़क निर्माण में धांधली की जा रही है। कन्नौज शहर के शेखपुरा मोहल्ला और सिपाही ठाकुर मोहल्ला में सड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। इसी तरह जलालाबाद और गुगरापुर क्षेत्र की कुछ सड़कों का पीडब्ल्यूडी से निर्माण कराया गया। यहां भी जमकर पैसों का बंदरबाट हुआ। वीडियो भी सामने आए और यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण ने सड़कों का निरीक्षण कर जांच कराने के आदेश भी दिए लेकिन बाद में सभी मामले ठंडे बस्ते में पड़ते गए। कुछ सड़कों का निर्माण अभी भी अधूरा पड़ा है।

# 'सरदार पटेल से प्रेरणा लें विद्यार्थी'

जन एक्सप्रेस । कचाटीपुर,कन्नौज



राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह सरदार बल्लभ भाई पटेल से राष्ट्रभक्ति और प्रशासनिक कुशलता की प्रेरणा लें। पढ़ाई के साथ ही समाज और देश के प्रति अपने दायित्व को समझने और उसका निर्वाह करना चाहिए। राज्य सूचना आयुक जनपद कन्नौज कचाटीपुर के सरदार पटेल कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद कर रहे था। उन्होंने कालेज परिसर में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और फिर उप प्रधानमंत्री के रूप में सरदार पटेल के विलक्षण योगदान का उल्लेख किया। कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में देश के किसानों को जोड़ा। स्वतंत्रता के बाद भारत की एकता को कायम रखना सभी रियासतों को जोड़ने को कार्य किया। वह राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार थे।

# उधार नही दिया शराब तो सेल्समैन के सिर पर मारी बोतल






जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

कोतवाली बड्डूपुर अन्तर्गत एक व्यक्ति को शराब उधार न देना सेल्समैन को काफी महंगा पड़ गया। दबंग व्यक्ति ने शराब की बोतल से हमला करके सेल्समैन को गम्भीर रुप से घायल कर दिया। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र के कस्बा रीवा-सीवां में अंग्रेजी शराब की दुकान स्थित है। दुकान पर सेल्समैनी का काम सीतापुर जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के नेपाल पुर गांव निवासी अनूप जायसवाल पुत्र राम चन्द्र जायसवाल सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। रविवार की दोपहर को कस्बा रीवां सीवां के निवासी करन वर्मा शराब की दुकान पर पहुंचा और सेल्समैन से एक शराब की बोतल मांगी। जब सेल्समैन ने कहा कि पहले पैसा दो फिर तुमको शराब देंगे। इसी बात को लेकर विवाद काफी बढ़ गया और करन वर्मा ने शराब के बोतले से ही सेल्समैन पर हमला बोल दिया। हमला करने के बाद करन मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने गम्भीर रुप से घायल सेल्समैन का पहले निजी अस्पताल में इलाज करवाया उसके बाद घायल अवस्था में पीड़ित सेल्समैन कोतवाली बड्डूपुर पहुंचा और घटना की लिखित षिकायत की। कोतवाली प्रभारी ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि शराब न देने को लेकर मारपीट हुई है प्रार्थना पत्र मिला है मेडिकल कराया जा रहा है।

# पांच लाख का फर्जीवाड़ा, मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र में ट्रक खरीदने के बाद भुगतान की आंशिक रकम का चेक दे दिया गया। लेकिन बैंक में चेक लगाने पर पता चला कि खरीदार के खाते में धन ही नही। भुक्तभोगी की तहरीर पर 14 दिसम्बर को आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला ग्राम कोटवासड़क थाना रामसनेही घाट निवासी अमित गुप्ता ने तहरीर में बताया, कि फतेहपुर क्षेत्र के कसियापुर निवासी अमित कुमार ने उसका ट्रक 27 लाख रुपये में खरीदा था। जिसमे 22लाख का भुगतान कर बकाया 5लाख रुपये का चेक दिया था। 2 दिसम्बर 2024 को भुगतान के लिए चेक लगाया तो चेक बाउंस हो गया। अमित का आरोप है कि बकाया मांगने पर अमित कुमार ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस तहरीर पर शनिवार को आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया, मामला चेक बाउंस से सम्बन्धित है जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 43377 वाद निस्तारित


जन एक्सप्रेस । कन्नौज

वादकारियों के चेहरे पर आयी मुस्कान न्यायिक अधिकारियों एवं प्राधिकरण की सचिव के प्रयास से आज आयोजित लोक अदालत में 43,377 वादों का निस्तारण हुआ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, लोकेश वरूण अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, विनोद कुमार जायसवाल प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, शाहिद रजा पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0, अशोक कुमार प्रेमी, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, लवली जायसवाल अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नवीन न्यायालय परिसर में मों सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ कर आयोजन किया गया।

इसी कम में बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम न्यायालय तिर्वा एवं समस्त प्रशानिक कार्यालयों में लोक अदालत का आयोजन हर्षोउल्लास के साथ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदाललत में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम्य न्यायालय तिर्वा द्वारा भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, बार के अध्यक्ष एवं सचिव, बैंक एवं बीमा कम्पनियों के अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण, लीगल एवं डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक, न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में जेल अधीक्षक द्वारा आज नवीन न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बंदियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों जैसे- लैम्प एल0ई0डी0 झालर लाईट, बल्ब, गमले टार्च, झोले, इत्र दान आदि की बिकी हेतु स्टाल लगाया गया। लोक अदालत में आने वाले वादकारियों द्वारा उक्त उत्पादों की खरीददारी भी की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में एम0ए0सी0टी0 न्यायालय में कुल 94 वाद संदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 80 वाद निस्तारित किये गये। परिवार न्यायालय में कुल 156 वाद सन्दर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 109 वाद निस्तारित कर 02 जोडे खुशी-खुशी अपने घर गये।

# खड़ी बस में टक्कर मार ट्रक ने दो को रौंदा, 4 जख्मी भी हुए





जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रात के समय खड़ी बस में ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 2 सवारियों की मौत हो गई जबकि 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

घटना एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 168 पर हुई। दिल्ली से 33 सवारियों को लेकर नेपाल के काठमांडू जाने के लिए बस निकली थी। जिसको नेपाल के सप्लाई जिले के जनकपुर आंचल निवासी पुष्कर थापा चला रहे थे।

रात 12 बजकर 10 मिनट पर जैसे ही बस कन्नौज जिले के तालग्राम थाना क्षेत्र में पहुंची, तभी उससे धुआं उठता दिखाई दिया। इंजन से धुआं निकलता देख ड्राइवर ने बस को साइड में खड़ा कर दिया और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगा कुछ सवारियां भी बस से नीचे उतर कर खड़ी हो गईं।

इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने नीचे खड़ी सवारियों को रौंदते हुए बस में टक्कर मार दी। जिसमे ज्ञानू सुनार (20) निवासी ललितपुर नेपाल और सुभाष बुद्ध ठोकी (32) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि इस हादसे में सागर तामन, प्रेमपुण्य, प्रीतम निवासीगण दरभंगा नेपाल और सनी कुमार निवासी द्वारिका कालोनी दिल्ली घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई।

पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

जबकि घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवा दिया।

बाकी सवारियों को दूसरी बस से भेज दिया गया।

### जनपद में 25 नये डाक्टरों की होगी तैनाती

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

नवचयनित चिकित्सकों के आ जाने से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुगमता होगी। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ0 स्वदेश गुप्ता ने बताया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 13 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कन्नौज में एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। 27 चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों के सापेक्ष 25 चिकित्सा अधिकारियों का चयन किया गया तथा चयनित चिकित्सा अधिकारियों को प्रोविजनल ऑफर लेटर जारी किए गए। इन चयनित चिकित्सा अधिकारियों को जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज एवं सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात किया जाएगा जिससे आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं।

# महत्वपूर्ण आंदोलनों में सरदार पटेल की भागीदारी- संजय राय

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पी थे। उन्होंने 562 से अधिक रियासतों को एकीकृत करके भारत को आकर दिया। उक्त बात रविवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय सरदार पटेल की 74वीं पुण्य तिथि पर कोऑपरेटिव सभागार में आयोजित पद यात्रा कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने आगे कहा वर्तमान भारत का स्वरूप सरदार पटेल की दूरदृष्टि और सशक्त नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में सरदार की भागीदारी की विस्तार से चर्चा की। बताया कि आंदोलन के दौरान सरदार को जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए सरदार पटेल के जनजागरण कार्यक्रमों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। एमएलसी अवनीश सिंह ने कहा कि सरदार जीवित होते तो पंडित जवाहर नेहरू कश्मीर में धारा 370 कभी नहीं लगा पाते। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता जंग बहादुर पटेल ने किया। पद यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। पटेल चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करके सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश महामंत्री ने पटेल प्रतिमा तक पहुंच सुगम करने के लिए सीढ़ियां बनवाने का सुझाव जिला प्रभारी को दिया। इस अवसर पर अजीत प्रताप सिंह, हरगोविंद सिंह, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, नवीन राठौर, रोहित सिंह, संदीप वर्मा, गुड्डू चौहान, बृजेश वर्मा, अरुण वर्मा, अनिल रावत, सर्वेश वर्मा, विनय वर्मा मौजूद रहे।

### बिल्हौर तहसील क्षेत्र के माननिवादा के ग्रामीणों ने रोका डामरीकरण रोड पर घटिया निर्माण कार्य

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में उत्तरीपूरा लगभग 10 सालों बाद हो रहे पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डामरीकरण रोड का मामला एक प्रकाश में आया है जहां माननिवादा गेट से लेकर मदाराराय गांव तक बने डामरीकरण रोड पर केवल ठेकेदार हनीफ के द्वारा लीपा पोती कर दी गई वहीं मान नीवादा गांव के करीब दो दर्जन ग्रामीण व महिलाओं ने डामरीकरण रोड पर सही कार्य ना होने पर कार्य को रुकवा दिया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों द्वारा डामरीकरण रोड पर पुनः दोबारा से निर्माण करने की बात कही गई जिसको लेकर ठेकेदार द्वारा फिर से केवल खानापूर्ति ही की जा रही है ग्रामीणों की माने तो डामरीकरण रोड पड़ते हुए अभी एक हफ्ता ही नहीं बीता है पहले से ही उखड़ने लगी है जहां सरकार एक और डामरीकरण रोड को लेकर गड्ढे व शुद्ध रोड़ों का निर्माण कर रही है वहीं ठेकेदार सरकार को छवि को धूमिल करने पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं पूरे मामले पर जिले से लेकर पीडब्ल्यूडी के विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं।

# भवन निवादा का युवक रजबहे में गिरा, ककवन के समीप पांडु नदी पुल के नीचे मिला शव

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक शव पांडु नदी पुल के नीचे दिखाई पड़ने पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब बाहर निकाल देखा तब शिनाख्त बगल के गांव के ही भवन निवादा के अजय सिंह उर्फ मुन्ना की हुई आनन फानन ने पुलिस में पुलिस ने परिजनों को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों में शव को देखते ही कोहराम मच गया बता दें कि ककवन थाना क्षेत्र के पांडु नदी पुल के नीचे रविवार की सुबह ग्रामीणों के द्वारा एक अज्ञात शव देखा गया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ जब शव को बाहर निकाला तो मौके पर मौजूद लोगों उसकी शिनाख्त कसिगवां ग्राम पंचायत के मजरे भवन निवादा गांव के अजय सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र नवाब सिंह उम्र 43 वर्ष की हुई जानकारी के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी तब परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह से मुन्ना घर से गायब थे अक्सर ही शराब के नशे में रहते थे जबकि परिजनों के द्वारा ही पुलिस को बताया गया कि शनिवार की दोपहर राहगीरों की सूचना उनको प्राप्त हुई थी

कि ककवन कस्बा के आजाद नगर मोहल्ला में रजबहे के पुल पर मुन्ना नशे में लेटा था ऐसे में अनुमान है कि रजबहे में गिरने से ही

उसकी मौत हो गई और शव पानी बहकर

आगे जाकर कानपुर देहात बॉर्डर पर पांडु नदी से मिला है।

# किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नही किया जायेगा- सतीष शर्मा

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



रविवार को नई सड़क स्थित प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष चन्द्र शर्मा के आवास पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएषन उत्तर प्रदेष के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला की अगुवाई में पत्रकारों का प्रतिनिधि मण्डल मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने एक ज्ञापन प्रदेष के राज्यमंत्री को सौंपा और कोतवाली देवा में पत्रकार मुकेष मिश्रा और उनके परिजनों के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमें में न्याय दिलाने की मांग की। प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष शर्मा ने पत्रकारों को आष्वासन दिया कि भाजपा राज में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नही किया जायेगा। पत्रकार देष में चौथे स्तम्भ के रुप में जाना जाता है। अगर कहीं पर भी किसी पत्रकार के विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है व उसको अधिकारी बेवजह परेषान कर रहे हैं तो उन लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। श्री शर्मा ने सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी को फोन करके साफ शब्दो में कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराये और अगर पत्रकार मुकेष मिश्रा और उनके परिजनों के विरुद्ध कोतवाली देवा में फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है तो इन सभी लोगों के साथ न्याय करें। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से अंकित मिश्रा, दीपक सिंह सरल, नीरज शुक्ला, आषीष तिवारी के साथ में ग्राम पंचायत सदस्य महासभा संघ के प्रदेष अध्यक्ष रवि कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# प्रधान ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



कुंवरपुर काशीदीन गांव के ग्राम प्रधान ओमकार सिंह चौहान ने उत्पीड़न के खिलाफ राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग की है। उन्होंने अपने आरोपों में कहा कि गांव के ही एक रिटायर्ड फौजी ने अवैध तरीके से करोड़ों रुपये की संपत्ति जुटाई, जिसमें कई खेतों और मकानों की जमीन हड़पने के आरोप भी हैं। प्रधान ने जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल को पत्र सौंपकर इस मामले की गंभीरता को उजागर किया है।

ग्राम प्रधान का कहना है कि इस रिटायर्ड फौजी ने शराब पिलाकर कई लोगों से फर्जी बैनामे करवा लिए, साथ ही गांव की सरकारी जमीनों पर भी कब्जा किया था हालांकि, शासन के आदेश पर इन कब्जों को खाली करवा लिया गया, जिससे फौजी और उसके साथियों को गहरा आघात पहुंचा। इसके बाद से उन्होंने प्रधान के खिलाफ साजिशें शुरू कर दीं।

प्रधान ओमकार सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान यह रिटायर्ड फौजी उनसे समाजवादी पार्टी को वोट दिलाने का दबाव बना रहा था। वोट नहीं देने पर उन्होंने रंजिश मानते हुए प्रधान के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवा दिए। ओमकार सिंह चौहान ने कहा कि वह लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं और न्याय न मिलने के कारण उन्होंने यह कठोर कदम उठाया है।

प्रधान के मुताबिक, यह मामला न केवल उनके लिए बल्कि पूरे गांव के लिए चिंता का विषय बन चुका है, और वह अब अपने जीवन को लेकर बहुत परेशान हैं।

# उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बस्ती के जिलाध्यक्ष बने ..विष्णु दत्त शुक्ला

जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती। रविवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बस्ती का शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं जनपदीय त्रैवार्षिक अधिवेशन आज कमला देवी इंटर कॉलेज मिश्रौलिया बस्ती में मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी, विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष मे देवी पाटन वीर विक्रम सिंह एवं अशोक कुमार पांडेय जिला अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ गोंडा , मीडिया प्रभारी यशवंत पांडे की गरिमामई मे जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, उपाध्यक्ष ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री ,संयुक्त मंत्री सहित विभिन्न पदों का नामांकन हुआ, जिसमें सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त शुक्ल, जिला मंत्री लालजी पाठक ,जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुद्र प्रताप चौधरी, राजकुमार चौधरी उपाध्यक्ष ,रवि वर्मा उपाध्यक्ष, श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव महिला उपाध्यक्ष,गौरव द्विवेदी संयुक्त मंत्री ,राधेश्याम शुक्ल संयुक्त मंत्री ,अजय कुमार शुक्ला संयुक्त मंत्री , एवं सभाजीत को ऑडिटर सहित सर्वसम्मत से निर्वाचित किया गया।पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को ग्रहण कराया ।कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र एवं मंडल के संयुक्त मंत्री केशराम चौधरी रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश मिश्रा राही ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष उपाध्याय प्रबंधक, मंडल अध्यक्ष बस्ती अयोध्या प्रसाद, मंडल महामंत्री अमरेश बहादुर सिंह, रितेश कुमार गोस्वामी, हरिश्चंद्र चौधरी, सतीश यादव, जितेंद्र पांडे, मोहम्मद असलम,हेमंत कुमार ,संदीप कुमार, प्रेम मिश्र, रवि वर्मा, उमाकांत शुक्ल,सरवर खान ,सभाजीत ,पंकज मिश्रा, कृष्णकांत तिवारी, राजेश सिंह, शारदा प्रसाद चौबे,शैलेंद्र सिंह, हरदीप सिंह, विनोद कुमार सिंह, सुनील कुमार, प्रभु दयाल चौहान, अजय शुक्ल, राम भारत, राधेश्याम मिश्रा, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### बिल्हौर तहसील क्षेत्र में दुबियाना रजबहा में शील्ड सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में उत्तरीपूरा एक ओर जहां सरकार ग्रामीण किसानों को अच्छी सुविधा मुहैया करना चाहती है वहीं एक मामला प्रकाश में आया है जहां पर दुबियाना रजबहा में ठेकेदार के द्वारा मनमानी तरीके से शील्ड सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई लगभग 1 किलोमीटर तक राजवाहा में कहीं भी शील्ड की सफाई नहीं की गई जिसके कारण ग्रामीण किसानों को पर्याप्त मात्रा में दुबियाना रजवहा से पानी नहीं मिल पा रहा है वहीं सिंचाई विभाग के जेई बीपी सिंह ने बताया कि ठेकेदार को जल्द ही सूचित कर ठेकेदार के प्रति कठोर कार्रवाई की जाएगी सैकड़ों किसान ग्रामीण में भारी रोष है मान निवादा, खजुरिया निवादा, बदन निवादा, गड़रियन पुर्वा ,पडराहा, रामबक्स पुर्वा, जरैला पूर्वा, भीकमपुर्वा, डुडवा जमौली आदि गांव के किसान शील्ड सफाई के नाम पर सिर्फ ठेकेदार द्वारा खानापूर्ति को लेकर काफी रोष है। किसान यूनियन के नेता बाबू सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय से मिलकर स्थित से अवगत कराएंगे।



# ‘अगले दो दिन में बांटे जाएंगे विभाग’



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर

महाराष्ट्र में नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव और उसके नतीजे जारी होने के 12 दिन बाद जहां नई सरकार का गठन हुआ था। वहीं करीब 20 दिन बाद राज्य की नई सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार भी किया गया है। इसके लिए राज्य की शीतकालीन राजधानी नागपुर के राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कुल 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इसमें भाजपा के कोटे से 19 विधायक मंत्री बने, जबकि शिवसेना से 11 और एनसीपी से नौ विधायक मंत्री बने। वहीं इस शपथ ग्रहण के बाद महायुति के तीन प्रमुख नेता मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता की, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि- अगले दो दिनों में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया जाएगा।

### विपक्ष को एलओपी का नेता भी नहीं मिला- शिंदे

वहीं डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, स्थिति ऐसी है कि विपक्ष को एलओपी का नेता भी नहीं मिला। जनता ने दिखा दिया है कि वे काम करने वालों के पीछे खड़े हैं। हमने उन्हें विपक्ष को आमंत्रित किया था और मुझे लगा कि वे शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे। जनता ने इन लोगों का बहिष्कार किया है। उन्होंने हमें 2.5 साल तक हल्के में लिया। एकनाथ शिंदे ने आगे कहा, मैं देवेंद्र जी को बधाई देता हूं...मैच नया है, विपक्ष वही है। हमने एक टीम के रूप में काम किया है। देवेंद्र जी और अजीत दादा मेरे साथ हैं। मैंने पहले भी कहा था कि मैं 200 विधायक लेकर आऊंगा, अजीत पवार का आना बोनस है। जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। फैसले गतिशील तरीके से लिए जाएंगे। हमने जो काम किया, उसे सभी ने देखा है। 86 कैबिनेट मीटिंग हुई और 850 फैसले लिए गए। इसके बाद भी हम एक टीम के रूप में काम करेंगे।

### विपक्ष को कभी नजरअंदाज नहीं करेंगे- अजित

इस दौरान डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, %विपक्ष ने इसका बहिष्कार किया है, ऐसा कई सालों से होता आ रहा है। 23 तारीख को महायुति सरकार आई और आज कैबिनेट ने शपथ ली। आज अंतिम रूप ले लिया गया और आने वाले दिनों में काम शुरू हो जाएगा। हम उन्हें (विपक्ष को) कभी नजरअंदाज नहीं करेंगे क्योंकि उनकी संख्या कम है। जबकि अजित पवार ने पार्टी के कुछ नेताओं को मंत्री न बनाए जाने को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि- सभी को जरूर मौका मिलेगा।

### विपक्ष के ईवीएम अलाप पर बोले एकनाथ शिंदे

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने विपक्ष के ईवीएम वाले राग पर कहा कि, ईवीएम को लेकर एक पत्र दिया गया है। कर्नाटक, झारखंड और इन जगहों पर जीतने के बाद वे कहते हैं कि ईवीएम अच्छी है और हार गए तो चुनाव आयोग को दोष देते हैं। हमें जो दिया गया है, हम उसका पालन-पोषण करेंगे। वहीं कुछ नेताओं की नाराजगी को लेकर किए गए सवाल पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि, सभी मंत्रियों को ढाई साल मिलेंगे।

### कैबिनेट विस्तार में जिन विधायकों का नहीं आया नाम, उन्हें भी मिलेगा मौका: अजित पवार



**नागपुर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि महायुति गठबंधन सरकार अगले दो से ढाई साल में उन विधायकों को भी मंत्री बनने का मौका देगी, जिनका नाम आज हुए मंत्रिमंडल के विस्तार में नहीं आया है। नागपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, इस सरकार के कार्यकाल के दौरान हम सभी विधायकों को मौका देंगे। उन्होंने कहा कि हर विधायक मंत्री बनना चाहता है और वह इसका हकदार भी है। लेकिन मंत्री पद की संख्या सीमित होता है। आज हुए महायुति सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 39 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई, जिससे मंत्रिमंडल का आकार 42 हो गया है। इस मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के 19 विधायकों को मंत्री बनाया गया। जबकि शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट को 11 और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा को नौ मंत्री पद मिले। मंत्रिमंडल में शामिल न होने वाले प्रमुख नेताओं में राकांपा के छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल और भाजपा के सुधीर मुगंटीवार का नाम शामिल है। अजित पवार ने कहा कि मंत्री पद की संख्या सीमित होती है। लेकिन सरकार के पांच साल के कार्यकाल में अन्य विधायकों को भी मंत्री बनने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, हमने फैसला लिया है कि सरकरा के इस पांच साल के कार्यकाल में हम बाकी विधायकों को भी ढाई साल के भीतर मंत्री बनने का अवसर देंगे, ताकि हर क्षेत्र और जिले को प्रतिनिधित्व मिल सके। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठभंधन 288 में से 220 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की। भाजपा ने 132 सीटें जीतीं, जबकि शिंदे की शिवसेना को 57 और राकांपा को 41 सीटें मिलीं। अब महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से नागपुर में शुरू होगा, जहां राज्य सरकार विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेगी।

# नोएडा के पूर्व ओएसडी रविन्द्र सिंह यादव के नोएडा-इटावा आवास पर विजलेंस का छापा

- आय से अधिक मामले में पड़ा छापा, करोड़ों की संपति सहित लाखों के आभूषण के चला पता

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



आय से अधिक संपत्ति के मामले में नोएडा विकास प्राधिकरण के निलंबित विशेष कार्याधिकारी रविंद्र सिंह यादव के इटावा और नोएडा स्थित आवास पर सतर्कता अधिष्ठान द्वारा जांच के लिए छापेमारी किया है। जांच के लिए मेरठ सेक्टर द्वारा कार्यवाही किया गया है।

विजिलेंस टीम ने जांच के उपरांत सेक्टर 47, नोएडा स्थित तीन मंजिला मकान की कीमत 16 करोड़, आंतरिक साज सज्जा और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं की बाजारी कीमत लगभग 37 लाख तथा आरोपी समेत परिजनों के पास बहुमूल्य आभूषणों की कुल कीमत लगभग 62 लाख 44 हजार के साथ 2 लाख 47 हजार नगद मौजूद मिला। 12 घंटे चले लंबे जांच के दौरान विजिलेंस टीम जो जनपद इटावा के तहसील जसवंत नगर के ग्राम मलाजनी स्थित अरिसटोटल वर्ल्ड स्कूल का भी पता चला जिसके भूमि और इमारत सहित कुल कीमत अनुमानित 15 करोड़ बताई है। जबकि इसमें अत्याधुनिक शिक्षण व्यवस्था के लिए लगाए गए उपकरणों की कीमत लगभग 2 करोड़ आंकी गई है। विदित हो कि उक्त स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष रविंद सिंह यादव के पुत्र निखिल यादव हैं।

विभागीय जांच की कार्यवाही को माने तो 2007 में रविन्द्र सिंह यादव नोएडा विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी पद पर रहते हुए आई.सी.एम.आर. को आवंटित 9712 वर्ग मीटर सरकारी भूखंड एक प्राइवेट ग्रुप हाउसिंग सोसायटी आई.सी.पी.ओ.- आई. सी. एम. आर. सी.जी.एच.एस. को नियम विरुद्ध अंतरण किया गया ,जिसकी जांच तत्समय सीबीआई द्वाराकी गई थी तथा जो वर्तमान में सतर्कता अधिष्ठान द्वारा की जा रही है। 18 सदस्यीय दो टीमों द्वारा दोनों स्थानों पर कार्यवाही किया गया ।

# जयपुर के एक कोचिंग सेंटर में गैस रिसाव 12 से अधिक छात्रों की बिगड़ी तबीयत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

जयपुर के गोपालपुर स्थित एक कोचिंग सेंटर में रविवार शाम दुर्गंध से भरी गैस रिसाव के बाद 12 से अधिक छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान पांच छात्राओं और दो छात्रों को पास के अस्पताल और दो अन्य छात्रों को मेट्रो मास अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी छात्रों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। रविवार शाम करीब 6:45 बजे कोचिंग सेंटर में पढ़ाई के दौरान अचानक एक अजीब बदबू फैल गई। बदबू इतनी तेज थी कि छात्रों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। कुछ छात्रों को चक्कर आने लगे। कोचिंग क्लास में खिड़कियां बंद होने की वजह से स्थिति और गंभीर हो गई। कोचिंग प्रबंधन ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर प्रभावित छात्रों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर इलाज मिलने से किसी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

### पुलिस जांच जारी

महेश नगर थानाधिकारी कविता शर्मा ने बताया कि कोचिंग सेंटर की इमारत में गैस पाइपलाइन या शॉर्ट सर्किट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि दुर्गंध का स्रोत क्या था। पुलिस और प्रशासन ने घटना के बाद कोचिंग सेंटर का निरीक्षण शुरू कर दिया है। साथ ही, छात्रों और उनके परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया है।

### छात्रों बोले

प्रारंभिक पूछताछ में छात्रों ने बताया कि पढ़ाई के दौरान अचानक दुर्गंध आई, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और वे बेहोश हो गए।

# आबकारी विभाग हुआ मेहरबान, 1 घंटे ज्यादा खुलेगी दुकानें

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग नए वर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीने वालों पर मेहरबान हो गया है। विभाग ने 24, 25 और 31 दिसम्बर को शराब की फुटकर दुकानें रात 10 की जगह रात 11 बजे तक खोलने की सहमति दे दिया है। प्रदेश का आबकारी विभाग शराब खपत को लेकर नित नए प्रयोग कर रहा है । जिसका उसे भरपूर लाभ भी मिल रहा है। लेकिन शराब दुकानों की टाइमिंग बढ़ाने से किसका फायदा होगा यह समझ से परे है। नए वर्ष की खुमारी हो या क्रिसमश की धूम सरकार अपने राजस्व भुनाने के कोई अवसर नहीं छोड़ती है। जिसके क्रम आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह का यह फरमान चर्चा का विषय बना है।

# किसान आंदोलन 2.0: डल्लेवाल की दो टूक, बोले सिर्फ एक ही तरीके से खत्म होगा आमरण अनशन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पंजाब



**पटियाला।** फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत कई मांगों को लेकर पिछले 20 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिलने रविवार को पंजाब के डीजीपी गौरव यादव, केंद्र से डायरेक्टर होम अफेयर्स मयंक मिश्रा, पटियाला रेंज के डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू, पटियाला के एसएसपी डॉ. नानक सिंह समेत अन्य अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंचे। डल्लेवाल से मुलाकात के बाद अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। डीजीपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र व पंजाब के अधिकारियों ने डल्लेवाल से अपील की कि वे अनशन खत्म करें। उनकी जान बेशकीमती है। डीजीपी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के मुताबिक डल्लेवाल को इमरजेंसी चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के लिए मेडिकल उपकरणों से लैस एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है। वहीं मयंक मिश्रा ने कहा कि किसानों की मांगों को सुना गया है। उम्मीद है कि बातचीत के जरिये इनका हल निकल सकेगा। इस दिशा में पंजाब सरकार की तरफ से भी पूरी कोशिश की जा रही है। फिलहाल केंद्र से किसी तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है। अधिकारियों और डल्लेवाल की मुलाकात के संबंध में किसान नेता अभिमन्यू कोहाड़ ने बताया कि डल्लेवाल ने अनशन खत्म करने के लिए इनकार कर दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी चिंता करने के बजाय बातचीत करके किसानों की मांगों को हल करवाएं। सिर्फ यही तरीका है उनका आमरण अनशन खत्म करवाने का। रविवार को पटियाला से सांसद डा. धर्मवीर गांधी और महिला पहलवान व कांग्रेस की विधायक विनेश फोगाट भी खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल से मिलने पहुंचे। उन्होंने भी केंद्र सरकार से किसानों की मांगों को जल्द हल करने की मांग की।

### किसान जत्थेबंदियां एक होकर लड़तीं तो बात कुछ और होती: चढूनी

किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी भी रविवार को डल्लेवाल का हाल जानने खनौरी बॉर्डर पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर इस आंदोलन की शुरुआत से ही किसान जत्थेबंदियां एक होकर लड़ती, तो आज बात कुछ और होती। जरूरत है कि सभी जत्थेबंदियों के एक मंच पर इकट्ठा होने की। फिलहाल आंदोलन केवल पंजाब में हो रहा है, इसलिए भी केंद्र सरकार इसे हल्के में ले रही है। चढूनी ने कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं और इन्हें बातचीत के जरिये जल्द हल किया जाना चाहिए।

### आज देश भर में किसान निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

सोमवार को किसानों की ओर से पंजाब को छोड़कर देश के अन्य राज्यों में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। इसके बाद डल्लेवाल की ओर से राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी की कापियां भी जिला अधिकारियों को सौंपी जाएंगी। बुधवार को सिर्फ पंजाब में दोपहर 12 से तीन बजे तक ट्रेनें रोकी जाएंगी।

# तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए श्रीलंकाई राष्ट्रपति दिसानायके, आज पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके रविवार तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। सितंबर में राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद उनका यह पहला विदेश दौरा है। दिसानायके कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे, जिसमें व्यापार, निवेश, उर्जा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री एल. मुरुगन ने दिल्ली के हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति दिसानायके का स्वागत किया। विदश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की यह यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को और मजबूत करने और जनता पर केंद्रित साझेदारी को गति देने का एक अवसर होगी।

# मेरा राजनीतिक करियर गांधी परिवार ने बनाया और बिगाड़ा: मणिशंकर अय्यर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि उनके जीवन की विडंबना यह है कि उनका राजनीतिक करियर गांधी परिवार ने बनाया और बिगाड़ा। मणिशंकर अय्यर ने आगे यह भी कहा कि 10 साल तक उन्हें सोनिया गांधी से आमने-सामने मिलने या राहुल गांधी के साथ कोई भी बातचीत का मौका नहीं मिला, सिवाय एक बार के।

### मैं भाजपा में नहीं जाऊंगा- मणिशंकर अय्यर

जगरनॉट प्रकाशक की तरफ से प्रकाशित अपनी आगामी पुस्तक ए मेवरिक इन पॉलिटिक्स पर बातचीत करते हुए मणिशंकर अय्यर ने कहा कि उनके पास सब कुछ था लेकिन, आखिरकार, वह पार्टी में पूरी तरह से अलग-थलग हो गए थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अभी भी पार्टी के सदस्य हैं और उन्होंने जोर देकर कहा, मैं कभी नहीं बदलूंगा।

### मेरे पास राजनीति में संरक्षण के अलावा कुछ नहीं था

वहीं गांधी परिवार से संरक्षण के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा, यदि आप एक व्यक्ति के रूप में राजनीति में सफल होना चाहते हैं, तो आपके पास एक बहुत मजबूत आधार होना चाहिए। या तो आपके पास एक निर्वाचन क्षेत्र हो जहां आप पराजित न हुए हों या आप अपराजित न हों, या आपके पास एक जातिगत आधार हो या आपके पास एक धार्मिक आधार हो। मेरे पास इनमें से कुछ भी नहीं था। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास केवल संरक्षण था। मुझे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का समर्थन प्राप्त था। फिर मुझे सोनिया गांधी का समर्थन प्राप्त था। लेकिन राजनीति में रहने का यह बहुत ही अनिश्चित आधार है। इसलिए जब 2010 में सोनिया गांधी मुझसे नाराज हुईं, तो वह संरक्षण वापस ले लिया गया। और फिर भी पूरी तरह से वापस नहीं लिया गया। मणिशंकर अय्यर ने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर, उनके लिए उनका कुछ स्नेह बना हुआ था।

### ‘आज मैं पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया हूं’

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसलिए यह बहुत धीमी गिरावट थी। लेकिन यह गिरावट करीब 15 साल की अवधि में हुई... और फिर, जब राहुल गांधी आए, तो मुझे लगा कि यह ऊपर जाएगा। क्योंकि उन्होंने मुझसे कहा कि जहां वे मुझसे 75 प्रतिशत सहमत थे, वहीं उन्होंने कहा अब मैं आपसे 100 प्रतिशत सहमत हूं। और फिर उन्होंने अपनी मां से मुझे कांग्रेस में एकमात्र पद से हटाने के लिए कहकर यह साबित कर दिया कि वे मुझसे 100 प्रतिशत सहमत हैं, जो कि राजीव गांधी के नाम पर पार्टी के पंचायती राज संगठन का राष्ट्रीय संयोजक था। और फिर मुझसे मिलने से इनकार कर दिया, या ज्यादातर समय मुझसे मिलने से इनकार कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि आज मैं पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया हूं। मणिशंकर अय्यर ने कहा कि जिस परिवार ने उन्हें अवसर दिया, उसी ने उनसे वह अवसर छीन लिया। उन्होंने कहा, इसका कारण यह है कि मेरे पास सब कुछ है। मैं सत्ता पक्ष में संसद सदस्य रहा हूं। मैं विपक्ष में भी संसद सदस्य रहा हूं। मैं मंत्री रहा हूं। मैं मंत्रालय से बाहर रहा हूं और अभी भी सांसद हूं। इसलिए मेरे पास सब कुछ है। लेकिन आखिरकार, मैं पार्टी में पूरी तरह से अलग-थलग हूं।

### मेरे जीवन की अजीब विडंबना- मणिशंकर अय्यर

वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल तक उन्हें सोनिया गांधी से आमने-सामने की मुलाकात या राहुल गांधी के साथ कोई सार्थक बातचीत करने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, मैंने प्रियंका के साथ दो मौकों को छोड़कर कभी बात नहीं की। और वह मुझसे फोन पर बात करती हैं, इसलिए मैं उनके संपर्क में हूं। इसलिए मेरे जीवन की विडंबना यह है कि मेरा राजनीतिक करियर गांधी परिवार की तरफ से बनाया गया और गांधी परिवार की तरफ से ही बर्बाद किया गया।

# हमारी विदेश नीति में आर्थिक कूटनीति पर ज्यादा जोर, चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार: जयशंकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि आज भारत एक ऐसा देश बन गया है, जिससे दुनिया को बड़ी उम्मीदे हैं और जिसके पास ज्यादा जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य में एक ऐसे देश के रूप में देखा जाएगा, जो दुनिया की समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देता है। यह भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका को दर्शाता है। जयशंकर ने कहा कि भारत से उम्मीद की जाएगी कि वह दुनिया की समस्याओं का समाधान निकालने में मदद करे, खासकर हमारे पड़ोसी देशों में। विदेश मंत्री ने कहा, हम जिन भी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान साझा प्रयासों और फैसलों से होगा। दुनिया बदल रही है। नए विचार आ रहे हैं और भारत को इन बदलावों का हिस्सा बनना होगा। हमें अपनी विदेश नीति को बड़ी सोच और दीर्घकालिक दृष्टि और समझदारी के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव केवल विदेश नीति से नहीं जुड़ा है, बल्कि यह भारत के विकास के लिए एक बड़ा अवसर भी है। उन्होंने कहा, आज हम जो आपूर्ति श्रृखलाओं में बदलाव देख रहे हैं, वह भारत में विनिर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं और तकनीकी विकास के लिए भी प्रेरक का काम कर रहे हैं। डिजिटल युग में विदेश नीति के लिए भी नए दृष्टिकोण की जरूरत है, क्योंकि यह युग विनिर्माण के युग से पूरी तरह अलग है। डिजिटल उत्पाद केवल उत्पाद नहीं रह गए, बल्कि वे अब डाटा के स्रोत बन गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि विदेश नीति एक ऐसा मिश्रण है, जिसमें पुरानी और नई दोनों चुनौतियां शामिल हैं। उन्होंने कहा, हमने कई पुराने मुद्दों का सामना किया है, जिनमें से कई अब भी मौजूद हैं। हमारी सीमा सुरक्षा भी एक गंभीर मुद्दा है और हम अभी भी आतंकवाद के गंभीर रूप से लड़ रहे हैं। इसके साथ ही हमें आज की जरूरतों के अनुसार विदेश नीति को राष्ट्रीय विकास के लिए क्रियान्वित करना पड़ा है।

### मॉल्डोवा के दूतावास का उद्घाटन

नई दिल्ली में मॉल्डोवा के दूतावास के उद्घाटन समारोह में जयशंकर ने कहा, हम मानते हैं कि इस दूतावास की स्थापना से हमारे संबंधों का नया अध्याय शुरू होगा। इसके शुभारंभ के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम एक ऐसी दुनिया बनाएंगे जहां साझा मूल्य और विचार हों। इस दूतावास को मित्रता का प्रतीक बनाया जाएगा। मैं उम्मीद करता हूं कि निकट भविष्य में मॉल्डोवा में भी एक भारतीय दूतावास होगा।

# गुजरात: लोको पायलटों की सतर्कता से बचे रेलवे ट्रैक पर घूम रहे आठ शेर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भावनगर

एक मालगाड़ी और यात्री ट्रेन के लोगो पायलटों ने पिछले दो दिनों में गुजरात के भावनगर में समय पर ब्रेक लगाकर रेलवे पटरियों पर घूम रहे आठ शेरों की जान बचाई। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के भावनगर डिवीजन के लोको पायलटों की सतर्कता और वन विभाग के ट्रैकर्स की मदद से इस साल अबतक 104 शेरों को बचाया गया है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुवार को हापा से पीपावाव बंदरगाह की तरफ जा रही एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने राजुला शहर के पास पांच शेरों को रेलवे ट्रैक पार करते देखा। लोको पायलट ने शेरों को रेलवे ट्रैक पार करने और ट्रेन को रोकने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगाया। विज्ञप्ति में कहा गया कि वन रक्षक के मौके पर पहुंचने और सभी स्थितियां सामान्य पाए जाने के बाद ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। इसी तरह शुक्रवार को एक यात्री ट्रेन के लोको पायलट ने चलाला-धारी सेक्शन में एक शेर और उसके दो बच्चों को ट्रैक पार करते हुए देख इमर्जेंसी ब्रेक लगाई। जानकारी मिलने पर वन रक्षक मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि शेर रेलवे ट्रैक पार कर चुके हैं। स्थितियां सामान्य होने पर ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। पिपावाव बंदरगाह को उत्तरी गुजरात से जोड़ने वाली रेलवे लाइन पर एशियाई शेर या तो गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है। गुजरात हाई कोर्ट ने इस पर चिंता जताई। उन्होंने ऐसी घटनाओं से बचने के लिए अधिकारियों से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) लाने का निर्देश दिया।

# राहुल-प्रियंका में पीएम मोदी के खिलाफ लड़ने की ताकत, कांग्रेस करें गठबंधन का नेतृत्व: पप्पू यादव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पूर्णिया

2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाए। चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों को हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। पप्पू यादव ने कहा कि मेरी इच्छा है कि सीएम नीतीश कुमार भी साथ आएं, लेकिन गठबंधन में किनको शामिल किया जाए, इसे राहुल गांधी खुद तय करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। उक्त बातें रविवार को पूर्णिया के अर्जुन भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सांसद पप्पू यादव ने कही है। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर किसी में लड़ने की ताकत है तो वो राहुल और प्रियंका गांधी हैं। इसलिए बिहार में गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस बिहार में नए साल में 15 जनवरी के बाद से अपने संगठन का विस्तार करने के साथ मजबूत करेगी।

### 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे

पप्पू यादव ने कहा कि आने वाले 2025 का चुनाव गठबंधन के तहत ही होगा। मेरा मानना है कि यदि बिहार को एक मजबूत सरकार देना चाहते हैं तो हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। हरियाणा में आम आदमी और कुछ छोटे पार्टी की जिद के कारण 11 हजार 672 वोट से हम 9 सीट हारे। जबकि हमारी सरकार 6 सीट पर बन रही थी। महाराष्ट्र में भी हम लोग अपनी जिद पर कायम रहे। तेजस्वी यादव की %माई-बहिन मान योजना% को लेकर पप्पू यादव ने कहा कि ये योजना महागठबंधन के तहत झारखंड में चल रही है। यही योजना कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक में चल ही रही है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को लोकसभा में उठाते रहे हैं, वही मुद्दा मेरा भी है। हमारी सरकार बनेगी तो हम प्राइवेट नौकरी में आरक्षण का प्रावधान करेंगे। सभी तरह की ठेकेदारी में 40 फीसदी बेरोजगार यूथ के लिए 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**